फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 352 प्रभात जयपुर, गुरुवार 24 जुलाई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Gaza, 'Smaller' Wars Are Reshaping The World**

Remnants of ISIS also persist in Kurdish-held areas along the Syria-Turkey border, and the risk of its resurgence remains real

**Talipot is in Bloom**

**NISAR Scheduled For 30th**

NASA-ISRO's NISAR Satellite Set for Launch: A Landmark Mission in Earth Observation

# मोदी जी पर कई क्षेत्रों से कई तरह के दबाव हैं उपराष्ट्रपति के चयन को लेकर

## आश्चर्य नहीं होगा, अगर इन दबावों के कारण, उपराष्ट्रपति का चुनाव फिलहाल कुछ समय तक टलता रहे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जुलाई। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के पद छोड़ने से भाजपा और उसके सहयोगियों (नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू), भाजपा और आक्रामक और मुखर आरएसएस, और भाजपा व विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी, के बीच खींचतान और तनाव बढ़ेगा।

2022 में जब धनखड़ उप-राष्ट्रपति चुने गए थे, तब भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत था और उसे सहयोगियों की ज़रूरत नहीं थी।

लेकिन 2024 के आम चुनावों में भाजपा को सिर्फ 240 सीटें मिलीं और बहुमत के लिए उसे सहयोगियों पर निर्भर होना पड़ा। इसलिए इस बार का उप-राष्ट्रपति चुनाव पूरी तरह अलग तस्वीर पेश करेगा।

चूंकि बिहार विधानसभा चुनाव आने वाले हैं, इसलिए किसी बिहारी नेता को उप-राष्ट्रपति बनाने का दबाव है।

सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार मांगें रख रहे हैं, और चंद्रबाबू भी पीछे नहीं हैं, वे भी अपनी ताकत दिखा रहे हैं।

इस मुद्दे को हवा दी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने, जिन्होंने कहा है कि यह पद किसी तेलुगू भाषी नेता को मिलना चाहिए, क्योंकि तेलुगू देश की दूसरी सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषा है।

उन्होंने पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ भाजपा नेता बंडारू दत्तात्रेय, जो तेलुगू भाषी और ओबीसी हैं, का नाम सबसे उपयुक्त व्यक्ति के रूप में प्रस्तावित किया है।

उन्होंने कहा कि वे इस नाम के समर्थन के लिए अपने पार्टी नेतृत्व से बात करेंगे।

अगर रैवन्त रेड्डी तेलुगू नेता का समर्थन कर रहे हैं, तो क्या चंद्रबाबू नायडू पीछे रहेंगे?

लेकिन भाजपा के लिए सबसे बड़ी समस्या आरएसएस की ओर से आयेगी।

आरएसएस चाहता है कि उसकी पसंद का व्यक्ति उप-राष्ट्रपति बने, और यह व्यक्ति मोदी की "यस-मैन" वाली संस्कृति से बिल्कुल मेल न खाता हो, जबकि प्रधानमंत्री ऐसे लोगों को पसंद करते हैं, जो न बहस करें, और न किसी निर्देश पर सवाल उठाएं।

सूत्रों का कहना है कि आरएसएस इस बार दबाव डालने के लिए पूरी ताकत लगाएगा, क्योंकि मोहन भागवत इस मामले में समझौते के मूड में नहीं हैं, जैसे कि वे अगला भाजपा अध्यक्ष चुनने को लेकर अडिग हैं।

कांग्रेस भी इस बार एक संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार लाने पर गम्भीरता से विचार कर रही है।

कांग्रेस का कहना है कि अगर भाजपा आम सहमति बनाने की कोशिश करती है, तो वह बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन मोदी का अब तक का रिकॉर्ड दिखाता है कि वे न तो सर्वसम्मति में विश्वास रखते हैं और न ही विपक्ष को कोई पद देना चाहते हैं।

लोकसभा का उपाध्यक्ष पद, जो परंपरागत रूप से विपक्ष को दिया जाता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **पहला दबाव तो आरएसएस की तरफ से है, संघ अपना नज़दीकी व विश्वासी व्यक्ति चाहता है इस पद पर, और मोहन भागवत किसी भी तरह का समझौता करने के मूड में नहीं हैं, जैसे कि वे पार्टी अध्यक्ष पद पर अपना आदमी चाहते हैं और इस मुद्दे पर आगे किसी तरह की बातचीत के मूड में नहीं हैं।**
- **दूसरी ओर, पिछली लोकसभा (2024) में भाजपा की केवल 240 सीटें आईं और भाजपा अपने सहयोगी दलों, जेडीयू (बिहार) और तेलुगू देशम (आंध्र) पर निर्भर हो गई, अब दोनों सहयोगी दल, भाजपा पर भारी दबाव बनाये हुए हैं कि उपराष्ट्रपति उनका आदमी होना चाहिए।**
- **कांग्रेस भी इंडिया गठबंधन के घटकों से पूरे सम्पर्क में है, कि वे अपना संयुक्त उम्मीदवार उतारें, मोदी के उम्मीदवार के सामने, उपराष्ट्रपति पद के लिए। पिछली बार 2022 में भी कांग्रेस ने अपनी वरिष्ठ नेता मारग्रेट अल्वा को उतारा था, धनखड़ के सामने। पर, उस समय भाजपा का पूर्ण बहुमत था लोकसभा में। अतः मारग्रेट अल्वा हारी थीं।**

## ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 28 को व राज्यसभा में 29 को चर्चा

नई दिल्ली, 23 जुलाई। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी।

पिछले 3 दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है। तीन दिनों में दोनों सदनों में लगातार एक-आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डॉनल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं।

ट्रम्प ने 25 बार बोला कि उन्होंने सीज़फायर कराया। वो कौन होते हैं बोलने वाले, ये उनका काम नहीं है, लेकिन पीएम मोदी ने इस पर एक जवाब नहीं दिया। ऐसा लगता है दाल में कुछ काला है।

इससे पहले लोकसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले झंडे लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा- आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है।**

# मोदी ने मानसून सत्र का क्यों इंतज़ार किया धनखड़ को हटाने के लिए

## राजनैतिक गलियारों में इस सवाल को लेकर कई चर्चाएं चल रही हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जुलाई। मानसून सत्र के पहले ही दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अचानक इस्तीफा देना सभी को चौंका गया, लेकिन सूत्रों के अनुसार, उन्हें हटाये जाने की योजना महीनों से बन रही थी। प्रधानमंत्री मोदी, जो राजनीतिक समय निर्धारण के लिए जाने जाते हैं, ने सभी राजनीतिक, संस्थागत और रणनीतिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, इस मानसून सत्र की शुरुआत को अपनी योजना की क्रियान्विति के लिये उपयुक्त समझा।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, धनखड़ और मोदी कैबिनेट के प्रमुख सदस्यों के बीच गंभीर मतभेद उभर आए थे। संसद की कार्यवाही में उनका बढ़ता हुआ स्वतंत्र रवैया, और पूर्व नौकरशाह व विपक्ष समर्थित राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा जैसे लोगों के साथ बढ़ती नजदीकी ने सत्ता के शीर्ष स्तर पर चिंता बढ़ा दी थी।

हालांकि धनखड़ ने कभी खुलकर सरकार की नीति का विरोध नहीं किया, लेकिन राज्यसभा के सभापति के तौर पर उनका तौर-तरीका कई बार सत्तारूढ़ पार्टी की आक्रामक रणनीति से मेल नहीं खाता था।

इसके बावजूद, सरकार ने जल्दबाज़ी में कोई कदम नहीं उठाया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मोदी की खास टीम को सत्यपाल मलिक प्रकरण की पुनरावृत्ति का डर था। मलिक, जो जम्मू-कश्मीर और बाद में मेघालय के राज्यपाल रहे, पद छोड़ने के बाद सरकार के कड़े आलोचक बन गए, खासतौर पर किसान आंदोलन और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर।

लेकिन, गहन आंतरिक आकलन के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर पहुँची कि धनखड़ के पास वह ज़मीनी पकड़ नहीं है, जिससे भाजपा को चुनावी खतरा हो सके। राजस्थान के एक वरिष्ठ राजनीतिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **क्योंकि आंतरिक सूत्रों का कहना है कि धनखड़ से छुटकारा पाने की तैयारी तो कई महीनों से चल रही थी और प्रधानमंत्री मोदी, जो अपनी बुद्धिमत्तापूर्ण राजनैतिक "टाइमिंग" के लिए जाने जाते हैं, ने बहुत सोच समझकर यह समय चुना।**
- **एक वरिष्ठ राजनैतिक विश्लेषक ने कहा, सरकार एक और सत्यपाल मलिक नहीं चाहती थी। दूसरे, पार्टी व सरकार ने गहन छानबीन के बाद यह जान लिया था कि मलिक के विपरीत धनखड़ का कोई जनाधार नहीं है, उनको हटाने का खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।**
- **सत्तारूढ़ पार्टी असल में धनखड़ के दिन प्रतिदिन बढ़ते स्वतंत्र "एटीट्यूड" को लेकर सहज नहीं थी, खासकर राज्यसभा में उनके रवैये से पार्टी में असंतोष बढ़ रहा था।**

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा उपराष्ट्रपति पद की दौड़ में सबसे आगे!

## संभावित उम्मीदवार के रूप में पूर्व सीजेआई डी.वाय. चंद्रचूड़ का नाम भी सामने आया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जुलाई। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद गृह मंत्रालय द्वारा 22 जुलाई को राजपत्र (गजट) अधिसूचना जारी करने के बाद चुनाव आयोग ने बुधवार को नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग ने कहा है कि चुनाव की आधिकारिक घोषणा जल्द ही की जाएगी।

भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश धनंजय वाई. चंद्रचूड़ का नाम संभावित उम्मीदवारों के रूप में सामने आया है, हालांकि वे प्रमुख दावेदार नहीं माने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में उनके आवास पर एक पूजा में भाग लेने को दोनों की निकटता के रूप में देखा जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के वर्तमान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अन्य नामों में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का नाम भी सामने आया है।

हालांकि चंद्रचूड़ का नाम चर्चा में है, लेकिन आम सहमति यह है कि वे प्रमुख दावेदार नहीं हैं, बल्कि एक अटकल के तौर पर देखे जा रहे हैं। वे कई नामों में से एक हैं, लेकिन प्राथमिकता सूची में शीर्ष पर नहीं हैं।

राजनीतिक हलकों में इस समय मनोज सिन्हा को उपराष्ट्रपति पद का सबसे प्रबल संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है।

इस बीच, नए उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण तक अंतरिम व्यवस्था के तहत जनता दल के हरिवंश, जो राज्यसभा के उपसभापति हैं, अस्थायी सभापति की भूमिका निभा रहे हैं।

- **चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव की तैयारी शुरु कर दी है, जल्दी ही अधिकारिक घोषणा की जाएगी।**
- **संभावित उम्मीदवारों के रूप में चर्चित अन्य नामों में जे.पी. नड्डा, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का नाम चर्चा में है।**

## लंदन के दो परिवारों ने गलत शव मिलने की शिकायत की

नई दिल्ली, 23 जुलाई। अहमदाबाद प्लेन क्रैश में अपनो को खोने वाले दो पीड़ित परिवारों ने गलत शव मिलने का दावा किया है। उनका कहना है कि जो शव उन्हें दिए गए, उनकी डीएनए रिपोर्ट परिवार से मेल नहीं खा रही हैं। दोनों ब्रिटिश परिवारों का पक्ष रखने वाले वकील जेम्स हेली का कहना है कि 12 जून को हुए प्लेन क्रैश के बाद 12 शवों को ब्रिटेन भेजा गया था और दो परिवारों को मिले शवों का डीएनए अलग है।

ब्रिटेन के न्यूज पेपर डेली मेल की एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। इसके मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **इन परिवारों के सदस्य अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए थे। इन परिवारों का कहना है कि इन्हें जो शव दिए गए वो उनके परिजनों के नहीं है।**

# जस्टिस वर्मा केस की सुनवाई से पीछे क्यों हटे सीजेआई गवई

## सीजेआई ने याचिका की सुनवाई के लिए विशेष बैंच गठित करने का निर्णय लिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के लिए एक पीठ का गठन करेगा। जस्टिस वर्मा ने तीन न्यायाधीशों की इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट और 8 मई 2025 को भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा उनको पद से हटाए जाने की सिफारिश को चुनौती दी है। यह कार्रवाई इस वर्ष 14 मार्च को दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर बेहिसाब नकदी मिलने के आरोप से जुड़ी है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने कहा, "हम सिर्फ निर्णय लेंगे और पीठ गठित करेंगे।" मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई, जो न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची के साथ पीठ की अध्यक्षता कर रहे थे, ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल द्वारा तत्काल सुनवाई की मांग के बाद यह बात कही। सिब्बल के साथ मुकुल रोहतगी, राकेश द्विवेदी, सिद्धार्थ लूथरा, सिद्धार्थ अग्रवाल और जॉर्ज पुथिकोटे सहित कई वरिष्ठ वकील पेश हुए।

मुख्य न्यायाधीश गवई ने यह भी कहा कि उनके लिए इस मामले को लेना उचित नहीं होगा।

न्यायमूर्ति वर्मा की याचिका में जांच समिति की 3 मई की रिपोर्ट और 8 मई को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को न्यायमूर्ति खन्ना द्वारा वर्मा को हटाने के लिए भेजी गई सिफारिश को रद्द करने की मांग की गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ये दोनों कदम असंवैधानिक हैं और प्राकृतिक न्याय, उचित प्रक्रिया और शक्तियों के पृथक्करण (सैपरेशन ऑफ पावर्स) के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं।

याचिका के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1999 में अपनाई गई इन-हाउस प्रणाली का उद्देश्य आंतरिक नैतिक निगरानी था, न कि हटाने की प्रक्रिया शुरू करना। न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया है कि इस प्रोटोकॉल को उसकी वैध सीमा से आगे बढ़ाया गया है, जिससे एक अतिरिक्त-संवैधानिक रास्ता बना है, जो संविधान के अनुच्छेद 124(4), 217 और 218 तथा न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 में निर्धारित सुरक्षा उपायों को दरकिनार करता है।

न्यायमूर्ति वर्मा ने याचिका में लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट या भारत के मुख्य न्यायाधीश हाई कोर्ट के न्यायाधीशों पर अनुशासनात्मक नियंत्रण नहीं रखते, और आंतरिक प्रशासनिक तंत्र (एडमिनिस्ट्रेटिव मैकेनिज़्म), न्यायिक कार्यकाल और स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी को रद्द नहीं कर सकते।

- **सीजेआई गवई ने कहा, मैं पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना के साथ इस मामले में हुई चर्चा का हिस्सा था, इसलिए मेरे लिए याचिका की सुनवाई करना उचित नहीं होगा।**
- **जस्टिस वर्मा की याचिका में इन हाउस जाँच कमेटी की रिपोर्ट को और पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना द्वारा राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को उन्हें हटाने के लिए भेजी गई अनुशंसा को चुनौती दी गई है।**
- **जस्टिस वर्मा की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने मामले की त्वरित सुनवाई की माँग की। जस्टिस वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, राकेश द्विवेदी, सिद्धार्थ लूथरा आदि सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित हुए।**

## अहमदाबाद में एक और विमान हादसा होते होते बचा

नई दिल्ली, 23 जुलाई। अहमदाबाद एक और विमान हादसे का साक्षी बनने से बाल-बाल बच गया। एयरपोर्ट दीव के लिए टेकऑफ करने जा रही इंडिगो की फ्लाइट के इंजन में अचानक आग लग गई। प्लेन में कुल 60 यात्री सवार थे। आग लगने की जानकारी मिलते ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल दी और प्लेन को टेकऑफ करने से रोक दिया गया।

इसके बाद यात्रियों को प्लेन से सुरक्षित उतार लिया गया और फ्लाइट रद्द कर दी गई। हालांकि इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि फ्लाइट में तकनीकी गड़बड़ी का पता चलने के बाद फ्लाइट रद्द की गई। यह फ्लाइट एटीआर 76 थी, जिसे सुबह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **दीव के लिए टेकऑफ कर रही इंडिगो की फ्लाइट के इंजन में आग लग गई, आग लगने की जानकारी मिलते ही पायलट ने कॉल कर जानकारी दी और फिर फ्लाइट रद्द कर दी गई।**

# मंगलवार देर रात को अमेरिका ने "ट्रेड डील" फाइनल की जापान के साथ

## अब भारत पर दबाव बढ़ गया है, अमेरिका से टैरिफ संबंधी समझौता फाइनल करने के लिए

-अंजन रॉय-
-अमेरिका में राष्ट्रदूत के प्रतिनिधि-

नई दिल्ली, 23 जुलाई। संयुक्त राज्य अमेरिका ने मंगलवार रात जापान के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की। बढ़ा-चढ़ाकर बोलने के अपने खास अंदाज़ में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने "जापान के साथ विशाल व्यापार समझौते" की घोषणा की।

एक तरह से, यह समझौता उल्लेखनीय है। जापान हमेशा से अपने कृषि क्षेत्र, विशेष रूप से चावल की खेती को लेकर बहुत रक्षात्मक रहा है। उसने अपने आंतरिक चावल बाज़ार की रक्षा के लिए किसी भी समझौते से इन्कार कर दिया।

लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इस समझौते में जापान ने चावल के आयात के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, जो एक बड़ा कदम है। इसके अलावा, जापान ने अपने ऑटोमोबाइल बाज़ार को भी खोला है। हालांकि जापान एक बड़ा कार बाज़ार है, लेकिन उसने हमेशा बड़ी अमेरिकी कारों के आयात से परहेज़ किया और अपने देश की कारों को प्राथमिकता दी।

वर्तमान व्यापार समझौता ऑटोमोबाइल क्षेत्र को भी कवर करता है और दोनों देश ऑटोमोबाइल और उसके पुर्ज़ों का व्यापार 15 प्रतिशत शुल्क पर करेंगे, जो कि यूरोपीय संघ समेत, अन्य प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर लगने वाले 25 प्रतिशत शुल्क से काफी कम है।

एक और उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि यह समझौता केवल जापानी बाज़ार में आयात तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें निवेश का वह पहलू भी शामिल है, जिसके तहत जापान अमेरिका में 550 बिलियन डॉलर तक का निवेश करेगा। यह सुरक्षित निवेश स्थल के रूप में अमेरिका के प्रति अधिक विश्वास दिलाता है। इस समझौते के साथ, डॉनल्ड ट्रंप की प्रमुख व्यापार साझेदारों पर टैरिफ की धमकी के नतीजे मिलने लगे हैं। जापानी आयातों पर अब 15 प्रतिशत तक का टैरिफ लगेगा, जो कि अब अमेरिका द्वारा सभी आयातों पर लगाए गए 10 प्रतिशत के मूल टैरिफ से अधिक है।

दोनों पक्षों के बीच तीव्र वार्ताओं के बाद जापान व्यापार समझौता हुआ। रिपोर्ट्स के अनुसार, जापानी वार्ताकार बहुत सख्त थे, जैसी कि उनकी छवि रही है। लेकिन उच्च टैरिफ की संभावना ने उन्हें अपना रुख नरम करने को मजबूर किया।

लेकिन इन वार्ताओं में कई परतें और रणनीतियाँ शामिल थीं। कुछ विशेषज्ञों ने यह इंगित किया है कि जापान द्वारा अमेरिका के ट्रेज़री बॉन्ड होल्डिंग्स को भी इन निर्णयों में ध्यान में रखा गया।

ट्रंप द्वारा पहले टैरिफ लगाने के तुरंत बाद ही बाज़ार में घबराहट फैल गई थी, क्योंकि इससे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **जापान के साथ ट्रेड डील में काफी सौदेबाजी हुई दोनों देश के बीच। जापान ने अपनी शर्तों पर अड़ने का भारी प्रयास किया, पर, अंततोगत्वा अमेरिका की ही चली।**
- **उदाहरण के लिए, जापान इस बात पर अडिग था कि वह अपने देश में बाहरी चावल को आयात नहीं होने देगा, क्योंकि, जापान का चावल एक विशेष किस्म का होता है तथा जापान की जनता यह चावल ही खाती है। पर, अंततोगत्वा, जापान को झुकना पड़ा और विदेशी चावल के आयात को इजाज़त देनी ही पड़ी।**
- **इसी प्रकार, जापान, हालांकि विश्व में कारों का संभवतया सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरर है। पर, जापान ने अमेरिका की बड़ी-बड़ी कारों के जापान में आयात को काफी प्रतिबंधित कर रखा था, लेकिन, इस मुद्दे पर भी अंत में सौदेबाजी के बाद जापान को झुकना पड़ा व अमेरिका की कारों के आयात पर से सभी प्रतिबंध हटाये।**

## सुप्रीम कोर्ट का नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक से इनकार

नयी दिल्ली, 23 जुलाई। उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 की काउंसलिंग पर रोक लगाने से बुधवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की पीठ ने मध्य प्रदेश के कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने से पीड़ित नीट-यूजी 2025 परीक्षार्थियों की ओर से दायर दो याचिकाओं पर अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश के अभ्यर्थियों की याचिका खारिज की और कहा इससे हजारों छात्र प्रभावित होंगे।**

## विचार बिन्दु

**इतिहास के तजुर्बों से हम सबक नहीं लेते, इसीलिए इतिहास अपने आप को दोहराता है। –विनोबा**

# क्या है सभी धर्मों के सनातन नियम करने योग्य व वर्जित कर्म --क्यों फसाद धर्म के नाम पर!!!

विभिन्न धर्मों में दया, दान, परहित, मानवता, धर्म-प्रसारण और क्षमा के अलग-अलग नियम किंतु सभी धर्मों में इन्हें सर्वोपरि महत्व दिया हैं। इनके पालन करने के तरीके और प्राथमिकताएं अलग-अलग हो सकती हैं। सभी धर्म मानते है मानव की रचना गोड, ब्रह्मा, अल्लाह, यहोवा, अहुरमाजदा ने की है। सभी धर्मों में अनेक नामों से संबोधित ईश्वर एक है। तो सवाल यह है जब सब कुछ ईश्वर की रचना है तो फिर धर्म के नाम पर इतने फसाद क्यों -- क्या यह भी ईश्वर का आदेश है या मानव के खुराफाती दिमाग का काम है? सभी धर्मों में ईश्वर को अति दयालु बताया तो फिर अल्लाह तो लड़ने का आदेश दे नहीं सकता। आइए जरा देखें कि विभिन्न धर्मों में मानव हित की क्या क्या बातें कही है, क्या करने योग्य है और क्या वर्जित है और क्या है ईश्वर के संबंध में अवधारणाएं ::----

दया : हिंदू धर्म में दया को महत्वपूर्ण स्थान दिया गए। इसे बहु उवाचित वाक्य से समझा सकता की "दया धर्म का मूल है"। हिन्दू धर्म का मूल सिद्धांत है कि हर जीव-जंतु में ईश्वर का प्रतिरूप ही है। बौद्ध धर्म में भी प्राणी मात्र के लिए दया, सहानुभूति, सुख और मित्रता को महत्व है। सर्वजन हिताय का में सिद्धांत हैं। यहूदी धर्म में भी दया, दूसरों के प्रति करुणा, सहानुभूति का बहुत महत्व है किंतु बुरा कर्म करने वाले को क्षमा से पहले पश्चाताप कर सुधरना चाहिए, यह अपेक्षा भी है। इस्लाम में भी दया, 'रहमत' का उतना ही बड़ा स्थान है जितना हिन्दू, बौद्ध धर्म में है। खुदा को सबसे बड़ा दयालु और क्षमाशील माना है और इस्लाम के अनुयायियों से यह अपेक्षा की जाती की दूसरों के प्रति दयालु और क्षमाशील रहे। ईसाई धर्म में भी दया,क्षमा और प्रेम के उपदेश को बड़ा ऊंचा स्थान है।

दान : हिंदू और बौद्ध धर्म में दान का उपदेश है। दान से पुण्य मिलता है, मन शुद्ध होता है। बौद्ध धर्म के अनुसार भी दान से, धीरे-धीरे लालच की प्रवृति में कमी आती है। ईसाई धर्म में भी दान को उच्च महत्व दिया जाता है। किसी व्यक्ति के प्रति उदार होना ईसाई धर्म में महत्वपूर्ण है। इस्लाम में दान को जकात नाम से जाना जाता है। इस्लाम धर्म के पांच प्रमुख सिद्धांतों में जकात है और इस्लाम के हर अनुयाई से यह अपेक्षा की जाती है कि उसे अपनी संपति का एक हिस्सा, जरूरतमंदों की मदद में लगाना चाहिए। यहूदी धर्म में भी गरीबों, जरूरतमंदों को दान देना धार्मिक कर्तव्य माना गया है। पारसी धर्म में भी दान (खुदाई) को अत्यधिक पवित्र कार्य माना जाता है और दान कर अहुर माजदा की कृपा की मनोकामना की जाती है।

परहित: सरस धर्म नहीं भाई, यह हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों में माना गया है। स्व से पहले दूसरों का सुख सोचना, हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण है। बौद्ध धर्म में माना जाता है कि परहित "बोधिसत्व -- उच्चतम ज्ञान" प्राप्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सभी प्राणियों के कल्याण के लिए काम करना, बौद्ध धर्म में महत्वपूर्ण है। ईसाई धर्म में परहित को 'प्रेम' और 'सेवा' के रूप में देखा जाता है। दूसरों की सेवा करना, और उनकी भलाई के लिए काम करना, ईसाई धर्म में महत्वपूर्ण है। इस्लाम में परहित को 'इख़्लास' (ईश्वर के प्रति समर्पण) के रूप में देखा जाता है। दूसरों के लिए निस्वार्थ भाव से काम करना, इस्लाम में महत्वपूर्ण है। यहूदी धर्म में भी सभी मानने वालों से आशा की गई है कि दूसरों की मदद करे दुखों के समय में उनके प्रति दया भाव से व्यवहार करना चाहिए। दुनिया का शायद ही कोई धर्म हो जिसमें दान का महत्व नहीं हो।

ईश्वर के बारे में अवधारणाएँ : कुछ धर्म एकेश्वरवादी हैं जैसे :- ईसाई धर्म, इस्लाम और यहूदी धर्म। कई धर्म बहुदेववादी हैं, जो कई देवताओं को मानते है, जैसे हिंदू धर्म। अज्ञेयवाद में ईश्वर के अस्तित्व या गैर-अस्तित्व के बारे में कोई मत नहीं हैं, ईश्वर को जानना संभव नहीं लगता। नास्तिक ईश्वर के अस्तित्व को नकारते हैं। एकेश्वरवाद: ईश्वर को आमतौर पर सर्वोच्च सत्ता, निर्माता और धार्मिक विश्वास की प्रमुख आधार के रूप में देखा जाता है। ईसाई के अनुसार गॉड को पिता, यशु को पुत्र और पवित्र आत्मा को अर्थात एक ईश्वर के तीन रूप माने है। इस्लाम में, ईश्वर को अल्लाह के रूप में जाना जाता है, और उसे एक और अविभाज्य माना जाता है। यहूदी धर्म में, ईश्वर को यहोवा के रूप में जाना जाता है, और उसे एक और अविभाज्य माना जाता है।

बहुदेववादी धर्मों में, ईश्वर को कई देवताओं या देवी-देवताओं के रूप में माना जाता है। हिंदू धर्म में, विभिन्न देवताओं और देवी-देवताओं की पूजा की जाती है, जैसे कि विष्णु, शिव, दुर्गा और लक्ष्मी। इन देवताओं को अक्सर एक ही परमेश्वर के विभिन्न पहलुओं के रूप में देखा जाता है। अन्य धर्मों में ईश्वर की अवधारणाएँ:- बौद्ध धर्म: बौद्ध धर्म में, ईश्वर की अवधारणा नहीं है। बौद्ध धर्म कर्म और पुनर्जन्म के सिद्धांत पर केंद्रित है, और इसका लक्ष्य निर्वाण प्राप्त करना है। जैन धर्म:जैन धर्म में, ईश्वर की अवधारणा नहीं है। जैन धर्म अहिंसा, तपस्या और आत्म-नियंत्रण पर केंद्रित है। पारसी धर्म: पारसी धर्म में, ईश्वर को अहुर माजदा के रूप में जाना जाता है। अहुर माजदा ज्ञान की एक सर्वोच्च और प्रकाशमान शक्ति है, जो अच्छाई और न्याय का प्रतिनिधित्व करता है। नास्तिक लोग धर्मों में, ईश्वर के अस्तित्व को पूरी तरह से नकार दिया जाता है। वे मानते हैं कि ईश्वर जैसी कोई चीज नहीं है। निष्कर्ष के रूप में कह सकते है कि विभिन्न धर्मों में ईश्वर की अवधारणाएँ अलग-अलग हैं, लेकिन वे सभी मानते हैं कि उसकी मानव जीवन एक महत्वपूर्ण हैं।

**सभी धर्म मानते है मानव की रचना गोड, ब्रह्मा, अल्लाह, यहोवा, अहुरमाजदा ने की है। सभी धर्मों में अनेक नामों से संबोधित ईश्वर एक है। तो सवाल यह है जब सब कुछ ईश्वर की रचना है तो फिर धर्म के नाम पर इतने फसाद क्यों -- क्या यह भी ईश्वर का आदेश है या मानव के खुराफाती दिमाग का काम है?**

पुनर्जन्म, स्वर्ग, नरक, और आत्म के संबंध में विभिन्न धार्मिक अवधारणाएं इस प्रकार हैं:- हिंदू, जैन, बौद्ध धर्म में पुनर्जन्म की अवधारणा है। हिंदू और जैन धर्म के अनुसार आत्मा एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है, जब तक कि वह मोक्ष प्राप्त नहीं कर लेती। पुनर्जन्म का चक्र कर्म के सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें आत्मा के कर्मों के अनुसार अगले जन्म में उसकी स्थिति निर्धारित होती है। आत्मा का उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना है, जिसमें वह अपने असली स्वरूप को पहचान लेती है और संसार के बंधनों से मुक्त हो जाती है। किंतु गीता के अनुसार तो आत्मा केवल दृष्टा है, कोई कर्म नहीं करती। बौद्ध धर्म में आत्मा के पुनर्जन्म की अवधारणा नहीं है, यह अनात्म धर्म है किंतु अच्छे बुरे कर्मों का प्रभाव पुनर्जन्म पर पड़ता है।

स्वर्ग और नरक: हिंदू धर्म में स्वर्ग और नरक की अवधारणा है। जहां अच्छे कर्म करने वाले लोग स्वर्ग में जाते हैं और बुरे कर्म करने वाले लोग नरक में जाते हैं। हालांकि, हिंदू धर्म में स्वर्ग और नरक को आत्म का अस्थाई निवास माना जाता है। जैन धर्म में आत्मा को शाश्वत और अमर माना जाता है, जो एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। यहां भी आत्मा का उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना है। ईसाई धर्म में भी स्वर्ग और नरक की अवधारणा है। अच्छे और बुरे कर्म से स्वर्ग में मिलता हैं और बुरे लोग नरक में जाते हैं। हिंदू धर्म से भिन्न ईसाई धर्म में स्वर्ग और नरक को शाश्वत माना जाता है। व्यक्ति के कर्मों के अनुसार यह मिलते है। इस्लाम में स्वर्ग और नरक की अवधारणा है, जहां अच्छे लोग जन्नत में और बुरे लोग जहन्नम में जाते हैं। इस्लाम में जन्नत और जहन्नम रुह के स्थाई निवास माने जाते है। अब्राहमिक धर्मों -- ईसाई, इस्लाम, यहूदी धर्म में पुनर्जन्म की धारणा नहीं है। ईसाई, यहूदी, इस्लाम धर्म में आत्मा की अवधारणा है। मृत्यु के बाद आत्मा का क्या होता है, इस बारे में विभिन्न मान्यताएं हैं।

मानव सृजन: हिंदू धर्म के अनुसार, ब्रह्मा ने मनु और शतरूपा को बनाया, जो पहले मानव थे। सिख धर्म के अनुसार सभी मनुष्य भगवान की संतान हैं, बराबर है। इसमें आदम, हव्वा, मनु, शतरूपा है जैसी कोई कहानी नहीं। इस्लाम में प्रथम पुरुष और स्त्री के बारे में कुरआन के अनुसार सबसे पहले आदम को अल्लाह ने मिट्टी से बनाया और हव्वा (स्त्री) को आदम की पसली से बनाया। उन्हें अल्लाह का पहला नबी और उनकी पत्नी के रूप में माना जाता है। ईसाई धर्म के पवित्र ग्रंथ बाइबल में पहले मानव की बात कुरान जैसी ही आदम, हव्वा की बात लिखी है। यहूदी धर्म में भी तोरात धार्मिक किताब में आदम और हव्वा को प्रथम पुरुष और स्त्री माना जाता है। आदम को भगवान ने मिट्टी से बनाया और हव्वा को आदम की पसली से बनाया।

धर्म के प्रसारण - अंतरण के संबंध में भिन्न धर्मों में एक मत नहीं होकर भिन्न दृष्टिकोण हैं। कुछ धर्मों में, दूसरों को अपने धर्म में शामिल करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास करना महत्वपूर्ण माना जाता है। कुछ धर्मों में यह व्यक्ति के विश्वास इच्छा की बात हैं। हिंदू, बौद्ध, सिख धर्म में दूसरे धर्म मानने वालों के धर्मांतरण को प्रोत्साहित नहीं किया जाता। इन धर्मों में माना गया है कि व्यक्ति किस धर्म में विश्वास रखता है यह उसकी पसंद है। कोई भी स्वप्रेरणा से कोई धर्म माने किंतु कोई संगठित प्रयास अन्य धर्मावलंबियों को अपने धर्म में शामिल करने को प्रोत्साहन नहीं। यही कारण है कि हिंदू धर्म में से ही जैन, बौद्ध, सिख आदि धर्म निकले। एक नास्तिक भी हिन्दू धर्म में शामिल है। इस्लाम मे गैर मुस्लिमों को इस्लाम धर्म में परिवर्तन को प्रोत्साहन है किंतु यह स्वैच्छिक होना चाहिए। इसे बुलावा माना जाता है। लेकिन इस्लाम में एक मुसलमान के लिए दूसरे धर्म को मानना निषेध है, पाप मन गया है। ईसाई धर्म में दूसरे धर्म वालों को ईसाई धर्म में धर्मांतरण को प्रोत्साहन मिलता है। यशु की शिक्षा के अनुयायियों से यह अपेक्षा की गई है के वे दूसरे देशों में यशु की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार करें। यहूदी धर्म में धर्मांतरण को प्रोत्साहन नहीं। इसमें धर्म एक व्यक्तिगत पसंद का विषय माना जाता है।

निष्कर्ष में यह माना जा सकता है कि धर्म प्रचार-प्रसार के विभिन्न धर्मों के विचार भिन्न-भिन्न है। कुछ धर्मों में धर्म प्रचार-प्रसार व दूसरों का अपने धर्म में परिवर्तन करना एक धार्मिक कर्तव्य माना जाता है तो कुछ में धर्म को व्यक्तिगत पसंद नापसंद माना जाता है।

और अंत में जानले की सनातन क्या है? सनातन, मतलब शाश्वत मतलब अपरिवर्तनीय और यह है वे नियम जो सब धर्मों में समान रूप से बताए गए है जो हर मनुष्य को मानने और करने चाहिए यथा सत्य, अहिंसा, दान, दया, क्षमा, परोपकार। इसी प्रकार से हर धर्म में मनुष्यों के लिए वर्जित, अवांछनीय कर्म बताए है यथा हिंसा, झूठ, चोरी, दूसरों का नुकसान, आदि। जैन धर्म में तो अपरिग्रह का नियम है जिसके अनुसार आवश्यकता से अधिक संग्रहण अनुचित है। बौद्ध धर्म में किसी के द्वारा किसी के भी साथ अविवेकपूर्ण व्यवहार, नशा, कामुक गतिविधियों को भी अनुचित माना है।

इसके अलावा हर धर्म में प्रार्थना, पूजा की अलग-अलग पद्धतियां है जो ईश्वर, अल्लाह ने नहीं स्वयं मनुष्य ने बनाई है, कुछ समाज को सुव्यवस्थित रखने के लिए और कुछ निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए। यह समय-समय पर परिवर्तित होती आई है, इतिहास इसका गवाह है। इनमें कोई शाश्वतता नहीं है। वर्तमान में धर्म का सबसे कुत्सित उपयोग, सत्ता, वर्चस्व, शोहरत प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए हो गया है --- सत्ता, डर, चाहे वह मठाधीशों, महंतों, धर्मप्रचारकों आदि की हो या राजनेताओं की हो या कोई आतंकी संगठन हो, कोई स्थानीय गिरोह हों।

चलते-चलते इस पर भी विचार कर लें कि कौन से धर्म में स्त्रियों की अपनी पसंद का काम करने, अपने विचार रखने, स्वतंत्रता आदि की मनाही है जो कुछ संगठन, देश धर्म के नाम पर करते है ---- यह सब पूर्णत: मानव दिमाग की खुराफात ---।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह, पूर्व आईएएस**

# तकनीक बन रही है जन कल्याण का माध्यम



**डॉ. सुबोध अग्रवाल, ( आईएएस )।**

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि तकनीक मात्र उपकरण बनें तो यह मानवता के हित में नहीं हो सकती। ऐसे में तकनीक को जनकल्याण का माध्यम बनाना होगा। डिजिटल युग में बहुत कुछ बदला है। हमारे सोच का तरीका बदला है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में आज सामान्य मानव मन से भी अधिक तेजी से तकनीक काम करने लगी है। तकनीक ने इतना विकास कर लिया है कि अब मशीनें सोचने लगी है। हमारे चिंतन और मनन को प्रभावित करने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि तकनीक ने जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रवेश करने के साथ सहज बनाया है। समय तो यहां तक बदल गया है कि अब पढ़ना-लिखना ही नहीं तकनीक ने सोचना और निकश तक पहुंचना आरंभ कर दिया है। यह विकास का उजला पक्ष होने के साथ ही इसके पीछे छुपा काला पक्ष भी गंभीर है। हांलाकि प्रकृति अपना काम कर रही है और वह लगातार हमें चेतावनी देती जा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हमारे जीवन का हिस्सा बन चुकी है। वह हमारे निर्णयों को प्रभावित कर रही है, हमारी प्राथमिकताएं तय कर रही है, और हमारी सोच को प्रभावित कर रही है। इस दौर में हमें ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो तकनीक के चमत्कारों को संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ दिशा दे।

एआई एक्शन समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सटीक और सामयिक टिप्पणी की है। दरअसल टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण होना चाहिए। हमें जन-केंद्रित एप्लिकेशन बनाने चाहिए। साथ ही हमें साइबर सुरक्षा, दुष्प्रचार और डीपफेक जैसी चुनौतियों का समाधान भी करना होगा। डिजिटल नवाचार का उपयोग अब पारदर्शिता, सहभागिता और संवेदनशील सेवा-प्रणाली के रूप में सामने आ रहा है। हमारा देश आज एआई और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव रख रहा है। 2024 में केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित इण्डिया एआई मिशन इसका जीता-जागता उदाहरण है। इस मिशन के तहत 10,300 करोड़ रु. के निवेश से देश में एक विश्वस्तरीय एआई कंप्यूटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य है 18,693 जीपीयू से लैस साझा कंप्यूटिंग क्षमता विकसित कर भारत को वैश्विक एआई शक्तियों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करना है। विशेषज्ञों को मानना है कि यह सिस्टम ओपन-सोर्स एआई मॉडल डीपसीक से 9 गुना अधिक सक्षम होगा और चैटजीपीटी जैसी प्रणालियों की दो-तिहाई शक्ति तक पहुंचेगा। यानी यह केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं होगी अपितु डिजिटल क्षेत्र में भारत को आत्मसम्मान व दुनिया के देशों की अग्रणी पंक्ति में खड़ा करने की घोषणा है।

दरअसल तकनीक का उपयोग मानव कल्याण के उद्देश्य से होना चाहिए। सरकारें इस बात को समझती है और यही कारण है कि ई-गवर्नेंस से लेकर डिजिटल शिक्षा, एआई आधारित स्वास्थ्य सेवाओं और नागरिक सुविधा केंद्रों तक हर नीति के केंद्र में आमआदमी है, सिस्टम नहीं। राज्यों में तकनीक को 'डिजिटल एक्सेस' के बजाय 'डिजिटल एम्पावरमेंट' के रूप में उपयोग किया जाने लगा है। और यही बदलाव राज्यों को एक सॉफ्ट-टेक्नोलॉजिकल स्टेट बना रहा है। राज्यों में चल रहे हरित अभियान, जल संरक्षण योजनाएं, सौर ऊर्जा प्रोत्साहन और ईको-टूरिज्म और इसी तरह की अन्य पहल इस सोच के साथ धरातल पर उतर रही हैं। यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य अभियान, डिजिटल डिटॉक्स क्लासेस और संस्कार संवाद जैसे कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। ताकि युवा स्मार्टफोन के स्क्रीन से आगे सोच सकें और अपनी जड़ों से जुड़े रहें। आज सवाल यह नहीं कि हमें तकनीक से डरना चाहिए या नहीं, बल्कि यह है कि हम तकनीक को किस नैतिक दायरे में संचालित कर सकते हैं। केन्द्र के साथ ही राज्यों की सरकारें इसे समझने लगी है और यह कारण है कि राज्यों द्वारा तकनीक का उपयोग भविष्य की संभावनाओं और जनकल्याण नीतियों के रुप में सामने आ रहा है।

**–डॉ. सुबोध अग्रवाल,**
**( आईएएस )**
**अतिरिक्त मुख्य सचिव,**
**राजस्थान सरकार**

# प्रतापगढ़ प्रशासन का नवाचार "मिशन बाबुल की बिटिया" एकल महिलाओं का सारथी बना



**सुश्री नवधा परदेशी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 2047 तक राजस्थान को विकसित राज्य बनाने की यात्रा में प्रत्येक का विकास विशेष रूप से महिलाओं का सशक्तिकरण-केवल एक सपना नहीं बल्कि एक अपरिहार्य आवश्यकता है। जब एक बेटी आगे बढ़ती है, तो पूरा परिवार प्रगति करता है। जब वह सशक्त होती है तो समाज सुसंस्कृत बनता है और जब वह राष्ट्र निर्माण में आगे आती है तब राष्ट्र स्वयं उठ खड़ा होता है। यह दर्शन भारतीय संविधान की आत्मा में रचा-बसा है-'सर्वोदय' का सिद्धांत, यानी सबका उत्थान, जिसमें न्याय, समानता और गरिमा हर नागरिक का अधिकार है।

इन्हीं मूल्यों से प्रेरणा लेकर और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विज़न से बल पाकर राजस्थान सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास केवल शहरों, आंकड़ों और रिपोर्टों में सीमित न रह जाए बल्कि अंतिम गांव की अंतिम महिला विशेषकर एकल महिला तक पहुंचे जो आज भी अक्सर अंधेरों में है। विशेषकर जनजातीय, परित्यक्त या सामाजिक रूप से हाशिए पर खड़ी महिलाओं और बालिकाओं के लिए सरकार ने कई योजनाएं आरंभ की हैं-जैसे कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, साथ ही केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नमो ड्रोन दीदी और मिशन शक्ति जैसी योजनाएं भी इन्हें संबल दे रही हैं।

**बाबुल की बिटिया - हर एकल महिला के घर जाकर किया सर्वे, पूछा: आपको क्या आवश्यकता है?**

आमजन की वास्तविक पीड़ा को सुनने और समझने की उस पारदर्शी प्रक्रिया से यह प्रयास जन्मा जिसे हम जनसुनवाई और रात्रि चौपाल कहते हैं जहां अधिकारी अपने दफ्तरों से निकलकर आमजन के बीच पहुंचते है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नियमित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर सुनिश्चित कर रहे है कि जनसमस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। आमजन की समस्याओं का निस्तारण महज कागजी या औपचारिक न हो यह संतुष्टिपूर्ण और समस्यबद्ध हो।

इसी क्रम में जनजाति बाहुल्य जिले प्रतापगढ़ के गावों में रात्रि चौपाल के दौरान खुले आसमान के नीचे राजस्थान के सुदूर गांवों की उन महिलाओं की कहानियाँ सामने आईं, जो न विधवा थीं, न ही तलाकशुदा, मगर जीवन के संघर्ष में अकेली पड़ गई थीं। रात्रि चौपाल के दौरान सामने आया कि कई जनजाति प्रथाओं के कारण महिलाओं का उनके पति द्वारा परित्याग कर दिया जाता है और वह सालों पति के इंतजार में बीता देती है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के अभाव के कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिलता क्योंकि वह न तो विधवा की श्रेणी में आती है ना ही तलाकशुदा की और ना ही परित्यक्ता की। यह भी देखा गया कि एकल महिआएं जागरूकता के अभाव में योजनाओं के लाभों से वंचित है।

**हर घर दस्तक, हर एकल महिला के घर पहुंचा प्रशासन :**-इसी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतापगढ़ जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने मिशन मोड में डाटा-आधारित अभियान शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और विशेष प्रशिक्षित फील्ड टीमें घर-घर पहुंची, गाँव-गाँव गईं, यहाँ तक कि नावों के माध्यम से जिले के दूरस्थ गांव कुपड़ा तक भी पहुंची। सर्वे टीमों को एक फार्म दिया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न थे जैसे कि क्या उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है ? जैसे कि उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना। क्या उनके पास मकान का पट्टा है? क्या उन्हें किसी और प्रकार की समस्या है? क्या उन्हें किसी प्रकार का मानसिक तनाव है? क्या उनके बच्चे विद्यालय जा रहे हैं? क्या उन्हें फ्री लीगल एड की आवश्यकता है?

**अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ:-**

48,548 महिलाओं का सर्वेक्षण जबकि प्रारंभिक लक्ष्य 36,336 था।

8 हजार 433 अकेली महिलाएं विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र पाई गईं।

7 हजार 389 महिलाओं को योजनाओं से जोड़ा गया।

282 महिलाओं को परित्यकता प्रमाण पत्र जारी किए गए,।

855 महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए चिन्हित किया।

4 हजार 585 महिलाएं प्रधानमंत्री आवास योजना में चिन्हित की गईं। 886 महिलाओं को स्वच्छ भारत मिशन में चिन्हित की गई।

795 महिलाओं को मनरेगा के जॉब कार्ड दिए गए।

674 महिलाओं के लिए भूमि पट्टों की प्रक्रिया शुरू हुई।

5 हजार 486 महिलाओं को स्वास्थ्य जांच का लाभ मिला।

248 महिलाओं को पालनहार योजना के अंतर्गत सहायता मिली।

विकसित राजस्थान 2047: जहां विकास की शुरुआत 'बेटी' से होती है

'बाबुल की बिटिया इस बात का प्रमाण है कि जब शासन संवेदनशील होता है, तब परिवर्तन स्वत: होते हैं। जब प्रशासन सुनना सीखता है, तब वो बदलना भी सीखता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हमेशा इस बात पर ज़ोर देते रहे हैं कि आखिरी कतार में खड़े व्यक्ति तक पहुँचना ही सुशासन है। "सर्वजन हिताय" के मंत्र से प्रेरित होकर वे मानते हैं कि सरकार नीतियों में नहीं, गांव की गलियों में और ज़रूरतमंद के घरों में जीवंत होती है। उनकी प्रेरणा से आज अधिकारी फील्ड में उतर रहे हैं, नवाचार कर रहे हैं और सबसे अहम-संवेदनशीलता से सेवा कर रहे हैं। राजस्थान जब 2047 के अपने सपने की ओर अग्रसर हो रहा है, बाबुल की बिटिया एक जीवंत उदाहरण है P2G2—Pro Poor, Proactive Good Governance का, जहाँ नीतियाँ केवल कागज़ों पर नहीं बनतीं, बल्कि आखिरी महिला के द्वार तक पहुंचती हैं। यह पहल दर्शाती है कि हर बेटी मायने रखती है और हर बेटी चमकेगी भी और आगे भी आएगी।

**–सुश्री नवधा परदेशी,**
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी, प्रतापगढ़,**
**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान**


# शाहपुरा रोड पर स्थाई अतिक्रमण को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट सख्त

**■ कोर्ट ने राज्य सरकार सहित जिले के संबंधित अधिकारियों से तीन सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने और अतिक्रमण हटाने की स्टेटस रिपोर्ट मांगी**

**पाटन,** (निसं)। शहर की जीवन रेखा माने जाने वाली शाहपुरा रोड पर हो रहे स्थायी अतिक्रमण को लेकर अब राजस्थान हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपना लिया है। आस्था जन कल्याण सेवा समिति द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार सहित जिले के संबंधित अधिकारियों से तीन सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने और अतिक्रमण हटाने की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। याचिका में बताया गया है कि मांकड़ी फाटक से सिरोही नदी तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क के लिए 80 फीट जमीन का अधिग्रहण किया गया था। बावजूद इसके, राजनैतिक संरक्षण में कई लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया और निर्माण कर सड़क को 60 फीट तक सीमित कर दिया। आरोप है कि नगर पालिका ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पट्टे भी जारी कर दिए।

हाईकोर्ट की डबल बेंच-न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा व न्यायमूर्ति दिनेश मेहता ने 21 जुलाई को हुई सुनवाई में मुख्य सचिव, जिला कलेक्टर सीकर, उपखंड अधिकारी नीमकाथाना, लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तीन सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट पेश करें। साथ ही याचिकाकर्ता पक्ष को सभी आवश्यक विभागों को पार्टी बनाकर संशोधित याचिका एक दिन में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण बलवदा की टीम की ओर से अधिवक्ता भावना चौधरी व मोहित बलवदा ने याचिका में बताया कि शाहपुरा रोड को नगर परिषद के मास्टर प्लान में 30 मीटर (लगभग 100 फीट) चौड़ा दर्शाया गया है। ऐसे में अतिक्रमण हटाए बिना फोरलेन योजना पर काम करना असंभव है। पीआईएल में कहा गया है कि गांवड़ी मोड़ से लेकर सिरोही नदी तक के पूरे बेल्ट पर अवैध रूप से बड़े-बड़े व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, आवासीय प्लॉट्स पर व्यावसायिक निर्माण तथा बिना स्वीकृति के भवन बना दिए गए हैं। याचिका दाखिल करने से पूर्व आस्था जन कल्याण सेवा समिति ने प्रशासन को कानूनी नोटिस भेजा था, जिसके बाद सीमांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, लेकिन संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर यह मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

## राशिफल गुरूवार 24 जुलाई, 2025



**पंडित अनिल शर्मा**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, पुनर्वसु नक्षत्र सायं 4:44 तक, हर्षण योग प्रात: 9:51 तक, चतुष्पद करण दिन 1:35 तक, चन्द्रमा दिन 10:59 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज अमृत सिद्धि योग और गुरू पुष्य योग सायं 4:44 से सूर्योदय तक है। आज देव पितृकार्य अमावस्या, हरियाली अमावस्या, सरस माधुरी जयन्ती करकट पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:31 तक, चर 10:52 से 12:33 तक, लाभ-अमृत 12:33 से 3:54 तक, शुभ 5:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:51, सूर्यास्त 7:15

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष**
परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**धनु**
अपने अति आवश्यक कार्यों को दिन के मध्यान्ह पूर्व करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह अष्टम चन्द्रमा शुभ नहीं है। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कुंभ**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**मीन**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

# 100 करोड़ की एम.डी. ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जोधपुर के साथ मिलकर एक अवैध एमडी ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया

**जयपुर।** पुलिस को विशेष अभियान "ऑपरेशन भौकाल" के तहत सेड़वा थाना क्षेत्र के धोलकिया गांव में एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जोधपुर के साथ मिलकर एक अवैध एमडी ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में मादक पदार्थ, उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायन और उपकरण जब्त किए गए हैं। जिनकी कीमत करीब 40 लाख रुपये आंकी गई है, जब्त केमिकल से 100 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स तैयार की जा सकती है।



**पुलिस ने मांगी लाल बिश्नोई, निवासी धोलकिया कारटिया और बिरजू जयेंद्र शुक्ला निवासी मुंबई, महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया।**

एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने मौके से 39 किलो 250 ग्राम एमडी, एनडीपीएस मिश्रित तरल पदार्थ, 290 किलो 840 ग्राम विभिन्न रासायनिक लिक्विड (क्लोरोफॉर्म, अमोनिया क्लोराइड, एसिड, टोलवीन, ब्रोमीन, एचसीएल, कार्बन सहित), 5 किलो 330 ग्राम सफेद पाउडर, एक इलेक्ट्रिक कांटा, जनरेटर और ड्रग्स बनाने की विधि लिखी दो कॉपियां जब्त की हैं। जब्त की गई सामग्री की कीमत लगभग 40 लाख है, जिससे 100 करोड़ की एमडी ड्रग्स तैयार की जा सकती थी।

एसपी मीना ने बताया कि मुखबिर से सेड़वा थानांतर्गत धोलकिया (कारटीया) गांव में अवैध एमडी ड्रग्स फैक्ट्री चलने की गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना पर विशेष टीमें गठित की गईं। टीम ने मांगीलाल बिश्नोई के खेत में दबिश दी, जहां घर के पीछे एक छपरे में फैक्ट्री का सेटअप मिला। पुलिस को देखकर तीन लोग भागने लगे, जिनमें से मांगी लाल बिश्नोई (21) निवासी धोलकिया कारटिया और बिरजू जयेंद्र शुक्ला (45) निवासी मुंबई, महाराष्ट्र को मौके पर ही धर दबोचा गया। एक अन्य आरोपी गणपत सिंह रावणा राजपूत निवासी आकल भागने में सफल रहा।

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस फैक्ट्री को स्थापित करने की योजना रमेश उर्फ अनिल बिश्नोई, कमलेश उर्फ कार्तिक बिश्नोई, कमलेश गोदारा और गणपत सिंह रावणा राजपूत ने मिलकर बनाई थी। मांगीलाल को फैक्ट्री के लिए जगह देने के बदले रमेश द्वारा 10 लाख रुपये दिए जाने थे, जिसमें से 5 लाख नकद दिए जा चुके थे। फैक्ट्री के लिए सामग्री मुंबई से मंगवाई गई थी, जिसमें नर्मदा ग्लास कंपनी से कांच का सामान और रोहन कंपनी से रासायनिक पदार्थ/केमिकल/एसिड शामिल थे। आरोपियों में चोरी, लूट, मारपीट, हत्या का प्रयास, अपहरण, अवैध हथियार रखने और सबसे महत्वपूर्ण, मादक पदार्थों की तस्करी व निर्माण जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्तता पाई गई है। यह गिरोह एक संगठित आपराधिक नेटवर्क का हिस्सा है जो विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल है।

# शिक्षा संकुल पर अभिभावकों व बच्चों ने किया प्रदर्शन

- 17 को शिक्षा निदेशक, 18 जिला शिक्षा अधिकारी व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी किए, अब तक ना दाखिले मिले ना निजी स्कूलों पर कार्यवाही हुई, बच्चे 23 दिनों से घर बैठे पूछ रहे हम स्कूल कब जाएंगे

**जयपुर।** राजधानी में एक बार फिर अभिभावकों की एकजुटता देखने को मिली, इस बार मामला राइट टू एजुकेशन के अंतर्गत गरीब व जरूरतमंद विद्यार्थियों की जरूरी शिक्षा को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा जारी सभी गाइडलाइन को अपनाने के बावजूद दाखिला नहीं होने था, जिसको लेकर पिछले तीन महीनों से अभिभावकों में आक्रोश था, ना स्कूल संचालक ठीक से कोई जवाब दे रहे थे ना शिक्षा विभाग कोई जवाब दे रहा था, जब जवाब देने की बारी आई तो राजस्थान हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश का हवाला देकर अभिभावकों को बीच राह में छोड़ दिया और बच्चों का भविष्य दांव पर लगा दिया, आलम यह रहा कि बच्चे नए सत्र के प्रारंभ होने के 23 दिन बीत जाने के बावजूद आजतक पढ़ाई का इंतजार करने को मजबूर हो रहे है किंतु ना राज्य सरकार कोई सुध ले रही है ना शिक्षा विभाग कोई सुध ले रहा है। संयुक्त अभिभावक संघ के आव्हान पर से पीड़ित, प्रभावित और प्रताड़ित अभिभावक बड़ी संख्या में जुटे और राज्य सरकार, शिक्षा विभाष और निजी स्कूलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और अपना आक्रोश दिखाया।

इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में वह बच्चे भी शामिल हुए जिनका आरटीई की प्रक्रिया में शिक्षा विभाग द्वारा लॉटरी माध्यम से चयन हुआ था, जिनकी पढ़ाई आजतक भी शुरू नहीं हो पाई है। बुधवार को हुए प्रदर्शन में राजधानी जयपुर के 50 से अधिक स्कूलों के अभिभावक शामिल हुए साथ ही प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, संजय गोयल, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू, रवि खंडेलवाल, विकास चंदोलिया, पंडित लोकेश शर्मा, विशाल मुदगल, रितिका शर्मा, अनीता पंजवानी, पूनम, काव्या, रवि प्रकाश, सुरेश कुमार, हिमांशु मेहरा, विजय सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक और बड़ी संख्या में बालक बालिकाएं एकत्रित हुए पढ़ाई शुरू करवाने की गुहार लगाई।

## साइबर ठग गिरफ्तार

**जयपुर।** साइबर ठगों को फर्जी मोबाइल सिम उपलब्ध कराने वाले एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। जयपुर के मालपुरा गेट थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मोबाइल सिम सक्रिय करवाने की सूचना पर पुलिस थाना साइबर (क्राइम) राजस्थान की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 19 वर्षीय आरोपी घनश्याम मीणा को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी फर्जी आधार कार्ड तैयार कर उन पर अपनी तस्वीर लगाकर अवैध रूप से मोबाइल सिम प्राप्त करता था और फिर उन्हें अन्य साइबर अपराधियों को बेचता था।

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति ने डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया के तहत एक मोबाइल सिम एक्टिव कराने के लिए आधार कार्ड प्रस्तुत किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को कंपनी के प्रतिनिधि ने उस स्टोर से संपर्क कर वीडियो कॉल के माध्यम से संदिग्ध व्यक्ति की पहचान करवाई।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर मांगी रिपोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नीमकाथाना से शाहपुरा जाने वाली अस्सी फीट रोड पर हुए अतिक्रमण को हटाने को लेकर तीन सप्ताह में तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस दिनेश मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश जुगल किशोर की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अधिवक्ता भावना चौधरी ने अदालत को बताया कि नीमकाथाना से शाहपुरा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के लिए 80 फीट चौड़ाई में जमीन का अधिग्रहण किया गया था। वहीं राजनीतिक संरक्षण के चलते इस रोड पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण हो गया हैं कई जगहों पर रोड की चौडाई घटकर साठ फीट रह गई है। इसके अलावा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नगर पालिका से पट्टे भी जारी कराए गए हैं। प्रभावशाली लोगों ने बिना स्वीकृति अवैध तरीके से और अतिक्रमण करते हुए बडे कॉम्प्लेक्स और व्यावसायिक भवन बना लिए हैं। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# न्यायिक कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश पर हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

- वकील रहमान ने कहा कि अधिकांश मामलों में याचिकाकर्ता दोषमुक्त को चुका है

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर न्यायिक कर्मचारियों के चल रहे सामूहिक अवकाश को लेकर रजिस्ट्रार न्यायिक से गुरुवार को विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश इबरान और हांडू की सजा स्थगन याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि राज्य सरकार की ओर से याचिकाकर्ताओं के खिलाफ दर्ज हुए आपराधिक मामलों की सूची पेश की गई। वहीं याचिकाकर्ता के वकील जियाउर रहमान ने कहा कि इनमें से अधिकांश मामलों में याचिकाकर्ता दोषमुक्त को चुका है। हालांकि निचली अदालत में न्यायिक अधिकारियों के सामूहिक अवकाश पर होने के कारण इन मामलों की प्रमाणित प्रति जारी नहीं हो पाई है। इसलिए अदालत में इनकी प्रति पेश नहीं की गई है। इस पर अदालत ने रजिस्ट्रार न्यायिक को इस संबंध में गुरुवार को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा है। वहीं दूसरी ओर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को निर्देश दिए हैं।

जिला न्यायाधीशों को भेजे पत्र में कहा गया है कि अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारी सिविल सेवा आचरण नियमों की अवहेलना करते हुए अविधिक रूप से 18 जुलाई, 2025 से स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे हैं। जिसके चलते अदालतों का न्यायिक कामकाज विपरीत रूप से प्रभावित हो रहा है। ऐसे में उन्हें निर्देश दिए जाते हैं कि वे अपने न्याय क्षेत्र में पदस्थापित समस्त कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से कार्यालय में उपस्थित होने का आदेश जारी करें। रजिस्ट्रार जनरल के निर्देश की पालना में जिला एवं सत्र न्यायाधीशों ने कार्यालय आदेश जारी कर कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित होकर पदीय कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा है। गौरतलब है कि प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ के बैनर तले न्यायिक कर्मचारी कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर 18 जुलाई से सार्वजनिक अवकाश पर चल रहे हैं। वहीं जयपुर में कुछ कर्मचारी भूख हड़ताल पर भी बैठे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि दो साल पूर्व हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने कैडर पुनर्गठन का प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजा था, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक कैडर पुनर्गठन नहीं किया। जबकि राज्य सरकार के दूसरे विभागों में कैडर पुनर्गठन पूर्व में ही किया जा चुका है।

## बच्चों ने देखी विधान सभा

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को विधान सभा भवन, सदन और राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को देखा। देवनानी ने बाल संबल संस्थान के बच्चों से उनके पढाई और रूचि के विषयों के बारे में बातचीत की।

देवनानी ने बच्चों से कहा कि पढाई में ध्यान लगाये, खूब पढे और आगे बढे। विधान सभा डिजिटल संग्रहालय को देखकर बच्चे अभिभूत हुए। देवनानी ने बच्चों के साथ समूह चित्र भी करवाया।

# नगर निगम ग्रेटर मानसून को लेकर अलर्ट मोड पर

- महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मानसून में गडढों की मरम्मत करने के दिये थे निर्देश

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ॰ सौम्या गुर्जर द्वारा सोमवार को हुई बैठक में दिये गये निर्देश में अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता द्वारा दो दिवस में नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में स्थित निगम की सड़कों पर हो रहे 311 गड्ढों की मरम्मत की गई।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में स्थित निगम की सड़कों पर हो रहे गड्ढों को तीन दिवस के अंदर मरम्मत कराने के निर्देश दिए थे जिससे बुधवार को नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में 311 गडढों को भरवाया गया साथ ही दो दिवस तक लगातार सभी अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता फील्ड में रहें व स्थितियों का जायज़ा लेकर सड़कों में मिलने वाले गड्ढों को तत्काल मरम्मत करवाया गया।

महापौर ने बताया कि दो दिवस में मुरलीपुरा जोन में 32, विद्याधर नगर जोन में 24, झोटवाड़ा जोन में 62, मानसरोवर जोन में 60, सांगानेर जोन में 30, जगतपुरा जोन में 25 एवं मालवीय नगर जोन में 78 गड्ढें की मरम्मत की गई।

आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने मानसून में कोई दुर्घटना ना हो इसको लेकर अधिशाषी अभियन्ताओं, सहायक अभियंताओं, कनिष्ठ अभियंतों को गडढों की मरम्मत करने के भी निर्देश दिये।

# निलंबित सभापति को राहत नहीं, हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने करौली नगर परिषद की निलंबित सभापति रशीदा खातून को राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में दायर याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश रशीदा खातून की याचिकाओं को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ चल रही न्यायिक जांच तीन माह में पूरी की जाए। जनता के चुने हुए प्रतिनिधि को अनंतकाल तक निलंबित नहीं रखा जा सकता। जनप्रतिनिधि से गरिमा और ईमानदारी के साथ काम करने की उम्मीद की जाती है।

याचिका में कहा गया कि उसे राजनीतिक द्वेषता के चलते निलंबित किया गया है। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद उस पर झूठे आरोप लगाए गए और बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए मनमाने तरीके से निलंबित किया गया। जिसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जीएस गिल ने कहा कि याचिकाकर्ता पर पद का दुरुपयोग कर पट्टा जारी करने का आरोप है। मामले में स्वायत्त शासन विभाग ने एडीएम से जांच कराई थी। एडीएम ने अपनी जांच में अनियमिता और पद के दुरुपयोग के आरोप को सही माना था। ऐसे में न्यायिक जांच के प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए याचिकाकर्ता को जुलाई, 2024 में तय प्रक्रिया का पालन करते हुए वार्ड पार्षद और सभापति पद से निलंबित किया गया था।

दूसरी ओर मामले में शिकायतकर्ता अशोक पाठक के अधिवक्ता प्रेम शंकर शर्मा ने बताया कि सभापति रहते याचिकाकर्ता ने शिव मंदिर की जमीन का पट्टा अपने पुत्र के नाम जारी कर दिया था। इस मामले में कराई गई जांच में वह दोषी पाई गई थी। ऐसे में उनका निलंबन सही था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि कांग्रेस की रशीदा खातून दिसंबर, 2020 में नगर परिषद के सभापति के तौर पर निर्वाचित हुई थी। इसके बाद 16 जुलाई, 2024 को उन्हें निलंबित किया गया और 17 मार्च को राजरानी शर्मा को सभापति नियुक्त किया गया।

## दोस्ती का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना इलाके में दोस्ती का झांसा देकर एक नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित नाबालिग की माँ ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

थानाधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि खोह नागोरियान इलाके में रहने वाली पीड़ित माँ ने मामला दर्ज कराया है कि उनकी नाबालिग बेटी को आरोपी युवक ने दोस्ती करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने नाबालिग से दोस्ती की और 17 मार्च को झूठ बोलकर उसे अपने घर पर ले गया। वहां पर आरोपी ने उसे साथ दुष्कर्म किया।

विरोध करने पर आरोपी ने उसे शादी करने का झांसा दिया। काफी समझाईश के बाद भी आरोपी सोमवार को नाबालिग को रास्ते में रोकर धमकी देते हुए अपने साथ ले गया। जिसके बाद पीड़िता की माँ ने थाने पहुंच मामले की जानकारी पुलिस को दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# छात्रसंघ चुनाव के लिए हाईकोर्ट में याचिका पेश

- अधिवक्ता शांतनु पारीक ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक छात्र को अपना प्रतिनिधि चुनने का संवैधानिक अधिकार हैं

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका पेश की गई है। जिस पर अगले सप्ताह सुनवाई संभव है। विश्वविद्यालय के एमए समाजशास्त्र प्रथम वर्ष के छात्र जय राव की ओर से दायर इस याचिका में प्रमुख उच्च शिक्षा सचिव और विवि के वीसी को पक्षकार बनाया गया है।

याचिका में अधिवक्ता शांतनु पारीक ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक छात्र को अपना प्रतिनिधि चुनने का संवैधानिक अधिकार हैं अपने प्रतिनिधि के माध्यम से ही विद्यार्थियों की समस्याएं प्रशासन तक पहुंचती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी केरल विश्वविद्यालय के मामले में इसे मूलभूत अधिकार माना है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट कर चुका है कि मूलभूत अधिकार को किसी कानून या कोर्ट आदेश से छीना नहीं जा सकता। वहीं लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के तहत हर साल छात्रसंघ चुनाव कराए जाने चाहिए। कमेटी की सिफारिश के अनुसार सत्र शुरु होने के छह से आठ सप्ताह के भीतर छात्रसंघ चुनाव होने चाहिए। याचिका में कहा गया कि विश्वविद्यालय ने लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के आधार पर एक कोड ऑफ कंडक्ट बना रखा है और यदि उसकी अवहेलना होती है तो नियमानुसार कार्यवाही का प्रावधान भी किया गया है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन की और से ही इसी कमेटी की सिफारिशों को नहीं माना जा रहा। याचिका में कहा गया कि कमेटी की सिफारिश होने सुप्रीम कोर्ट की ओर से इसे मूलभूत अधिकार घोषित करने के बावजूद भी राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन ने शैक्षिणक सत्र 2025-26 के लिए छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए अभी तक कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। कोर्ट पीआईएल कर चुकी खारिज- गौरतलब है कि साल 2023 में छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए जनहित याचिका दायर की गई थी। जिसे 19 अगस्त, 2023 को हाईकोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह पब्लिक इंटरेस्ट पिटीशन नहीं बल्कि पब्लिसिटी इंटरेस्ट पिटीशन है।

## विधायक जितेंद्र गोठवाल ने जनसुनवाई की

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने अपने क्षेत्रीय दौरे के अंतर्गत ग्राम पंचायत ईसरदा में जनसुनवाई कर ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं तथा कई मुद्दों का मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान गोठवाल ने ईसरदा में खेड़ा वाले बालाजी तक सड़क निर्माण हेतु 5 लाख रुपये देने की घोषणा की, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा होगी।

गोठवाल ने सोलपुर, ईसरदा, पार्वतीनगर और देवली के विद्यालयों की छत टपकने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मरम्मत के आदेश जारी किए। इसके साथ ही शिवाड़, सारसोप एवं ईसरदा के स्कूलों में छात्रों की सुविधा हेतु वाटर कूलर लगाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर विधायक जितेंद्र गोठवाल ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। उल्लेखनीय है कि वे हर दिन एक पौधा लगाने के संकल्प के तहत अपने संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में पर्यावरण सरंक्षण हेतु पौधारोपण कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, भाजपा कार्यकर्ता एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरकार डिजिटल शिक्षा को दे रही है बढ़ावा : सांसद मदन राठौड़

- देशभर के केजीबी विद्यालयों में 3564 आईसीटी लैब और 3655 स्मार्ट कक्षाएं स्थापित करने के लिए 28 हजार 841 लाख रूपए की राशि आवंटित : सांसद मदन राठौड़

**जयपुर।** देशभर में डिजिटल शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा महत्त्वपूर्ण पहल की गई है। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मोदी सरकार की ओर से सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज लगाने के साथ-साथ आईसीटी प्रयोगशालाएं संचालित की जा रही है। केंद्र सरकार ने शैक्षिणक वर्ष 2024-25 में देश के 29 राज्यों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 3564 आईसीटी प्रयोगशाला और 3655 स्मार्ट कक्षाएं स्थापित करने के लिए 28 हजार 841 लाख रूपए की राशि आवंटित की है। इसके साथ ही माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विषय विशिष्ठ प्रयोगशालाओं को शुरू करने के लिए समग्र शिक्षा के तहत 5989 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सदन में यह जानकारी दी।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से समग्र शिक्षा के तहत सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में आईसीटी प्रयोगशालाएं तथा स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। आईसीटी लैब के लिए पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रति विद्यालय 6.40 लाख रुपए तक का अनुदान और प्रतिवर्ष 2.40 लाख का आवर्ती अनुदान प्रदान किया जाता है। स्मार्ट क्लासेज में इंटरनेट सुविधा मुहैया करवाने के लिए राज्य सरकारों की ओर से बीएसएनएल के साथ अनुबंध करने और इंटरनेट शुल्क समग्र शिक्षा के तहत जारी अनुदान में से स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। भारत सरकार ने बजट 2025 में सुदूर क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारतनेट परियोजना के तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के प्रावधान तक की घोषणा की है।

# तीज उत्सव की भव्य तैयारियाँ शुरू, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ली बैठक

- राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को दिया आमंत्रण

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी अध्यक्षता में एवं प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति राजेश यादव तथा पर्यटन आयुक्त रूकमणि रियाड़, जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव एवं जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर की उपस्थिति में बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में 27 एवं 28 जुलाई को जयपुर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय तीज उत्सव की तैयारी के सम्बन्ध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



**उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी (बीच में) ने जयपुर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय तीज उत्सव की तैयारी के सम्बन्ध में चर्चा की**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उनके निवास पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को भेंट कर जयपुर में आयोजित हो रहें तीज उत्सव में पधारने के लिए आमंत्रित किया। इससे पूर्व मंगलवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को भी तीज उत्सव में पधारने के लिए आमंत्रित किया है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि तीज उत्सव में शामिल होने के लिए राजस्थान विधानसभा सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को भी मंगलवार को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर राज्य का पूरा मंत्री मंडल भी आमंत्रित किया जा रहा है। जयपुर के विधायक एवं पार्षद एवं जन प्रतिनिधिगण भी तीज उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किये जा रहें हैं।

उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि तीज उत्सव युवा पीढ़ी के लिए राजस्थान की रंग-बिरंगी संस्कृति परम्पराओं से रूबरू होने का अवसर है। उन्होंने बताया कि इस बार तीज उत्सव बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भव्य रूप से आयोजित होने वाले तीज उत्सव में राजस्थान की लोक कलाओं में निपुण लगभग 200 लोक - कलाकार अपनी कलाओं के प्रदर्शन से जयपुर वासियों सहित यहां आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों को अभिभूत करेंगे।

उप मुख्यमंत्री को पर्यटन विभाग की ओर से सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूप रेखा का प्रस्तुति करण दिया गया।

उप मुख्यमंत्री ने आयोजन में जयपुर की परम्परा अनुसार ज्यादा से ज्यादा महिलाएं शामिल होने की बात कही। उन्होंने इस अवसर पर महिलाओं को अधिकतम संख्या में पधारने के लिए सार्वजनिक रूप से निमंत्रण देकर सहभागिता के लिए निर्देश दिए।

दिया कुमारी ने बताया कि इस बार तीज माता के पूजन के लिए महिला पंडित भी होंगी। इसके साथ ही अलग से महिलाओं की झांकी होंगी। वहीं छोटी चौपड़ पर एक दिन 27 जुलाई को बड़ा मंच लगाकर तीज सवारी की आरती पूजा की जाएगी। पौण्ड्रीक पार्क में दो दिवसीय मेला आयोजित किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इसबार एक छोटी चौपड पर एक बड़ा मंच लगाकर भव्यता से तीज माता सवारी की पूजा की जाएगी। जिसमें राजयपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के शामिल होने की सम्भवना है। उन्होंने बताया कि वहां लोक कलाकारों द्वारा कलाओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** सोडाला थाना इलाके में एक सहकर्मी युवक ने अपनी महिला दोस्त को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई और नशे की हालत में उसके साथ दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीड़ियों बना लिया। जिसके बाद आरोपी वीड़ियों वायरल करने की धमकी देकर आए दिन उसे ब्लैकमेल करने लगा। रोज -रोज की धमकी से परेशान होकर युवती ने पुलिस की मदद ली। पुलिस ने पर्चा बयानों के आधार पर आरोपी युवक के लिए पॉस्को एक्ट का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 22 वर्षीय युवती का आरोप है कि वो पडोस में रहने वाले युवक के साथ ही जॉब करती थी सहकर्मी होने के कारण उसे बातचीत होती रहती थी। अप्रैल - 2025 में वो घर पर अकेली थी। इसी दौरान पड़ोसी युवक काम के बहाने से घर पर आया और धोखे से उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई। जिसके बाद वो बेहोश हो गई। बेहोशी ही हालत में आरोपी युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीड़ियों बना लिया। जिसके बाद आरोपी वीड़ियों वायरल करने की धमकी देकर आए दिन उसे ब्लैकमेल करने लगा।

# गहलोत और कांग्रेसी नेता बौखलाहट में फैला रहे अफवाहें : मदन राठौड़

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा लगाए गए आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए इसे राजनीतिक बौखलाहट और जनता को गुमराह करने की कोशिश बताया

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा लगाए गए आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए इसे राजनीतिक बौखलाहट और जनता को गुमराह करने की कोशिश बताया। राठौड़ ने कहा कि गहलोत संवैधानिक प्रक्रिया को समझे बिना टिप्पणी कर रहे हैं और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अनर्गल आरोप लगाकर उनका अपमान कर रहे हैं। धनखड़ जी ने इस्तीफा स्वास्थ्य कारणों के तहत दिया है।

वे दो-तीन बार कार्यक्रमों में भी अस्वस्थ होने के कारण अस्पताल में भी भर्ती हो चुके है। राठौड़ ने कहा कि ना तो गहलोत चिकित्सक है और ना ही धनखड़ जी के निजी चिकित्सक। जब एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इस्तीफा दे रहे है, तो इसमें राजनीति नहीं करनी चाहिए। अस्वस्थ होना कोई मजबूरी नहीं। कांग्रेस को हर चीज में साजिश क्यों नजर आती है? शायद इसलिए क्योंकि आज कांग्रेस देश में पूरी तरह अप्रासंगिक हो चुकी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि ऐसे में कांग्रेस द्वारा यह कहना कि संवैधानिक संस्थाओं को खत्म किया जा रहा है, महज झूठी कहानी गढ़ना है। राठौड़ ने गहलोत को घेरते हुए कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देने वाले खुद कैसे सत्ता में आए, ये भी बताएं। उन्होंने गहलोत से सवाल पूछा कि "राजस्थान में आपकी सरकार ने किस तरह लोकतंत्र का मजाक उड़ाया, यह देश जानता है।

आपने अपने ही विधायकों को बाड़ेबंदी में रखकर लोकतंत्र की हत्या की थी। आज वही नेता नैतिकता और लोकतंत्र की बातें कर रहे हैं।"

मदन राठौड़ ने गहलोत के 'कांग्रेस का स्टैंड पहले भी सही था, अब भी सही है' वाले बयान को राजनीतिक अहंकार और ढोंग बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की समस्या यह है कि वह हर बार खुद को ही सही मानती है, और जब जनता उसे नकार देती है, तो लोकतंत्र को दोष देने लगती है। वास्तव में, कांग्रेस कभी भी किसी पद की गरिमा का सम्मान नहीं करती। चाहे राष्ट्रपति हों, प्रधानमंत्री हों या अब उपराष्ट्रपति, कांग्रेस उनके पीछे साजिश के आरोप लगाकर संवैधानिक पदों की मर्यादा को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने बताया कि गहलोत वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन जिस तरह की बेतुकी बातें वे कर रहे हैं, उससे लगता है कि कांग्रेस बौखलाहट में लोकतांत्रिक संस्थाओं को ही निशाना बना रही है। देश का लोकतंत्र पूरी तरह स्वस्थ है और मजबूत है। गहलोत जैसे नेता उसे कमजोर दिखाकर सिर्फ अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे है। कहीं किसी जिले में 50 हजार तो किसी जिले में 1 लाख पेड़ लगाए गए है।

# 40 लाख की अफीम समेत तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

## तस्करों ने गाड़ी को करीब 500 मीटर तक रिवर्स दौड़ाया, पुलिस ने एक गाड़ी से टक्कर मारकर तस्कर की फॉर्च्यूनर गाड़ी को रोका

- आारोपी फॉर्च्यूनर गाड़ी से तस्करी करता है, आरोपी के पास डेढ़ लाख रुपए भी मिले
- पुलिस के मुताबिक यह अब तक सीकर जिले में अफीम जब्ती की सबसे बड़ी कार्रवाई है

**सीकर,** (निसं)। सीकर की सदर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इन्होंने सीकर में 3.770 किलो अफीम के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी फॉर्च्यूनर गाड़ी में तस्करी करता है। पुलिस को आरोपी के पास से डेढ़ लाख रुपए नगद भी मिले हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जब्त की गई अफीम की कीमत करीब 40 लाख रुपए है।

सदर थानाधिकारी इंद्राज मरोड़िया के अनुसार बीती रात पुलिस टीम के द्वारा सांवली चौकी के सामने नाकाबंदी की गई। इसी दौरान नाकाबंदी में एक फॉर्च्यूनर गाड़ी आराम से आकर रुकी। इसके बाद ड्राइवर ने गाड़ी को तेज स्पीड में वहां से भगाया और फिर तेजी से गाड़ी को बीकानेर बाइपास की तरफ ले जाने लगा। इसी दौरान हेड कांस्टेबल रतनलाल ने गाड़ी के फ्रंट ग्लास पर लाठी से वार किया। जिससे कि उसे गाड़ी का शीशा टूट गया। यह घटनाक्रम होने के बाद सीकर और आसपास के पुलिस थाना इलाके में नाकाबंदी करवाई गई। डीएसटी टीम और सदर थाना पुलिस फरार गाड़ी की तलाश में लगी रही। बाइपास और आसपास के गांवों की तरफ जाने वाले हर रास्ते पर पुलिस टीम रवाना हुई। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की गाड़ी मौल्यासी से सेवा की तरफ जा रही है।

ऐसे में डीएसटी टीम और थानाधिकारी की टीम वहां के लिए रवाना हुई। तासर से सेवा गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर फॉर्च्यूनर गाड़ी सामने से आती दिखी। ऐसे में फॉर्च्यूनर गाड़ी के ड्राइवर ने पुलिस को देखकर गाड़ी को रिवर्स में दौड़ाना शुरू किया। तस्करों ने गाड़ी को करीब 500 मीटर तक रिवर्स दौड़ाया। पुलिस ने एक गाड़ी से टक्कर मारकर तस्कर की गाड़ी को रोका। ऐसे में गाड़ी में बैठा हरी बाठोद मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने ड्राइवर मनोज कुमार (33) पुत्र चिमनाराम जाट निवासी गोडिया बड़ा को गिरफ्तार कर लिया। गाड़ी से 3.770 किलो अफीम और डेढ़ लाख रुपए की नगदी मिली।

पुलिस के मुताबिक आरोपी पर पूर्व में भी फतेहपुर में मामले दर्ज हैं। एनडीपीएस एक्ट के ही एक मामले में वह फरार चल रहा था। आरोपी और उसका साथी भीलवाड़ा से अफीम लेकर आते हैं। इसके बाद उन्हें शेखावाटी के चूरू, सीकर और झुंझुनू में अलग-अलग सप्लायर को सप्लाई करते थे। कोई उन पर शक ना करें इसलिए फॉर्च्यूनर गाड़ी में अफीम की तस्करी करते हैं। जब्त की गई अफीम की कीमत करीब 40 लाख रुपए है। आरोपी की गिरफ्तारी में सदर थाना पुलिस के अलावा डीएसटी टीम के इंचार्ज वीरेंद्र यादव, कांस्टेबल हरीश सहित अन्य की भूमिका रही। पुलिस के मुताबिक यह अब तक सीकर जिले में अफीम जब्ती की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

# गंभीर नदी का पुल पार करते समय दो युवक बहे

## जैसे ही बाइक सवार युवक पुल पर पहुंचे, तेज बहाव में उनकी बाइक फिसल गई

- एसडीआरएफ की टीम दोनों युवकों की तलाश में जुटी, दोनों की शिनाख्त नहीं हो पाई

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। हिंडौन-गंगापुर मार्ग पर बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में दो युवक गंभीर नदी के तेज बहाव में बह गए। जानकारी के अनुसार, यह हादसा करीब शाम चार बजे हुआ, जब दोनों युवक बाइक से पुल पार करने की कोशिश कर रहे थे। भारी बारिश और करौली के पांचना बांध से छोड़े गए पानी के कारण नदी उफान पर है, जिसके चलते पुल पर पानी का तेज बहाव है। प्रशासन ने पहले ही पुल पर वाहनों की आवाजाही रोक दी थी, इसके बावजूद कुछ वाहन चालक जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही बाइक सवार युवक पुल पर पहुंचे, तेज बहाव में उनकी बाइक फिसल गई और दोनों युवक पानी में गिरकर लापता हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही हिंडौन सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि नदी में तेज बहाव के कारण युवकों की तलाश में कठिनाई आ रही है। राज्य आपदा मोचन बल की टीम को बुलाया गया है, जो मौके पर पहुंचकर खोजबीन में जुट गई है। देर शाम तक दोनों युवकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। करौली जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे गंभीर नदी या अन्य जल स्त्रोतों के नजदीक न जाएं और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। प्रशासन ने पुल के दोनों ओर पुलिस बल तैनात कर दिया है ताकि दोबारा कोई ऐसी घटना न घटे।


राजस्थान सरकार
**कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, करौली**

क्रमांक-खअ/करौ/बजरी अवैध/2025/ दिनांक 15.07.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा अवैध खनन/निर्गमन/भण्डारण की चैकिंग के दौरान जब्त की गयी खनिज बजरी की नीलामी दिनांक 06.08.2025 को प्रात 11.00 बजे कार्यालय खनि अभियन्ता, करौली परिसर में की जावेगी। इच्छुक बोलीदाता नीलामी से पूर्व बयाना राशि एवं प्रतिभूति राशि का डी.डी. खनि अभियन्ता, करौली के पक्ष में कार्यालय में जमा कराकर बोली में भाग ले सकेंगे।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | भण्डारण स्थल | अनुमानित मात्रा | अनुमानित लागत मूल्य | बयाना राशि | अमानता राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खनिज बजरी | पंवारपुरा (हाडौती) तहसील सपोटरा | 9870 टन | 64,15,500/- | 128310/- | 320775/- |

नोट-नीलामी से संबंधित शर्तो एवं खनिज बजरी के स्टॉक (भण्डारण) की सूची का अवलोकन विभागीय वेबसाईट mines.rajasthan.gov.in पर जाकर किया जा सकता है एवं इस संबंध में जानकारी कार्यालय दिवस में कार्यालय सेभी प्राप्त की जा सकती है।

(डी.एस. मीना)
खनि अभियन्ता, करौली
DIPR/C/10128/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड उदयपुर**

क्रमांक-938 दिनांक-14.07.2025

**NIT NO. 08/2025-26**
**Notice Inviting Bid No. PWD2526A2012**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगर खण्ड उदयपुर के अधीन उपखण्ड पंचम के अन्तर्गत भवन निर्माण/भवन मरम्मत सुदृढीकरण एवं नवीनीकरण कार्य एवं राजकीय समारोह एवं अन्य कार्यो हेतु टन्ट, बेरिकेटिंग कार्य के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त पात्र श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष से पांच वर्ष की गारन्टी अवधि सहित निम्न कार्यो की निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | भवन कार्य-कुल (05) कार्य |
| निविदा की कुल लागत | राशि रू. 295.60 लाख |
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 21.07.2025 प्रात 9.30 बजे से 30.07.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 31.07.2025 साय 4.00 बजे से |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "http://dipr.rajasthan.gov.in", "http://eproc.rajasthan.gov.in" तथा "sppp.rajsthan.gov.in" पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया "http://eproc.rajasthn.gov.in" पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।
**UBN NO.- 1. PWD2526SSOB07248, 2. PWD2526WSOB07251, 3. PWD2526WSOB07254, 4. PWD2526WSOB07258, 5. PWD2526WSOB07261**

(आर.के. मुदंडा)
अधिशाषी अभियंता
सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड उदयपुर
DIPR/C/10157/2025



**कार्यालय जोधपुर नगर निगम उत्तर**

क्रमांकः– विकास/उत्तर/द्वितीय/2025–26/1075 दिनांकः– 22.07.2025

–:: ई–निविदा सूचना संख्या ::–
(UB NO. DLB2526WSOB12064)

नगर निगम जोधपुर की ओर से विभिन्न विकास कार्य हेतु ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते इत्यादि वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.raj.nic.in पर एवं जोधपुर नगर निगम उत्तर की वेबसाईट https://lsg.rajasthan.gov.in/mcjn देखी जा सकती है।

महापौर, नगर निगम, जोधपुर उत्तर — आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर उत्तर
राज.संवाद/सी/25/6761


# घर में घुसकर लूट करने के मामले में तीन हथियारबंद लुटेरे गिरफ्तार

- पुलिस ने टायर ब्रस्टर से बाइक रोककर लुटेरे पकड़े, दो अन्य वारदातें भी कबूली
- आरोपियों के पास से देसी पिस्तौल, जिंदा कारतूस, धारदार हथियार और चाकू बरामद

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जवाहर थाना पुलिस ने टायर ब्रस्टर लगाकर महज आठ घंटे में घर में घुसकर लूट करने के तीन हथियारबंद लुटेरों को दबोचा। श्रीगंगानगर की पूजा कॉलोनी में मंगलवार को दिनदहाड़े हुई लूट का पुलिस ने आठ घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने तीन हथियारबंद लुटेरों को गिरफ्तार किया। आरोपी बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर भाग रहे थे, पुलिस ने साधुवाली के पास भारतमाला रोड पर टायर ब्रस्टर का इस्तेमाल कर गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से देसी पिस्तौल, जिंदा कारतूस, धारदार हथियार और चाकू बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी सादुलशहर क्षेत्र के रहने वाले हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को थानाधिकारी देवेंद्र सिंह थाना जवाहरनगर मय स्टाफ साधुवाली क्षेत्र में नाकाबंदी पर मौजूद थे। इसी दौरान घमुडवाली थाने के कॉन्स्टेबल नाजम सिंह ने थानाधिकारी को फोन पर सूचना दी कि वह कॉन्स्टेबल नायब सिंह और कॉन्स्टेबल रामप्रताप के साथ पूजा कॉलोनी लूट के आरोपियों की तलाश में है। तीन संदिग्ध युवक बिना नंबर की काली बाइक पर करणपुर बाइपास तिराहे पर खड़े हैं। पुलिस को देख तीनों युवक तेजी से मिर्जेवाला होते हुए भारतमाला रोड की ओर भागे हैं। सूचना पर थानाधिकारी जवाहरनगर ने चौकी साधुवाली से टायर ब्रस्टर मंगवाकर नाकाबंदी शुरू की। कुछ ही देर में एक मोटरसाइकिल तेज गति से आती दिखाई दी, जिस पर तीन युवक सवार थे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे नहीं रुके और स्पीड और बढ़ा दी। आगे खड़े कॉन्स्टेबल हेमराज को पुलिस ने इशारा कर टायर ब्रस्टर बिछाने को कहा। ब्रस्टर से बाइक के टायर पंचर हो गए और तीनों युवक बाइक सहित सड़क पर गिर गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को मौके पर ही काबू कर लिया। गिरने से तीनों युवकों के हाथ–पैरों व शरीर पर हल्की चोटें आई हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अग्रेंज अली पुत्र अयूब खां (28) निवासी खेरूवाला थाना सादुलशहर, शेर खां पुत्र रहमत अली (23) निवासी खेरूवाला थाना सादुलशहर और करण कुमार पुत्र कश्मीरी लाल (21) निवासी करड़वाला रोड, सादुलशहर के रूप में हुई है। तीनों ही सादुलशहर क्षेत्र निवासी हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना जवाहरनगर में मामला दर्ज किया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि उन्होंने 12 जुलाई को थाना घमुडवाली क्षेत्र के बींझबायला गांव में घर में घुसकर, 20 जुलाई की रात को थाना जवाहरनगर क्षेत्र के के–ब्लॉक में तथा 22 जुलाई को थाना सदर क्षेत्र में दिन में पिस्तौल और चाकू की नोक पर लूट की वारदात की थी। तीनों वारदात कबूल करने के बाद पुलिस अन्य वारदातों में भी संलिप्तता को लेकर बदमाशों से पूछताछ में जुटी हुई है।


**कार्यालय नगर परिषद झुन्झुनू (राज)**

क्रमांक : नपझुं./श्री अ.र.यो./2025–26/7274 दिनांक 22.07.2025

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (Expressions of Interest-EoI) का आमंत्रण**

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना संचालित की जा रही है।योजना के संचालन का मूल उद्देश्य न्यूनतम लागत पर जरूरतमंद आमजन को सेवाभाव के आधार पर भोजन उपलब्ध कराना है।

अतः इस कार्यालय के आदेश कमांक नपझु/श्री अ.र.यो./2025–26/7273 दिनांक 22.07.2025 को जारी की गई ई.ओ.आई. के दौरान प्राप्त आवेदनों को शामिल कर व्यवसायिक हित के स्थान पर सेवाभाव के आधार पर कार्य करने के इच्छुक प्रतिष्ठित गैर शासकीय/धार्मिक/स्वयं सेवी कल्याणकारी संस्था/सहकारी संस्था/फर्म/कॉर्पोरेट/स्थानीय स्वयं सहायता समूह/क्षेत्र स्तरीय संघ/नगर स्तरीय संघ को रसाईयों के संचालन हेतु झुंझुंनू जिले की समस्त नगर निकायों में सुचीबद्व (Empanel) एवं चयन करने हेतु दिनांक 04.08.2025 को सांय 4.00 बजे तक अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EoI) आमंत्रित की जाती है।

नगरीय निकायवार रसोईयों की संख्या विस्तृत निम्न प्रकार है–

| क सं. | जिला का नाम | नगर परिषद/नगर पालिका | प्रस्तावित रसोईयों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | झुंझुनूं | नगर परिषद,झुंझुनूं | 6 |
| 2 | झुंझुनूं | नगर पालिका,चिड़ावा | 2 |
| 3 | झुंझुनूं | नगर पालिका,नवलगढ | 2 |
| 4 | झुंझुनूं | नगर पालिका,खेतड़ी | 2 |
| 5 | झुंझुनूं | नगर पालिका,उदयपुरवाटी | 2 |
| 6 | झुंझुनूं | नगर पालिका,मण्डावा | 2 |
| 7 | झुंझुनूं | नगर पालिका,मुकुन्दगढ | 2 |
| 8 | झुंझुनूं | नगर पालिका,बिसाऊ | 2 |
| 9 | झुंझुनूं | नगर पालिका,पिलानी | 1 |
| 10 | झुंझुनूं | नगर पालिका,विद्याविहार | 2 |
| 11 | झुंझुनूं | नगर पालिका,सुरजगढ | 2 |
| 12 | झुंझुनूं | नगर पालिका,बग्गड़ | 2 |
| | | कुल | 27 |

प्रत्येक रसोई हेतु आवेदन पत्र अलग–अलग प्रस्तुत करना होगा। इच्छुक आवेदक कार्यालय नगर परिषद झुंझुनूं में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करेगा। निर्धारित प्रपत्र नगर परिषद झुंझुनूं कार्यालय में कमरा नंम्बर–23 से दिनाक 24.07.2025 से 04.08.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EoI) तथा योजना के दिशा निर्देश (गाईड लाईन) नगर परिषद, झुंझुनूं से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त एवं पदेन सचिव
जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति, झुंझुनूं
राज.संवाद/सी/25/6777



**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/108 - 110 Date : 21/07/2025

**ई-निविदा संशोधन सूचना**

उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी ई–निविदा सूचना संख्याः 25/2025–26 के क्र.सं. –01 (Electrical Beautification and Facade Illumination Work at Nehru Garden, FatehSagar Lake, Udaipur) की तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया गया है, ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड एवं EMD, Tender Fee & Processing Fee Online दिनांकः 05/08/2025 को सांयः 6.00 बजे तक जमा की जा सकेगें एवं दिनांकः 06/08/2025 को प्रातः 11.00 बजे तकनिकी बिड् खोली जावेगी। अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

अधिशाषी अभियन्ता - विद्युत
उदयपुर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/25/6726



**नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)**

क्रमांक–निर्माण शाखा/निविदा/2025/1496–98 दिनांक : 22.07.2025

**निविदा सूचना**

नगरपालिका, रतनगढ़ निम्न कार्यो हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायर्स से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 29.07.2025 को दोपहर 11.00 बजे तक विकय की जाकर दिनांक 29.07.2025 को को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्रस्तुत सभी निविदाऐं दिनांक 29.07.2025 को मध्यान्ह् पश्चात् 5.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जावेगी। कार्य से संबंधित शर्ते एवं विवरण निम्न हस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है। कार्यो का विवरण लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.raj.nic.in) पर भी देखी जा सकती है।
NIB code- DLB2526A3711
UBN:- DLB2526WSOB11781, DLB2526WSOB11782

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रतनगढ़
राज.संवाद/सी/25/6704


# 16.57 लाख की नगदी और सोने के साथ युवक गिरफ्तार

## जब्त सोने की कीमत करीब पांच लाख रुपए बताई है

- पकड़े गए आरोपी की पहचान जयदीप मराठा, निवासी सांगली (महाराष्ट्र) के रूप में हुई

**सीकर,** (निसं)। सीकर जिले की लोसल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान लाखों रुपए का कैश और सोने के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 16 लाख 57 हजार 600 रुपए की नकदी और 47 ग्राम 100 मिलीग्राम सोना जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जयदीप मराठा (26), निवासी सांगली (महाराष्ट्र) के रूप में हुई है। सोने की कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई गई है।

लोसल पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक आरोपी कैश और सोना लेकर लोसल कि तरफ आ रहा है, जिसके बाद पुलिस ने थाने के सामने नाकाबंदी की। इस दौरान एक बाइक सवार युवक को रोककर उससे पूछताछ की और तलाशी ली। तलाशी में युवक के पास से 16.57 लाख रुपए कैश और 47.100 मिलीग्राम सोना बरामद हुआ। आरोपी के पास इनके वैध दस्तावेज नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने बाइक को भी जब्त कर लिया। पुलिस ने जब्त कैश और सोने के संबंध में आयकर विभाग को सूचित कर अलग से कार्रवाई शुरू की है। आरोपी से नगदी और सोने के बारे में गहन पूछताछ जारी है। युवक से कई और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है।


**Office of Assistant Commissioner Devsthan Department Bikaner**

NO 02/RFP/2025-26/1225 Date: 16-06-2025

**NOTICE INVITING BID (E-BID NOTICE)**

Devasthan Department, Government of Rajasthan invites competitive e-bids from eligible bidders for "Selection of Consultant Agency for Preparation of DPRs and Providing Architectural Supervision Services for Development Works at 7 Temples under Assistant Commiossioner Devsthan Department Bikaner Division (Rajasthan)".

| UBN no | Estimated value of work (inclusive GST) | Estimated Consultancy Cost 2% of estimated value of work (inclusive GST) | RISL Processing Fee(Rs.) | Bid Document Fee | Bid Security (EMD) | perfomance security amount 5% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DEV2526SSRC00046 | 1.80 Crore | 3.60 lakhs | 500/- | 2000/- | 7200/- | 18000/- |

Detailed Bid Document for the Work can be downloaded from procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in and https://devasthan.rajasthan.gov.in/Tenders.asp All further updates will be available only on www.eproc.rajasthan.gov.in therefore interested parties are advised to visit the website regularly



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर**

क्रमांक :- एफ ( )/निविदा/2025-26/1239 दिनांक :- 22/07/2025

**NOTICE INVITING BID**
**NIT No. 20/2025-26**

Bids for Production Works Under PMKSY 2.0 project area in Ahore of estimated Value INR 45.62 Lacs are invited from interested bidders Up to 3.00 PM 29/07/2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https//eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state.

| NIT NO. | Work Name & Block | NIB No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| NIT-20/2025-26 | Varksh Kunj with Horticulture Plantation Nirman (Ahore) | WSC2526 A0508 | WSC2526 WSRC00868 |

Raj.Samwad/C/25/6732 SE & PM, WCDC



**नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)**

क्रमांक–निर्माण शाखा/निविदा/2025/1488–90 दिनांक : 22.07.2025

**निविदा सूचना**

नगरपालिका, रतनगढ़ निम्न कार्यो हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायर्स से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 25.07.2025 को दोपहर 11.00 बजे तक विकय की जाकर दिनांक 25.07.2025 को को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्रस्तुत सभी निविदाऐं दिनांक 25.07.2025 को मध्यान्ह् पश्चात् 5.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जावेगी। कार्य से संबंधित शर्ते एवं विवरण निम्न हस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है। कार्यो का विवरण लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.raj.nic.in) पर भी देखी जा सकती है।
NIB code- DLB2526A3712
UBN:- DLB2526SSOB11783

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रतनगढ़
राज.संवाद/सी/25/6703


# चोरी की बढ़ती वारदातों से ग्रामीणों में रोष

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के रायला थाना क्षेत्र में गत कुछ दिनों में एक दर्जन से ज्यादा चोरियों की वारदातें सामने आने के बाद ग्रामीणों ने रायला कस्बा बंद रख प्रदर्शन किया और टायर जला पुलिस के खिलाफ आक्रोश जताया।

जानकारी के अनुसार रायला क्षेत्र में गत कुछ दिनों के भीतर ही अज्ञात चोरों ने कई मंदिरों और सूने मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। क्षेत्र में पुलिस की ढीली गश्त व्यवस्था के चलते दिनों–दिन बढ़ती चोरी की वारदातों से आक्रोशित ग्रामीणों ने आज रायला कस्बा बंद रख पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रायला चौराहे के बार ग्रामीणों ने टायर जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और विश्व हिंदू परिषद और ग्रामीणों की मौजूदगी में कुछ देर में एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया।


**कार्यालय उप वन संरक्षक, वन्य जीव कोटा (राज.)**

जे.के. पेयेलियन, अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के सामने, नयापुरा, कोटा फोन नं.-0744-2321263
Mail ID 1-defwl.kota.forest@rajasthn.gov.in- 2. dcfw1232@gmail.com

क्रमांक-एफ ()विकास/उवस/वजी/2025-26/4744 दिनांक-14.07.2025

**ई-निविदा सूचना सं. 02/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस वन्यजीव मण्डल के अधीन वन्य जीव अभयारण्य, शेरगढ (जिला बारां) में कैम्पा योजना अन्तर्गत परवन डैम प्रोजेक्ट के तहत Construction of enclosure for herbivores augmentation Neemthoor का कार्य करवाया जाना है। उक्त कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत सार्वजनिक निर्माण विभाग व राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों जो राज्य सरकार के नियमानुसार श्रेणी में संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | प्रोससिंग फीस | चालान द्वारा जमा होने वाले वाले शुल्कों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of enclosure for herbivores augmentation Neemthoor | 105.73 लाख | 211460/- | 1000/- | 120 दिवस | 2000/- | 7. ई-ग्रास के माध्यम से निविदा शुल्क की राशि जरिये चालान लेखामद 0075-00-800-52-01 में जमा की जावें। 8. धरोहर राशि लेखामद 8443-00-109-00-00 में जमा की जावें। 9. प्रोसेसिंग शुल्क लेखामद 8658-00-102-16-03 में जमा की जावें। |

| | | |
|---|---|---|
| कार्यालय का नाम | - | उप वन संरक्षक, वन्य जीव, कोट |
| ऑन लाइन निविदा फार्म मिलने व जमा करवाने की तारीख | - | 15.07.2025 से 30.07.2025 को सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की तारीख | - | 31.07.2025 को अपरान्ह 3 बजे |
| दोष निवारण अवधि | - | 5 वर्ष |
| निविदा वैधता अवधि | - | 90 दिवस |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.in & http://eproc.rajasthan. पर व कार्यालय में देखी जा सकती है।
1. UBN NO. FOR2526WSOB00966
DIPR/C/10117/2025 उप वन संरक्षक, वन्य जीव, कोटा



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमांकः 1128-1136 दिनांकः 15.07.2025

**ई-निविदा सूचना संख्याः 03/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला करौली (खण्ड टोडाभीम) में सड़क / भवन कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा से संबंधित समस्त विवरण बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।
1. PWD2526WSOB07176, 2. PWD2526WSOB07177, 3. PWD2526WSOB07178
4. PWD2526WSOB07186, 5. PWD2526WSOB07187, 6. PWD2526WSOB07192

(के. के. मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम
DIPR/C/10145/2025


# मंदिर में हुई चोरी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**राजलदेसर,** (निसं)। राजलदेसर तहसील के निकटवर्ती ग्राम भानुदा में चोरों ने मंदिर को निशाना बनाकर चोरी की थी। पुलिस ने मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया है।

राजलदेसर थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने बताया कि हीरालाल पुत्र रूघाराम शर्मा भानुदा ने उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट पेश कर बताया कि ग्राम भानुदा में स्थित भलूजी महाराज के पुराने मंदिर से 21 जुलाई की रात्रि को कोई अज्ञात चोर ताला ताड़कर मंदिर के अन्दर लगे चांदी के छतर चोरी करके ले गया। पुलिस ने जांच शुरू कर छानबीन की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार के निकट सुपरविजन में कमलेश कुमार थानाधिकारी पुलिस राजलदेसर के निर्देशन में थाना स्तर पर विभिन्न टीमों का गठन किया गया, टीमों द्वारा त्वरित



पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया।

कार्रवाई करते हुए संदिग्ध सुरेन्द्र पुत्र गणेशाराम जाट निवासी भानुदा बिदावतान व ताराचन्द पुत्र सुरेश नायक निवासी भानुदा बिदावतान को डिटेन कर गहनता से पूछताछ की गई। संदिग्ध सुरेन्द्र व ताराचन्द ने पूछताछ में ग्राम भानुदा में भलूजी महाराज के मंदिर में की चोरी की घटना को स्वीकार किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 25 जुलाई तक का पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया गया एवं मंदिर से चोरी किये गए चांदी के छत्र के बारे में पूछताछ की जा रही है।


**कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.**
Office of The Municipal Board, Deoli (Tonk) Rajasthan
Tel.- (01434) 232013, E-mail : npdeoli@gmail.com

क्रमांक/न.पा.दे./विकास/ई निविदा/2025–26/2454 दिनांक : 22.07.2025

**ई–निविदा सूचना संख्या (05/2025–26)**

नगरपालिका देवली (टोंक) द्वारा नगर निकाय देवली एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्व ठेकेदारों/संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन–लाईन निविदा दिनांक 25.07.2025 को प्रातः 9.00 बजे से 06.08.2025 को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित निविदा प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जरिये RTGS/NEFT द्वारा HDFC Bank Account Number 25991450000134 IFSC Code HDFC0002599 में दिनांक 06.08.2025 को सायं 6.00 बजे तक जमा करवाकर Transction ID सहित बैंक स्टेटमेन्ट की प्रति ऑनलाईन अपलोड करनी होगी। तकनीकी बिड दिनांक 07.08.2025 को एवं वित्तीय बिड तकनीकी निविदा सफल होने के बाद खोली जावेगी। निविदा फार्म एवं ई–निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में उपलब्ध है। 01 कार्य की कुल लागत 45.00 लाख है।
NIB Code – DLB2526A3804
UBN No. - DLB2526WSOB12065

अध्यक्ष, नगरपालिका देवली — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका देवली
राज.संवाद/सी/25/6695



**कार्यालय उप वन संरक्षक, वन्य जीव कोटा (राज.)**

जे.के. पेयेलियन, अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के सामने, नयापुरा, कोटा फोन नं.-0744-2321263
Mail ID 1-defwl.kota.forest@rajasthn.gov.in- 2. dcfw1232@gmail.com

क्रमांक-एफ ()विकास/उवस/वजी/2025-26/4750 दिनांक-14.07.2025

**ई-निविदा सूचना सं. 03/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस वन्यजीव मण्डल के अधीन वन्य जीव अभयारण्य, शेरगढ (जिला बारां) में कैम्पा योजना अन्तर्गत परवन डैम प्रोजेक्ट के तहत पक्की दीवार निर्माण कार्य करवाया जाना है। उक्त कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत सार्वजनिक निर्माण विभाग व राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों जो राज्य सरकार के नियमानुसार श्रेणी में संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | प्रोससिंग फीस | चालान द्वारा जमा होने वाले वाले शुल्कों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of wall from Badora Village to Shergarh 3000 Rmt.(6 Feet Height) | 117.77 लाख | 235540/- | 1000/- | 120 दिवस | 2000/- | 7. ई-ग्रास के माध्यम से निविदा शुल्क की राशि जरिये चालान लेखामद 0075-00-800-52-01 में जमा की जावें। 8. धरोहर राशि लेखामद 8443-00-109-00-00 में जमा की जावें। 9. प्रोसेसिंग शुल्क लेखामद 8658-00-102-16-03 में जमा की जावें। |
| 2 | Construction of wall from Datasaheb to Jhalawar Forest Division Plantation Boundary 2000 Rmt.(6 Feet Height) | 78.58 लाख | 157040/- | 1000/- | 120 दिवस | 1500/- | |

| | | |
|---|---|---|
| कार्यालय का नाम | - | उप वन संरक्षक, वन्य जीव, कोट |
| ऑन लाइन निविदा फार्म मिलने व जमा करवाने की तारीख | - | 15.07.2025 से 30.07.2025 को सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की तारीख | - | 31.07.2025 को अपरान्ह 3 बजे |
| दोष निवारण अवधि | - | 5 वर्ष |
| निविदा वैधता अवधि | - | 90 दिवस |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.in & http://eproc.rajasthan. पर व कार्यालय में देखी जा सकती है।
1. UBN NO. FOR2526WSOB00968, UBN NO. FOR2526WSOB00969
DIPR/C/10118/2025 उप वन संरक्षक, वन्य जीव, कोटा

## शातिर चेन स्नैचर गिरफ्तार

**जयपुर।** चाकसू थाना पुलिस ने चेन स्नेचिंग की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर चैन स्नैचर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात के काम में ली गई लूटा गया मंगलसूत्र बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित ने चेन स्नेचर गिरोह के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। गिरफ्तार आरोपित से पुलिस अन्य वारदात खुलने की संभावना जताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि चाकसू थाना पुलिस ने चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले शातिर चैन स्नैचर श्रवण चौधरी निवासी चाकसू को गिरफ्तार किया है और उसके पास से वारदात के काम में ली गई बाइक सहित मंगल सूत्र बरामद किया है।

गौरतलब है कि थाना इलाके में रहने वाले राजेश यादव ने मामला दर्ज कराया था कि 21 जुलाई की शाम को वह ग्राम भाज्याडा की तरफ उसकी बहन कोमल भैंस को पानी पिलाने के लिए लेकर जा रहीं थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार बाइक पर दो अज्ञाक बदमाश आए और झपट्टा मार कर गले से सोने का मंगल सूत्र तोड़कर ले गए। मामला दर्ज होने के बाद विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस विशेष टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपित श्रवण चौधरी को डिटेन कर लिया।

# हिन्दू समाज में तीर्थों की असाधारण महिमा : जोराराम कुमावत



केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ( बांये ) ने राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का उद्घाटन किया।

■ रामेश्वरम के लिए "राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन" रवाना

**जयपुर।** पुरानी परंपरा है कि हर व्यक्ति को तीर्थ यात्रा जरूर करनी चाहिए। मंदिरों और तीर्थों को ऊर्जा का केंद्र माना जाता है। इसी वजह से मंदिर या तीर्थ पर जाने से हमारे मन को शांति मिलती है। शांत मन और सकारात्मक सोच के साथ किए गए काम में सफलता मिलती है। नई ऊर्जा मिलती है। यह बात राजस्थान सरकार के देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को देवस्थान विभाग की ओर से वरिष्ठजन तीर्थयात्रा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने रामेश्वरम-मदुरई के लिए "राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन" को दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

देवस्थान मंत्री ने कहा कि भारतीय हिन्दू समाज में तीर्थों की असाधारण महिमा है। प्राचीन एवं मध्यकालीन समय में भारतवर्ष में तीर्थयात्राओं के माध्यम से समाज को अनेक प्रकार के लाभ प्राप्त हुए। तीर्थस्थल भारतवर्ष की अखण्डता के जीवंत प्रतीक हैं। भिन्न-भिन्न जातियों एवं सम्प्रदायों के अनुयायी धार्मिक भावना से अभिप्रेरित होकर पारस्परिक भेदभाव को भुलाकर तीर्थ-स्थलों की यात्रा करते हैं। इस प्रकार एक सुदृढ़ सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता की स्थापना होती है।

देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस ट्रेन के जरिए कुल 11 जिलों- जयपुर, अलवर, सीकर, झुंझुंनु, दौसा, खैरथल-तिजारा, कोटपुतली-बहरोड़, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, करौली जिले के कुल 776 वरिष्ठजनों सहित 800 यात्री रामेश्वरम व मदुरई के रवाना हुए हैं। जयपुर से 550 यात्री व सवाई माधोपुर से 250 यात्री सवार हुए हैं। यह ट्रेन 25 जुलाई को रामेश्वरम पहुंचेगी, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी ज्योतिर्लिंग, धनुषकोटि, ब्रह्मकुंड के दर्शन मुख्य रूप से कराएगी। इसके बाद मदुरई में मिनाक्षी मंदिर के दर्शन उपरांत ट्रेन पुनः जयपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

कुमावत ने बताया कि यात्रा में सभी यात्रियों की देख-रेख हेतु एक ट्रेन प्रभारी, प्रत्येक कोच में दो सरकारी कर्मचारी अनुदेशक, साथ ही एक डॉक्टर व दो नर्सिंग अधिकारी भी रहेंगे। राजस्थान वाहिनी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन में कुल 14 कोच हैं, जिसमें 10 यात्री कोच हैं। प्रत्येक तीर्थयात्री को तुलसी माला व पटवस्त्र देकर विदा किया गया है। राजस्थान के दुर्ग, पुरासम्पदा, मंदिर, नृत्य, वाद्य, उत्सव, कला आदि वैशिष्ट्य की थीम पर अलग-अलग डिब्बों को सजाया गया है। मरुधरा में सूर्योदय व सूर्यास्त की स्वर्णिम आभा को प्रदर्शित करने के लिए इसकी थीम में पीताभ केसरिया रंग को वरीयता दी गयी है। डिजाइन में राजस्थान के राजसी स्वरूप के साथ-साथ मंदिर व शुभत्व के विविध प्रतीकों व चिह्नों का भी प्रयोग किया गया है। डिजाइन में राजस्थान की पहचान बने पशु-पक्षियों को भी विशेष स्थान दिया गया है। इनमें गाय व ऊँट के अतिरिक्त रणथम्भौर के बाघ व तालछापर के कृष्णमृग को भी स्थान दिया गया है।

इससे पहले देवस्थान मंत्री ने रिबन काटकर ट्रेन में तीर्थ यात्रियों से मुलाकात कर उनके लिए उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

इस मौके पर देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत के पहुंचने पर उनका फूल मालाएं पहनाकर, बुके देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त रतनलाल योगी व महेंद्र कुमार देवतवाल, निरीक्षक सुरेंद्र कुमार पूनिया, आईआरसीटीसी के प्रदीप माहेश्वरी, भाजपा जयपुर के जिलाध्यक्ष अमित गोयल आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट सिटी सीईओ डॉ निधि पटेल ने की समीक्षा

## स्मार्ट सिटी प्रोजक्ट में चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द करें पूरा-सीईओ निधि पटेल

■ सिटीज 2.0 की परियोजनाओं में नवाचार पर ठोस प्लान बनाने के दिए निर्देश

**जयपुर।** जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ निधि पटेल ने बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में समीक्षा बैठक की।

इस दौरान स्मार्ट सिटी सीईओ निधि पटेल ने स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे प्रगति रत प्रोजेक्ट को समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सीईओ निधि पटेल ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को चल रहे कार्यों की गुणवत्ता को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा किए जा रहे कार्यों में गणगौरी गर्ल्स कॉलेज और पंडित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में शेष कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है। साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता वाली सामग्री का ही उपयोग किया जाएं, इसकी मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए है। इसके वाला सिटीज 2.0 के तहत जयपुर शहरवासियों को अधिका लाभ मिलें, इसके लिए ठोस प्लान बनाने के निर्देश दिए गए।

सीईओ निधि पटेल ने परियोजनाओं में नई तकनीकी आधारित विजन को शामिल करने और नवाचार लागू करने के लिए स्मार्ट सिटी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिससे कि आमजन को और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता दिनेश चंद्र गोयल, अधिशाषी अभियंता अमित गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आयकर विभाग ने प्रॉपर्टी कारोबारी के कार्यालय में मारी रेड

**जयपुर।** आयकर विभाग (आईटी डिपार्टमेंट) की अन्वेषण शाखा की ओर से बुधवार को एक प्रॉपर्टी कारोबारी के कार्यालय में छापेमारी की कार्रवाई की गई। आयकर टीम को जमीन के एक बड़े सौदे में एक करोड़ से ज्यादा की नकदी का इनपुट मिला था। टीम को छापेमारी में मिले दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस की जांच की जा रही है।जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा को सूचना मिली थी कि जयपुर के गोपालपुरा मोड़ के पास सैनी प्रॉपर्टी की ओर से जमीन का एक बड़ा सौदा किया गया है। प्रॉपर्टी कारोबारी की ओर से टैक्स चोरी के लिए नकद में लेनदेन किया जा रहा है। एक करोड़ से ज्यादा की नगदी का सौदा होने जा रहा है। इस पर आयकर विभाग की ओर से गोपनीय सूचना पर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। टीम की ओर से प्रॉपर्टी कारोबारी के कार्यालय में दबिश दी गई। छापेमारी की कार्रवाई में टीम को एक करोड़ से ज्यादा की नकदी मिलना सामने आया है। डीएलसी और बाजार रेट में अंतर पर टैक्स चोरी के लिए बड़ी नकदी में डील की जा रही थी।

# मामूली कहासुनी में चाकू से वार कर युवक की हत्या

■ पुलिस ने हत्या के काम में लिए जाने वाले चाकू को भी बरामद कर लिया है

**जयपुर।** संजय सर्किल थाना में एक बदमाश ने सब्जी बेचने वाले युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ कर उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार होने में कामयाब हो गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। वहीं पुलिस ने बुधवार को मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या के काम में लिए जाने वाले चाकू को भी बरामद कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) बजरंग सिंह शेखावत ने बताया थाना इलाके में स्थित हाजी कॉलोनी में मंगलवार देर रात गली के नुक्कड़ पर फरमान अपने पांच-सात दोस्तों के साथ बैठा था।

तभी सब्जी बेचने वाले वाजिद (22) भी वहां पहुंच गया और मामूली सी बात को लेकर दोनो में कहासुनी हो गई। तभी गुस्साए फरमान ने जेब से चाकू निकाल कर वाजिद पर ताबड़तोड वार करना शुरु कर दिया।

गंभीर रुप से घायल वाजिद सड़क पर गिर पड़ा। जिसके बाद आरोपी फरमान मौके से फरार हो गया। घबराए दोस्तों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल अवस्था में वाजिद को सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जहां पर उपचार दौरान वाजिद ने दम तोड़ दिया।

मेडिकल इत्तला मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर आरोपी फरमान उर्फ सद्दीक (19) हाजी कॉलोनी निवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या के काम में लिए जाने वाले चाकू को भी बरामद कर लिया है।

## देशी कट्टा सहित बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** रामनगरिया थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर देशी -कट्टा सहित एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से अवैध हथियार खरीद-फरोख्त करने के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहीं है।

डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली की पंचर चौराहा पर एक लड़का काली टोपी व नीली शर्ट पहन कर बैठा हुआ है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

सूचना पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और घेराबंदी कर देशी कट्टा सहित अंकित मीणा निवासी टहला जिला अलवर निवासी को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी हथियार रखने का शौकीन है और साल भर पहले ही आरोपी ये अवैध हथियार उत्तर प्रदेश से 28 हजार रुपए में खरीदकर लाया था। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से अवैध हथियार खरीद -फरोख्त वाले गिरोह के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास करने में जुटी है।

# पैक्स कम्प्यूटराइजेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक हुई

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि सहकारी समितियों की ऑनलाइन ऑडिट होने से उनके कामकाज में पारदर्शिता आएगी, जिससे आमजन का उन पर विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने ई-ऑडिट की अब तक की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए आगामी दिनों में अधिक सक्रियता के साथ काम कर समयबद्ध रूप से कार्य सम्पन्न करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

राजपाल बुधवार को नेहरू सहकार भवन में वीसी के माध्यम से पैक्स कम्प्यूटराइजेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि कुछ केन्द्रीय सहकारी बैंकों के स्तर पर इस दिशा में अच्छा कार्य हो रहा है, लेकिन कई सीसीबी को निर्धारित लक्ष्य अर्जित करने के लिए अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्यालय स्तर से इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कमजोर प्रदर्शन वाले जिलों पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव ने गो-लाइव, डे एंड, डायनामिक डे एंड, हैण्ड होल्डिंग एवं ई-पैक्स के बीच के अंतर को दूर करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन पैक्स, ऑडिटर अथवा केन्द्रीय सहकारी बैंकों के स्तर पर इस कार्य में निरन्तर लापरवाही बरती जा रही है, उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी ई-ऑडिट के कार्य में समस्या आ रही है, वहां विभागीय ऑडिटर नियुक्त किया जाकर प्रक्रिया सम्पन्न करवाई जाए।

प्रमुख शासन सचिव ने पैक्स कम्प्यूटराइजेशन कार्य के लिए नियोजित सिस्टम इंटीग्रेटर को भी अधिक सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में अधिक गैप्स हैं, वहां अधिक संख्या में कर्मचारी लगाये जाएं। कर्मचारी प्रशिक्षित एवं कार्यकुशल होने चाहिए। राजपाल ने कहा कि जिन जिलों में पर्याप्त संख्या में स्टाफ है, वहां अच्छी प्रगति सामने आ रही है, इसलिए अन्य जिलों में भी इसी प्रकार के प्रयास किए जाएं। उन्होंने समस्याओं को दूर करने के लिए पैक्स स्तर तक सम्पर्क एवं संवाद कायम रखने के निर्देश दिए।

राजपाल ने बैठक में निष्क्रिय समितियों के अवसायन की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अलवर, भरतपुर, डीग, बीकानेर, धौलपुर, जयपुर, टोंक और कोटपूतली-बहरोड़ के उप रजिस्ट्रारों को आगामी 7 दिवस में पुनर्जीवन/अवसायन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## तेज रफ्तार कार ने पैदल चल रहे व्यक्ति को रौंदा

**जयपुर।** झोटवाड़ा थाना इलाके में तेज रफ्तार कार ने पैदल चल रहे एक व्यक्ति को टक्कर मारता हुआ निकल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं होने पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है और साथ ही पुलिस टीम कार सवार व्यक्ति की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार कालवाड पुलिया के ऊपर एक्सप्रेस हाईवे झोटवाड़ा में एक तेज रफ्तार कार के चालक ने एक पैदल चल रहे एक अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मार दिया। जिससे अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एसएमएस अस्पताल ट्रोमा सेन्टर भर्ती करवाया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सड़क दुर्घटना थाना पुलिस (पश्चिम) की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

# विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल

**जयपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर विधान सभा परिसर में कारगिल शौर्य वाटिका का निर्माण किया जा रहा है।

इस वाटिका में हरियाली अमावस्या पर एक हजार एक सौ पौधे लगाये जायेंगे। देवनानी शौर्य वाटिका में सिंदूर का पौधा रोप कर समारोह का शुभारम्भ करेंगे। कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर विधान सभा अध्यक्ष देवनानी के साथ 21 वीरांगनाएं भी विधान सभा की कारगिल शौर्य वाटिका में पौधे लगायेगी। इस मौके पर सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड, वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर सहित अनेक विधायकगण भी वाटिका में पौधारोपण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि राजस्थान विधान सभा परिसर में कारगिल विजय में शहीद हुए सैनिको की स्मृति में कारगिल शौर्य वाटिका की स्थापना की जा रही है। इस वाटिका में विधान सभा अध्यक्ष देवनानी, मंत्रीगण, विधायकगण और वीरांगनाएं शहीदों की याद में पौधे लगायेंगी। देवनानी ने बताया कि इस वाटिका में सिंदूर, एरिका पाम, सांग ऑफ इण्डिया, किसना फाइकस और क्रोटोन प्रजाति के पौधे लगाये जायेंगे। देवनानी ने बताया कि वायु प्रदूषण को कम करने वाले यह पौधे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता के प्रतीक है। सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बनाने वाले इन पौधों की पत्तियों का उपयोग पारम्परिक चिकित्सा प्रणाली में उपयोग किया जाता है।देवनानी ने बताया कि कारगिल विजय दिवस के गौरवमयी अवसर पर आयोजित होने वाले इस समारोह में ऑपरेशन विजय (कारगिल युद्ध 1999) में प्रोणोत्सर्ग करने वाले शूरवीरों (बैटल कैजुएलिटी फेटल) की 21 वीरांगनाओं का सम्मान किया जायेगा।

# पेयजल परियोजनाओं के कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करें : जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री





जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ( बीच में ) जल भवन में आयोजित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली।

■ मानसून सत्र में पेयजल संसाधनों का किया जाए बेहतर प्रबंधन

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि प्रदेश में संचालित पेयजल परियोजनाओं के सभी कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण हों और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए साथ ही मानसून सत्र में पेयजल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्राथमिक लक्ष्य है हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना।

जलदाय मंत्री बुधवार को जल भवन में आयोजित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित सभी मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं सहित अधीक्षण अभियंताओं को वीसी के माध्यम से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी वृहद एवं लघु परियोजना की सफलता उसकी गुणवत्ता और समयबद्धता पर निर्भर करती है।जलदाय मंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ तेज़ी से पूर्ण किया जाए, ताकि हर घर को 'नल से जल' का संकल्प वास्तविकता में बदल सके। उन्होंने कहा कि मिशन के तहत जो कार्य प्रगतिरत है और मार्च 2023 तक पूर्ण कर दिये है। साथ ही इनकी कार्य पूर्ण करने की अवधि निकल चुकी है ऐसे कार्यों को पूर्ण करने सहित आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पेयजल से संबंधित कोई भी स्कीम धरातल पर बंद नहीं होनी चाहिए इसे चलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही विभागीय स्तर पर सुनिश्चित की जाए।चौधरी ने अभियंताओं को निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के बाद प्रेशर टेस्टिंग अनिवार्य रूप से कराए और उसके बाद ही मिट्टी भराव करें। साथ ही, खुदाई के बाद निकला मलबा समय पर हटाया जाए साथ ही सड़क मरम्मत के लिए संबंधित संवेदकों को नैचुरल काम्पेक्शन करवाने के बाद ही रोड़ की मरम्मत के लिए पाबंद किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कें पूर्ववत स्थिति में लौटें इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।जलदाय मंत्री ने अमृत 2.0 के अन्तर्गत की गई निविदाएं, कार्यादेश, प्रगतिरत कार्यों सहित अन्य बिन्दुओं के बारे में गहनता से चर्चा करते हुए कहा कि अमृत 2.0 के सभी कार्य केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बजट घोषणा 2025-26 के तहत हैण्डपम्प एवं नलकूप निर्माण की प्रगति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जो शेष कार्य अभी तक नहीं हुए हैं उन्हें आगामी 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।जलदाय मंत्री ने कहा कि अवैध कनेक्शन लेने वालों के विरुद्ध संचालित अभियान में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही अवैध कनेक्शनों के चिन्हीकरण के बाद उनके

## विकास दिव्यकीर्ति को राहत, निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर जजों और आईएएस अधिकारी में से आईएएस को अधिक शक्तिशाली बताने का बयान देने से जुड़े मामले में कोचिंग संचालक विकास दिव्यकीर्ति को बड़ी राहत दी है। अदालत ने मामले में दिव्यकीर्ति को तलब करने के अजमेर की निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश विकास दिव्यकीर्ति की आपराधिक याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता पुनीत सिंघवी ने अदालत को बताया कि वकील कमलेश मंडोलिया की शिकायत पर अजमेर के न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-2 ने उन्हें समन से तलब किया है। जबकि याचिकाकर्ता की ओर से किसी की भावना को आहत नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता स्टूडेंट्स को पढ़ा रहे थे और उस दौरान इस संबंध में विद्यार्थियों से सवाल जवाब हुए थे, जिन्हें तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया।

## सार-समाचार

### एस्ट्रो वास्तु एवं तंत्र का महासम्मेलन



**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान केंद्र एवं वेदामृत संस्थान की संयुक्त तत्वाधान में सनातन जागृति वैदिक परंपरा एवं वैदिक संस्कृत वेद, ज्योतिष व संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु 26 एवं 27 जुलाई को एस्ट्रो वास्तु एवं तंत्र महासम्मेलन का आयोजन जयपुर के खण्डेलवाल वैश्य महासभा भवन आर पी ए में किया जा रहा है। इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष एवं आयोजक ज्योतिषाचार्य पवन शर्मा ने जानकारी दी कि इस सम्मेलन में संपूर्ण भारत तथा नेपाल से वेद, ज्योतिष, वास्तु, टैरो, रमल, फैंगशुई, हस्तरेखा के विशेषज्ञ पहुंच रहे हैं इस कार्यक्रम में राजस्थान की ही नहीं अब तू समस्त भारत की विशिष्ट अपने-अपने विषय के विद्वान एवं यूएसए यूके और कनाडा जर्मनी फ्रांस इंग्लैंड दुबई आदि विभिन्न देशों से लोग इस दिवसीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे जिनके ज्ञान का लाभ जयपुर तथा भारतवर्ष से पहुंचने वाले सभी लोगों को प्राप्त होने वाला है इस आयोजन कि विशेष बात यह रहेगी कि जयपुर राजस्थान के गणमान्य लोगों कि उपस्थिति में वेद, ज्योतिष विज्ञान, एवं यज्ञों और पर्यावरण के सामंजस्य पर परिचर्चा द्वारा ज्ञान की गंगा के माध्यम से सनातन संस्कृति से का प्रवाह का लाभ हम सभी को मिलने वाला है इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इसका लाभ अवश्य उठाएं ।

### सफ़ाई अपनाओ,बीमारी भगाओ अभियान का आयोजन

**जयपुर ।** धारव हाई स्कूल, जयपुर में सफ़ाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3 से 9 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विविध प्रकार की आकर्षक प्रस्तुतियों दीं। सर्वप्रथम कार्यक्रम में आए विशेष मेहमानों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ थीम को नारा लेखन और सुंदर पोस्टरों के माध्यम से अभिव्यक्त किया । उन्होंने समाचार पत्र से बने परिधान को पहनकर रैंप वॉक की तथा कागज़ के पुनः उपयोग का संदेश दिया। विद्यार्थी परिषद के विद्यार्थियों ने सफ़ाई कर्मियों के सम्मान में कविता वाचन एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथियों- श्री अभय पुरोहित (चेयरमैन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समित, नगर निगम जयपुर ग्रेटर) एवं श्री अशोक बोहरा (पार्षद वार्ड 66, सांगानेर) ने विद्यालय परिसर में पर्यावरण स्वच्छता और सामुदायिक स्वास्थ्य जागरुकता हेतु निरंतर किए जा रहे प्रयासों की भूरि- भूरि प्रशंसा की। विद्यालय की प्राचार्या निशि धंजल ने विद्यार्थियों के प्रयासों व रचनात्मकता की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कागज़ बचाने व पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया।

### डॉ.गौरव सैनी ने लांगड़ियावास में किया पौधारोपण



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर और जिंदल ग्रुप द्वारा बुधवार को लांगड़ियावास वेस्ट टू एनर्जी प्लान्ट पर वृक्षारोपण महाभियान एक पेड़ माँ के नाम, हरियालो राजस्थान के तहत 10 हजार पौधे लगाए गए। साथ ही नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने प्लांट का निरीक्षण भी किया। पौधारोपण के दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य, अधिशासी अभियन्ता, उपायुक्त उद्यान सहित निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा फर्म के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर द्वारा 2 हजार पौधे और जिंदल ग्रुप द्वारा 8 हजार पौधे लांगड़ियावास स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट परिसर में लगाए गए। आयुक्त द्वारा पौधारोपण किए गए। तिलक नगर स्थित तिलक पार्क में तिलक जयंती के अवसर पर लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया तथा पौधारोपण भी किया गया। साथ ही डॉ॰ गौरव सैनी ने आमजन की शिकायतों को सुना तथा उनका तत्परता से समाधान करने का आश्वासन भी दिया।

### मेगा मानसून ऑफर - 2025 को बाजारों में ज़बरदस्त प्रतिक्रिया



**जयपुर ।** राजस्थान की पहली एगमार्क प्रमाणित मसाला कंपनी पिंक सिटी मिल्स द्वारा प्रारंभ की गई मेगा मानसून ऑफर – 2025 को देशभर के खुदरा बाज़ारों से अत्यंत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। यह विशेष योजना उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस अभूतपूर्व योजना के तहत अब तक 57,000 से अधिक छाते वितरित किए जा चुके हैं। देश के विभिन्न राज्यों में काम कर रहे खुदरा विक्रेता कंपनियां इस योजना से अत्यधिक संतुष्ट हैं और पिंक सिटी मिल्स को भरपूर समर्थन प्रदान कर रही हैं। ऐसे में सभी व्यापारिक साझेदारों और खुदरा विक्रेताओं से अनुरोध है कि वे इस एकमुश्त सुनहरे अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने ग्राहकों को मानसून की सौगात दें।

### ज़रूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी बांटी





**जयपुर।** अभिलाषा वीमेन वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्टेशनरी का वितरण किया गया। ये सभी घरेलू नौकरानियों के बच्चे हैं। अभिलाषा वीमेन वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष डॉ रमा माथुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को खाने के पैकेट भी दिए गए। पेंसिल, पैन, कॉपियां और फूड पैकेट पाकर बच्चे बेहद ख़ुश दिखे। इस अवसर पर सोसायटी की उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी माथुर, सचिव डॉ कल्पना माथुर, सांस्कृतिक सचिव जया कल्ला और डॉ अंटू सक्सेना सहित सोसायटी के सदस्य मौजूद थे। डॉ रमा माथुर ने बताया कि सोसायटी समय-समय पर ऐसे जनोपयोगी कार्यक्रम आयोजित करती रही है। सेवा भारती समिति जयपुर भाग 2 मालवीय नगर खो नागोरीयन में खो गाग बाल संस्कार केंद्र ,शिव बाल संस्कार केंद्र, कुंदनपुरा में गोविंद बाल संस्कार केंद्र मैं सेवा बस्ती के बच्चों को कॉपी , पेंसिल बांटी गई। प्रचार मंत्री रितु चतुर्वेदी ने बताया द्वारका प्रसाद जी ने बच्चों को कई ज्ञानवर्धक बातें बताएं जैसे उन्हें सुबह उठकर माता-पिता के पैर छूने चाहिए।




## It is the day to care for yourself!

If the idea of taking care of oneself seems like a far-fetched dream, then this day is just what is needed. Show some love and appreciation through healthy habits and practices geared towards taking care of yourself because it's time for International Self Care Day! The day was first celebrated in 2011 when it was established by the UK based organization, International Self-Care Foundation (ISF). With the important theme of encouraging everyone to be attentive to taking care of themselves, the day has been observed each year since its foundation more than a decade ago. Celebrate the day by engaging in productive actions like eating healthy and balanced diet, following sleep hygiene, etc.

#TALIPOT PALM

# Talipot is in Bloom

Witness a Once-in-a-Lifetime Natural Wonder in Bengaluru, The Talipot Palm Blooms at Lalbagh Botanical Garden!



Did you know that right now, Bengaluru is home to a breathtaking natural spectacle that happens only once every few decades? The Talipot Palm, known for producing the largest flower cluster in the world, has bloomed at Lalbagh Botanical Garden, creating a towering 25-foot-tall bouquet of millions of tiny yellow flowers. This rare event is not just a feast for the eyes but a fascinating chapter in the story of nature's marvels.



### What Makes the Talipot Palm So Special?

The Talipot Palm (scientific name Corypha umbraculifera) is an extraordinary tree native to South and Southeast Asia. Unlike most plants, this palm takes an exceptionally long time to bloom, typically between 30 and 80 years. When it finally flowers, it produces the largest inflorescence (flower cluster) on Earth, which can reach up to 25 feet in height and consist of millions of small yellow flowers. The sheer size and scale of this bloom make it a unique phenomenon worldwide.

But the wonder comes with a bittersweet twist: after the Talipot Palm completes its bloom, it dies. This remarkable lifecycle means that witnessing the flowering event is a once-in-a-lifetime experience, a fleeting moment of natural grandeur that many never get to see.

### Why Visit Lalbagh Botanical Garden?

Lalbagh Botanical Garden is one of Bengaluru's most treasured green spaces, famed for its rich biodiversity, historic glasshouse, and centuries-old trees. The blooming Talipot Palm adds another layer of magic to this iconic garden, drawing visitors from across the country and beyond. Visitors to Lalbagh right now can see this giant floral display up close, a spectacle that combines nature's power, patience, and beauty. Photographers and plant enthusiasts are especially thrilled, as the bloom is both visually stunning and scientifically intriguing.

### Don't Miss This Once-in-Decades Opportunity

The Talipot Palm's blooming event is fleeting, and after it ends, the tree will die, meaning your next chance to see this spectacle could be decades away. Whether you're a nature lover, a curious traveler, or someone seeking extraordinary experiences, witnessing the Talipot Palm bloom at Lalbagh Botanical Garden is an unforgettable moment you won't want to miss.

Make your visit count and embrace the magic of nature's rarest show, only in Bengaluru, only now.



## It's Not Russia-Ukraine

# Gaza, 'Smaller' Wars Are Reshaping The World



On 05 February 2025, during the Kashmir Solidarity Day event in Rawalakot, Pakistan-occupied Kashmir (PoK), Hamas representatives, Khalid Qaddoumi and Naji Zaheer, were present. They received notable attention from members of Lashkar-e-Taiba (LeT) and Jaish-e-Mohammed (JeM), marking the first instance of Hamas officials participating in an event in PoK. While this may not yet signify a formal alliance, it indicates a growing effort to establish wider networks in the realm of transnational terrorism, also referred to as global terrorism. Similar patterns of revival could emerge in East and West Africa, where Al Shabaab and Boko Haram maintain strongholds.



Lt Gen Syed Ata Hasnain
*PVSM, UYSM, AVSM, SM, VSM** (Retd)*

#WORLDVIEW






A glance at recent history is always insightful in the study of geopolitics and geo-security. Let's rewind to 1990, a pivotal year on the global stage. At the time, I had just returned with the last elements of the Indian Peacekeeping Force (IPKF) from Sri Lanka and was headed to an Army Cantonment in a 'peace' location. However, our plans quickly changed when we were diverted to Punjab. We were to form the frontline of forces crossing the River Sutlej to counter Pakistan's intransigence, its launch of Exercise Zarb-e-Momin and its sponsorship of militancy and terror in Punjab. Zarb-e-Momin, a military training manoeuvre with operational intent, was designed to send a message and divert our attention. Meanwhile, conflict was also brewing in Kashmir, setting the stage for a broader geopolitical confrontation.



### The Story Of Al Qaeda

It was the end of the Cold War. The Berlin Wall had just fallen, and the Soviets were still withdrawing from Afghanistan. Punjab was in turmoil, diverting strategic attention in multiple directions. The Iran-Iraq War had ended just a few years earlier. Victorious jihadis from across the Islamic world were emerging from the rubble of Afghanistan in 1990. This description covers only a small section of the world then. It does not even touch on Africa, which was also emerging from the shadows of old conflicts in Somalia, Mozambique, Namibia, Angola, and beyond.

Leaving everything else aside, I often ask myself: where did Al Qaeda come from? The answer traces back to the Soviet invasion of Afghanistan in 1979, which triggered a global call for jihad against the Soviets. The US, Saudi Arabia, and Pakistan supported the Afghan mujahideen with funding, weapons, and training to counter Soviet influence. Osama bin Laden, a wealthy Saudi, joined the war effort, organising foreign fighters and logistical support. This network later evolved into Al Qaeda, founded in 1988.

When the Soviets withdrew in 1989, bin Laden and other jihadists saw it as a victory for Islam over a superpower. As the Cold War ended in 1991, the US and its allies disengaged from Afghanistan, leaving a power vacuum. Many foreign jihadists, including bin Laden, believed their next mission was to fight Western influence, particularly the US, which they saw as the next 'occupying power.'

> Where did Al Qaeda come from? The answer traces back to the Soviet invasion of Afghanistan in 1979, which triggered a global call for jihad against the Soviets. The US, Saudi Arabia, and Pakistan supported the Afghan mujahideen with funding, weapons, and training to counter Soviet influence. Osama bin Laden, a wealthy Saudi, joined the war effort.

### How Al Qaeda Became a Global Jihadi Network

After Iraq invaded Kuwait in 1990, bin Laden offered his mujahideen to defend Saudi Arabia, but the Saudi government rejected him, inviting US forces instead. This marked his formal break with the US and its allies, transforming Al Qaeda from an anti-Soviet group into a global jihadist movement.

Al Qaeda's rise was deeply tied to the Cold War's conclusion. The Soviet-Afghan War provided the military experience, networks, and ideology that fuelled its creation. After defeating the Soviets, the US and its allies abandoned Afghanistan, allowing extremism to fester. Bin Laden and his followers redirected their jihad against the West, leading to the global terrorist threats we face today.

From this, several lessons follow. First, whenever the world emerges from a period of intense activity and lowers its guard, it is often struck by unconventional turbulence. This happened in 1989-90 with the onset of terrorism in Jammu and Kashmir, just as it did with the civil wars in Africa between 1990 and 1995. The movements in Chechnya and Bosnia were also linked to the events of this period. More recently, the withdrawal of US and Coalition troops from Iraq in 2011 ultimately paved the way for the rise of ISIS (Daesh).

Although ISIS suffered military defeats in Mosul and Baghuz, it was only partially displaced, finding refuge in Afghanistan's northern badlands. Al Qaeda maintained a presence there, alongside Central Asian and Pakistani terrorist groups. Meanwhile, the Taliban remains reclusive and untrustworthy.

Remnants of ISIS also persist in Kurdish-held areas along the Syria-Turkey border, and the risk of its resurgence remains real. If northern Syria and the Turkish border region remain unstable, ISIS could exploit these conditions to rebuild its networks and launch new offensives. The combination of weak governance, regional infighting, and existing ISIS sleeper cells makes this an ongoing and serious threat. So, where does this lead? In the first month of the new US President's tenure, the world order is already facing serious disruption. As global attention is drawn to Ukraine, Gaza, the Indo-Pacific, trade disputes, and tariffs, seemingly small issues, continue to develop, often with the potential to spiral into major crises. Remember how ISIS emerged in June 2014?



We must consider the long-term consequences of the mass destruction in Gaza. An entire generation of Palestinian youth now lives without hope, a sentiment that extends beyond the youth to the entire population. For those who have endured such loss and suffering, revenge and retribution become powerful emotions, and the blame is often placed on the entire world. This creates fertile ground for terror groups.

If you wonder how these groups sustain themselves, with resources, fighters, and finances, we have seen repeatedly that these are no longer significant obstacles. Ideologies are abundant, and a cause (whether perceived as just or unjust) is never difficult to manufacture when retribution is the driving force.

### How Will Current Gaza Turmoil Manifest Itself

There is no formal or direct linkage between Palestinian groups and ISIS. The latter follows an extreme Salafi-jihadist ideology and has often criticised Palestinian factions, including Hamas, for being too nationalistic and failing to embrace its vision of global jihad. However, under a desperate bid for survival, Hamas could change its stance, potentially opening the door to some level of cooperation with ISIS.

Hezbollah, a Shia organisation with direct allegiance to Iran, remains a priority for Iran's Islamic Revolutionary Guard Corps (IRGC). While Hezbollah and Hamas have historically aligned on certain fronts, Hamas's ideology is not far removed from ISIS-style radicalism, with its influence and objectives potentially spreading beyond Palestine to other parts of the Arab world. That is a concern, particularly for regional stability.

On 05 February 2025, during the Kashmir Solidarity Day event in Rawalakot, Pakistan-occupied Kashmir (PoK), Hamas representatives, Khalid Qaddoumi and Naji Zaheer, were present. They received notable attention from members of Lashkar-e-Taiba (LeT) and Jaish-e-Mohammed (JeM), marking the first instance of Hamas officials participating in an event in PoK. While this may not yet signify a formal alliance, it indicates a growing effort to establish wider networks in the realm of transnational terrorism, also referred to as global terrorism. Similar patterns of revival could emerge in East and West Africa, where Al Shabaab and Boko Haram maintain strongholds.

My point is simple: While the world's attention is consumed by major geopolitical concerns, such as European security, NATO's future, the displacement of Palestinians, and the resumption of US-Russia cooperation, there must be dedicated strategic minds focused on smaller conflicts. These so-called 'small wars' have the potential to reshape global security in ways far more destabilising than we may currently imagine.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#MONITORING

# NISAR Scheduled For 30th



## NASA-ISRO's NISAR Satellite Set for Launch: A Landmark Mission in Earth Observation

The highly awaited launch of the NASA-ISRO Synthetic Aperture Radar (NISAR) satellite is officially scheduled for July 30, 2025, at 5:40 PM IST from the Satish Dhawan Space Centre in Sriharikota, Andhra Pradesh. This momentous event marks a major milestone in the collaboration between the Indian Space Research Organisation (ISRO) and NASA, heralding a new era in detailed Earth monitoring from space.



### Cutting-Edge Technology in Orbit

The NISAR satellite, weighing approximately 2,392 kilograms, will be carried into orbit aboard ISRO's Geosynchronous Satellite Launch Vehicle (GSLV-F16). It is destined for a sun-synchronous orbit at an altitude of about 734 kilometers, which allows the satellite to repeatedly pass over the same locations on Earth at consistent local times. This orbit is critical for capturing reliable and comparable data on Earth's surface over time. Equipped with state-of-the-art dual-frequency synthetic aperture radar (SAR) technology, NISAR will produce detailed three-dimensional images of the planet's surface and precisely measure changes in land and ice movements with centimeter-level accuracy, according to an official NASA release. The satellite's sophisticated radar instruments are designed to function effectively regardless of weather conditions or time of day, making it an all-weather, round-the-clock observer of Earth.

### A Historic Collaboration and Investment

The NISAR mission represents the most expensive Earth observation satellite ever developed, valued at an estimated USD 1.5 billion. ISRO has contributed around Rs. 469.4 crores towards this collaborative effort. This venture is a testament to the growing scientific and technological partnership between India and the United States. One of the unique features of NISAR is its ability to operate at two different radar frequencies.

- *NASA's L-band radar*, which penetrates deeper into surfaces like vegetation and soil,
- *ISRO's S-band radar*, which is more sensitive to surface features such as moisture content and texture.

As NASA explains, "Each radar frequency targets different sizes and types of surface features, offering complementary insights into Earth's complex dynamics."

### Monitoring a Changing Planet

With its sophisticated sensors, NISAR will scan the entire globe every 12 days, delivering ultra-high-resolution maps with unprecedented detail. It will track phenomena such as:

- Glacier and sea ice retreat,
- Land deformation caused by earthquakes and volcanic activity,
- Shifts in vegetation and soil moisture,
- Surface water changes, and
- Disaster impacts like flooding and hurricanes.



Its ability to detect changes as minute as one centimeter will provide scientists, disaster management agencies, and policymakers with vital data to understand and respond to environmental challenges and natural disasters more effectively.

### Engineering Excellence and Collaborative Effort

NISAR's design is a remarkable feat of engineering, integrating two complex radar systems into a single satellite platform. The mission is managed by the Jet Propulsion Laboratory (JPL) at Caltech on behalf of NASA, while multiple Indian agencies contribute critical components and expertise, including:

- U R Rao Satellite Centre,
- Vikram Sarabhai Space Centre, and
- National Remote Sensing Centre.

ISRO highlighted, "The NISAR launch is the culmination of over a decade of close technical cooperation between ISRO and NASA/JPL teams, combining the best of both organizations' capabilities."


### Overcoming Challenges on the Road to Launch

While the launch had experienced several delays due to necessary technical adjustments, including the meticulous testing and fixing of NISAR's massive 12-meter deployable antenna, the teams are now confident in the mission's readiness. These challenges underscore the complexity of deploying cutting-edge technology in the harsh environment of space.

### Looking Forward

As the countdown approaches, the world eagerly awaits the launch of NISAR, a satellite poised to revolutionize Earth observation. Its data will not only advance scientific understanding but also enhance disaster preparedness and resource management across the globe. By combining the expertise of NASA and ISRO, NISAR exemplifies international cooperation in space technology and climate science, a partnership dedicated to protecting our planet through innovation and shared knowledge.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कांवड़ यात्रा के दौरान फैले बिजली करंट से दो कांवड़ियों की मौत, तीस से ज्यादा घायल

## डीजे गांव से गुजर रही 11 केवी की लाइन से छू गया और पूरी जमीन में करंट का प्रभाव हो गया



हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।



मृतक गोपाल और सुरेश प्रजापत। ( फाइल फोटो )

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिले की राजगढ़-लक्ष्मणगढ तहसील अंतर्गत बिचगांव में कांवड़ यात्रा के दौरान बिजली के करंट से दो कांवड़ियों की मौत हो गई। वहीं तीस से ज्यादा कांवड़िये और महिलाएं झुलस गई। इनमें कई की हालत अभी चिंताजनक बताई जा रही है। घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिला प्रशासन के आला अधिकारी और वन मंत्री संजय शर्मा घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घटना के विरोध में प्रशासन और बिजली विभाग को दोषी मानते हुए धरना दिया और मुआवजे की मांग की है।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मणगढ़ के गांव बिचगांव में गांव के युवा हर वर्ष की तरह इस बार भी कांवड लाए थे और आज शिवरात्रि पर्व होने के कारण सभी को भगवान भोलेनाथ के कांवड़ चढ़ानी थी। सुबह के समय करीब साढ़े सात बजे थे। डीजे की धुन पर नाचता-गाता कांवड़ियों का काफिला गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर के करीब पहुंचने ही वाला था कि अचानक डीजे वहां से गुजर रही 11 केवी की लाइन से छू गया और पूरी जमीन में करंट का प्रभाव हो गया। करंट इतना तेज था कि दो कांवड़ियों ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया। नाचती-गाती महिलाएं और कांवड़िये करंट के प्रभाव से जमीन पर गिरते चले गए। इनमें तीस से ज्यादा कावड़ियों के झुलसने की जानकारी मिली है। इस हादसे में कुछ ग्रामीण महिलाएं भी शामिल है। हादसे में गोपाल पुत्र लालाराम और सुरेश प्रजापत पुत्र कजोड़ निवासी बिचगांव की मौत हो गई। इस कांवड़ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

**हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैला :**-जैसे ही घटना घटी पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई। लोग अपनों को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। करंट प्रवाह की जैसे ही जानकारी बिजली विभाग को मिली तो उन्होंने तुरंत बिजली काटी। करंट प्रवाह समाप्त होते ही लोगों ने घायलों को संभाला और उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पतालों के लिए रवाना किया। घायलों को गढी सवाईराम सीएससी, लक्ष्मणगढ़ सीएससी एवं गंभीर घायलों को अलवर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- करंट इतना तेज था कि दो कांवड़ियों ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया, नाचती-गाती महिलाएं और कांवड़िये करंट के प्रभाव से जमीन पर गिरते चले गए
- जैसे ही करंट प्रवाह की जानकारी बिजली विभाग को मिली तो उन्होंने तुरंत बिजली काटी, करंट प्रवाह समाप्त होते ही लोगों ने घायलों को संभाला
- बिजली विभाग ने प्रथमदृष्टि से दोषी मानते हुए जेईएन दिनेश और टेक्निकल कर्मचारी सोनू को सस्पेंड किया

ग्रामीणों ने लक्ष्मणगढ़ अस्पताल के बाहर धरना दिया क्योंकि मृतकों के शव इसी अस्पताल की मोर्चरी में रखे हुए है। ग्रामीणों के प्रदर्शन और हादसे की सूचना के बाद लक्ष्मणगढ़ तहसीलदार ममता कुमारी अपने प्रशासनिक जाब्ते के साथ गढ़ी सवाईराम पहुंची, जहां बीस घायल भर्ती है।

हादसे की सूचना मिलते ही वन राज्य मंत्री संजय शर्मा तुरन्त घटना स्थल के रवाना हो गए और लक्ष्मणगढ़ अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर उनसे हादसे की जानकारी लेते हुए दुख जताया। साथ ही उन्हें प्रशासन की तरफ से पूरी मदद करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने वन मंत्री के सामने अपनी मांगों को रख दिया है जिन्हें पूरा करने के लिए वन मंत्री ने उन्हें आश्वासन देते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। बिजली विभाग ने प्रथम दृष्टि से दोषी मानते हुए जेईएन दिनेश और टेक्निकल कर्मचारी सोनू को सस्पेंड कर दिया गया है।

ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को पचास लाख की आर्थिक सहायता, मृतक परिवार को संविदा पर नौकरी, दोषी बिजली कर्मचारियों को हटाया जाने एवं बिजली के तारों को अण्डर ग्राउण्ड किया जाने ताकि भविष्य में ऐसा हादसा दोबारा घटित ना हो की मांग रखी। प्रशासन इन सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार मृतक परिवारों को दस-दस लाख की आर्थिक सहायता मुहैया कराने पर सहमति जताई है। जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन रोक दिया है।

नेता प्रतिपक्ष जूली ने दुख जताया औरकहा कि अलवर में कांवड़ यात्रा में करंट फैलने से दो श्रद्धालुओं की मौत एवं 30 से ज्यादा कांवड़ियों के झुलसे जाने के समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत पुण्य आत्माओं को शांति, परिवारजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति और घायल कांवड़ियों को जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। सरकार से मेरा आग्रह है कि घायलों को शीघ्र और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



डाटूंदा के ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या को लेकर जाम लगा दिया।

**टोंक,** (निसं)। दूनी-नगरफोर्ट स्टेट हाइवे पर घाड़ पेट्रोल पंप के पास डाटूंदा के ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या को लेकर जाम लगा दिया तथा ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस और बीसलपुर बांध परियोजना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश की। बाद में ग्रामीणों ने समस्या को दूर करने के लिए अधिकारियों को सात दिन का समय दिया।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि दो साल पहले सरकार की ओर से डाटूंदा गांव में बीसलपुर बांध का शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पाइप लाइनें डाली थीं, इनमें से कनेक्शन भी दिए थे, लेकिन बैरवा और राजपूत मोहल्ले में बीसलपुर बांध का शुद्ध पानी बिल्कुल नहीं आता है। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। आगे उन्होने बताया कि एक अगस्त को समस्या का समाधान नहीं हुआ तो दो अगस्त को फिर रोड जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा।

# तीसरी संतान के आधार पर उरमूल डेयरी अध्यक्ष को हटाया

**बीकानेर,** (निसं)। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने नोपाराम बनाम राज्य सरकार एवं अन्य मामले में उरमूल डेयरी के अध्यक्ष नोपाराम को चुनाव अयोग्यता के आधार पर पद से हटाने के निर्णय को वैध ठहराया है। नोपाराम ने अपनी याचिका में दावा किया था कि उनके दो जैविक बच्चे हैं और तीसरी संतान अनुसूया उर्फ अपूर्वा चौधरी उनकी गोद ली हुई संतान है, जो 2019 में गोदनामा के तहत दत्तक ली गई थी। इस आधार पर उन्होंने चुनाव लड़ने की पात्रता बनाए रखने की मांग की थी। हालांकि, प्रतिवादियों ने अदालत में स्पष्ट किया कि अनुसूया नोपाराम की जैविक संतान है, जिसका जन्म 2011 में हुआ और नोपाराम ने इससे पहले 2007 में एलआईसी बीमा आवेदन में खुद के दो बच्चों का उल्लेख किया था।

न्यायमूर्ति मुन्नूरी लक्ष्मण की पीठ ने कहा कि गोदनामा सहित प्रस्तुत किए गए दस्तावेज विश्वसनीय नहीं हैं और इन्हें केवल चुनाव अयोग्यता से बचने के लिए बनाया गया प्रतीत होता है।

# युवक की आत्महत्या का मामला : मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

- युवक देवेंद्र जायसवाल ने 20 जून को ब्याज माफियाओं की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। सर्ववर्गीय कलचुरी कलाल समाज भीलवाड़ा के तत्वाधान में मुख्यमंत्री और भीलवाड़ा जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर समाज के युवक देवेंद्र जायसवाल की आत्महत्या के मामले में नामजद मुख्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

ज्ञापन में समाज के निरंजन जायसवाल ने बताया कि देवेंद्र जायसवाल ने 20 जून को ब्याज माफियाओं की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना की एफआईआर प्रतापनगर थाने में दर्ज है। आरोप है कि इस प्रकरण में मुख्य आरोपी अभिषेक शर्मा और गोपाल जाट व विकास जैन है जो आज दिनांक तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। समाज में इस बात को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है और पीड़ित परिवार न्याय की प्रतीक्षा में अत्यंत पीड़ित अवस्था में है। ज्ञापन में सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाने, प्रकरण की त्वरित जांच कर न्यायिक प्रक्रिया को गति दी जाने, पीड़ित परिवार को सुरक्षा एवं आवश्यक सहायता प्रदान की जाने की मांग की गई।

समाजजनों ने कहा कि अगर सात दिनों के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। ऑल फाइनेंस यूनियन भीलवाड़ा के अध्यक्ष रितेश गुर्जर व अन्य पदाधिकारियों ने भी ज्ञापन में साथ रहकर समर्थन दिया। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में समाज के लक्ष्मीलाल जायसवाल, जगजीवन जायसवाल, लोकेश सुवालका, कैलाश सुवालका (सांगानेर) जसराज मेवाड़ा, गौरव टांक, बसंती लाल, दीपक जायसवाल (अरनिया पंथ), सुशील सुवालका, भारत सुवालका, राकेश जायसवाल, कांति लाल जायसवाल व अनेक समाजजन उपस्थित थे।

# पावटा मे बाइक चोर गिरोह सक्रिय

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में बाइक चोर इन दिनों पूरी तरह सक्रिय है। लगातार वारदात होने से लोग हैरान हैं।

पीड़ित रोहित यादव पुत्र विजय यादव निवासी बागडाला, वार्ड नं. 2 प्रागपुरा ने प्रागपुरा थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि मैं पावटा में काम करता हूं। 19 जुलाई को सुबह दस बजे के करीब मेरे पिताजी के नाम रजिस्टर्ड बाइक को लेकर बालजी मेगा मार्ट गया था। मैने बालजी मेगा मार्ट के बाहर बाइक खड़ी की थी, जहां से किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरी बाइक चुरा ली। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले में पूरी तत्परता से काम कर रही है।

# जमीनी स्तर के कार्यकर्ता ही पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाते हैं : डॉ. पूनियां




भाजपा जयपुर देहात उत्तर की जिला कार्यकारिणी व मंडल अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक खातोलाई स्थित रिसोर्ट में आयोजित हुई।

- भाजपा जयपुर देहात उत्तर के जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक आयोजित

**पावटा,** (निसं)। भाजपा जयपुर देहात उत्तर की जिला कार्यकारणी व मंडल अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक जिले के विराटनगर क्षेत्र के खातोलाई स्थित एक निजी रिसोर्ट में आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने की।

बैठक की शुरुआत में विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने मंचस्थ अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, शाहपुरा से भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, जिला प्रभारी सत्यवीर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा का माला, दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया। वहीं जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों आदि ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. पूनियां व धनकड़ ने जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों का दुपट्टा पहनाकर शुभकामनायें देते हुए पार्टी हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने का आव्हान किया। बैठक को सम्बोधित करते हुये डॉ. पूनियां ने कहा कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ता ही पार्टी की विचारधारा को आम आदमी तक पहुंचाते हैं, इसलिये प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी हित में निष्ठापूर्वक कार्य करना चाहिये। उन्होंने संगठन की रीति नीति एवं सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिये सक्रिय होकर कार्य करने की बात कही। चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि संगठन के कार्य के लिये प्रतिदिन घंटे दो घण्टे का समय निकालकर योजना बनाकर कार्य करना चाहिये। विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जिले के पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों पर जो विश्वास जताया है वह टूटना नहीं चाहिये। इसके लिये भाजपा की डबल इंजन सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार प्रत्येक माध्यम द्वारा आवश्यक रूप से करें। इस मौके पर शाहपुरा से उपेन यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। वहीं जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने स्वागत भाषण दिया। प्रभारी सत्यवीर यादव ने आभार व्यक्त किया। संचालन जिला महामंत्री एड. सुरेन्द्र चौधरी ने किया।

इस दौरान जयपुर देहात उत्तर जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष रिशाल सिंह, सुरेश गठाला, जयराम गुर्जर व विनोद सिंह एवं जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा, वीरेंद्र राठी पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष, विकास सिंह शेखावत प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष, प्रमोद सैनी त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष, महेश कुमार यादव बाणगंगा मंडल अध्यक्ष, विकास शर्मा विराटनगर मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# "सेव द स्ट्राइप्स" अंतर्राष्ट्रीय कला शिविर में बाघ संरक्षण का संदेश दिया

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। विश्व बाघ दिवस के उपलक्ष में जयपुर आर्ट समिट, एस्ट्रल लिमिटेड एवं आरटीडीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय रणथंभौर कला शिविर "सेव द स्ट्राइप्स" का शुभारंभ बुधवार को रणथंभौर के एक होटल में जिला कलेक्टर काना राम द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से किया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने शिविर में कलाकारों द्वारा प्रदर्शित पेंटिंग्स का अवलोकन कर उनकी सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, बल्कि स्थानीय कलाकारों को भी प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सेव द फॉरेस्ट एंड सेव द टाइगर जैसी थीम को बढ़ावा देकर हम प्रकृति संरक्षण और जैव विविधता की रक्षा की दिशा में सार्थक प्रयास कर सकते हैं। इस अवसर पर देश-विदेश से आए कलाकारों ने जिला कलेक्टर व अन्य अतिथियों को अपनी बनाई हुई टाइगर पेंटिंग्स भेंट की। कलेक्टर ने सभी चित्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि रणथंभौर की वन्य संपदा, प्राकृतिक सौंदर्य और बाघों की उपस्थिति आपकी स्मृतियों में हमेशा जीवित रहेगी। उन्होंने इन चित्रों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचाने का आग्रह भी किया।

पाँच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिविर 22 से 26 जुलाई तक देश-विदेश के 30 ख्यातनाम कलाकारों की उपस्थिति में बाघों के संरक्षण और सवाई माधोपुर में रचनात्मक पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से आयोजित किया जा रहा है। कलाकार अपनी विशिष्ट कलात्मक शैलियों में बाघों की सुंदरता, ताकत और संरक्षण के प्रतीकों को कैनवास पर साकार कर रहे हैं। शिविर में सिंगापुर से विंसेट सी और तान ली.ली. शिवाली माथुर, श्रीलंका से पी.के. ईसुरु सुरेन और के.डी. लक्ष्मण, गुजरात से शीतल, महाराष्ट्र से श्वेता माथुर, मध्य प्रदेश से स्मिता भंडारी, डॉ. अमिता खरे, हर्षित परिहार, गुलशन कुशवाह सहित राजस्थान के शरद भारद्वाज, रश्मि राजावत, ताराचंद शर्मा, श्वेता नैना तथा सवाई माधोपुर के ओमप्रकाश महावर, प्रारूप कुमावत, राजकुमार शाक्यवाल, इब्राहिम अली खान, लक्षिता जादावत और शिप्रांकी भारद्वाज जैसे कलाकार शामिल हैं।

शिविर में उपनिदेशक पर्यटन विभाग मधुसूदन सिंह, टाइगर वॉच रणथंभौर के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र खांडल, जयपुर आर्ट समिट के संस्थापक डॉ. शैलेन्द्र भट्ट, श्रीलंका से अंतरराष्ट्रीय कलाकार रिशिता संजीवा, स्थानीय संयोजक विजय कुमावत, समाजसेवी एवं कलाकार रामनारायण कुमावत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दुकानदार का ध्यान भटकाकर सोने का मंगलसूत्र चुराया

**पावटा,** (निसं)। शाहपुरा के चौपड़ बाजार स्थित ज्वैलरी की दुकान पर मंगलवार दोपहर आभूषण खरीदने के बहाने से आया एक व्यक्ति दिनदहाड़े दुकानदार का ध्यान भटकाकर चकमा देकर सोने का मंगलसूत्र लेकर रफू चक्कर हो गया। चोरी की वारदात को अंजाम देकर आरोपी बेखौफ आधा किलोमीटर बाजार से पैदल आकर पीपली तिराहे पर इंतजार कर रहे साथी की बाइक पर बैठकर फरार हो गया। पलक झपकते ही सबसे बड़ी ठगी कर फरार हो गए इन ठगों को पकड़ने दुकानदार ने अलग अलग मार्गों में दौड़ लगाई लेकिन वे हाथ नहीं आए।

सूचना पर शाहपुरा थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है। उक्त दुकान में 11 माह में यह दूसरी वारदात होने से दुकानदारों में आक्रोश है। छह टीम बनाकर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शाहपुरा के चौपड़ बाजार में हर्षित ज्वैलर्स के नाम से दुकान है, जहां दुकानदार मालचंद सोनी बैठे हुए थे। दोपहर करीब 12:50 बजे एक व्यक्ति दुकान में खरीददारी के लिए आया तो दुकानदार ज्वैलरी दिखा रहे थे कि उक्त व्यक्ति ने ध्यान भटकाकर 10 ग्राम सोने का मंगलसूत्र छुपा लिया और बिना कुछ खरीददारी किए ही वहां से निकल लिया। कुछ समय बाद दुकानदार ने ज्वैलरी की गणना की तो एक मंगलसूत्र गायब मिला तो दुकानदार के होश उड़ गए। मामले की जानकारी लगते ही आस पास के दुकानदारो ने एकत्रित होकर दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज चैक किए तो एक टोपी लगाए व्यक्ति वारदात को अंजाम देता नजर आया। सूचना पर शाहपुरा थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी।

# डिवाइडर न होने से डेढ़ साल में जयपुर हाइवे राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर 167 मौतें हुई

- फोरलेन के कारण कोलायत हाइवे पर 50 प्रतिशत से भी कम मौतें

**बीकानेर,** (निसं)। जिले से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11 वीवीआईपी जयपुर हाइवे पर डेढ़ साल में ही सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में 167 लोगों को जान गंवानी पड़ी और कोलायत हाइवे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 89 फोरलेन और डिवाइडर होने के कारण 80 मौतें ही हुई। वो भी तब जब कोलायत हाइवे पर बजरी, क्ले, जिप्सम सहित अन्य खनिजों के रोजाना 500 से ज्यादा ट्रक गुजरते हैं।

गौरतलब है कि जयपुर रोड पर श्रीडूंगरगढ़ में सोमवार की रात को एक बार फिर बड़ा सड़क हादसा हुआ जिसमें पांच लोगों की जान गई। दोनों कारें डिवाइडर नहीं होने के कारण आमने-सामने भिड़ीं और चकनाचूर हो गई। जयपुर हाइवे और कोलायत हाइवे के पुलिस थानों से सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े जुटाए और तुलना की तो सामने आया कि जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक डेढ़ साल में ही जयपुर हाइवे वाले थानों में सड़क दुर्घटनाओं के 297 मुकदमे दर्ज हुए, जिसमें 277 लोग घायल और 172 लोगों की मौत हो गई, जबकि, कोलायत हाइवे के थानों में तुलनात्मक रूप से यह आंकड़ा आधे से भी कम है। यहां सड़क दुर्घटनाओं के 117 मुकदमे दर्ज हुए, जिसमें 120 लोग घायल और 80 लोगों की मौत हुई। क्योंकि, कोलायत हाइवे फोरलेन बनने के बाद से सड़क दुर्घटनाएं कम हो गई, जबकि, इस हाइवे से रोजाना बजरी, क्ले, जिप्सम, पीली मिट्टी जैसे खनिजों के 500 से ज्यादा ट्रक गुजरते हैं।

पूर्व में कोलायत हाइवे फोरलेन नहीं होने के कारण सबसे ज्यादा सड़क हादसे इसी रोड पर होते थे। मंत्री, नेता और आला अधिकारियों का रोजाना ही जयपुर हाइवे राष्ट्रीय राजमार्ग 11 से आना-जाना लगा रहता है। वीवीआईपी रोड होने के बावजूद जयपुर हाइवे पर सड़क हादसे रोकने का स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा और लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। जयपुर हाईवे टू लेन है जिसके बीच में डिवाइडर नहीं है। इस कारण सड़क दुर्घटनाओं में हर साल बढ़ोतरी और लोगों की मौतों को देखते हुए लंबे समय से जयपुर हाइवे को 4 या 6 लेन बनाए जाने की आवश्यकता जताई जा रही है।

पुलिस की ओर से भी प्रशासन को इसके प्रस्ताव दिए गए। पूर्व में सड़क हादसे रोकने के लिए अधिकारियों की बैठकों में इस पर निर्णय भी लिया गया। पीडब्लूयूडी को डीपीआर बनाने के निर्देश दिए गए लेकिन गंभीरता नहीं दिखाए जाने पर सब ठंडे बस्ते में चले गए। सालभर पहले बीकानेर से कोटपूतली नए एक्सप्रेस-वे की घोषणा के बाद तो प्रशासन ने जयपुर हाइवे पर 4 या 6 लेन को पूरी तरह भुला दिया है। जबकि बीकानेर-कोटपूतली एक्सप्रेस-वे की घोषणा के एक साल बाद भी डीपीआर ही नहीं बनी। काम कब शुरू होगा यह अधिकारी भी नहीं बता सकते।

हल्दीराम प्याऊ से जयपुर बाईपास चौराहे तक 4 किमी एरिया में हो रही हैं। यह टू-लेन रोड केवल 33 फिट की है, जबकि इसके दोनों ओर जगह पड़ी है जिससे 6 लेन या 4 लेन बनाया जा सकता है। पुलिस की ओर से थानावाइज एक्सीडेंट जोन चिह्नत कर सुधार के सुझाव प्रशासन को दिए गए हैं, लेकिन डिवाइडर नहीं होने के कारण 100 किमी चूरू सीमा तक पूरा हाइवे ही एक्सीडेंट जोन बन गया है।

हल्दीराम प्याऊ से जयपुर बाइपास चौराहा तक सबसे ज्यादा हादसे हो रहे हैं जिसमें लोगों को जान गंवानी पड़ी है। वर्ष, 2022 से इस साल 30 अप्रैल तक व्यास कॉलोनी थाने में 114 केस दर्ज हुए। इनमें 38 लोगों की मौत हुई और 94 घायल हुए। व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में आने वाली इस 4 किमी रोड पर 5 एक्सीडेंट जोन चिह्नित है जिनमें नापासर चौराहा, वैष्णो धाम के पास, खाटू श्याम मंदिर रोड, जीवन रक्षा हॉस्पिटल के सामने, हल्दीराम प्याऊ से वैष्णो धाम के बीच कॉलोनी को आने-जाने वाले साइड रोड्स शामिल हैं।

नम्रता वृष्णि, कलेक्टर, बीकानेर ने बताया कि सरकार को जयपुर हाइवे पर फोरलेन का प्रस्ताव भेज रखा है, लेकिन अब बीकानेर-कोठपुतली एक्सप्रेस-वे बनना है। संभवतया ट्रैफिक उस पर डायवर्ट हो जाए। इसके अलावा ब्लैक स्पॉट ठीक करवा रहे हैं।

कावेन्द्र सिंह सागर, एसपी बीकानेर का कहना है कि जयपुर रोड पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर सुधार के लिए संबंधित विभागों को लिखा गया है। 4 या 6 लेन की आवश्यकता है, लेकिन इस पर प्रशासन और सरकार स्तर पर निर्णय लिया जा सकता है।

# वृद्धा की हत्या के आरोपियों का पुलिस ने पैदल मार्च निकाला




पुलिस की कड़ी सुरक्षा के साथ पैदल मार्च करा आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। मेड़ता पुलिस को एक ब्लाइंड मर्डर में मिली सफलता के बाद आरोपियों को मेड़ता पुलिस पे न्यायलय में पेश किया। न्यायलय में पेश करने के लिए इनको मेड़ता बस स्टैंड से न्यायलय में पैदल मार्च निकालकर पेश करने के लिए कोर्ट ले जाया गया।

मेड़ता वृताधिकारी रामकरण सिंह मलिंडा ने बताया कि पांच जुलाई को मेड़ता क्षेत्र के कुरडाया गांव ने एक वृद्ध महिला की लूट करने की नीत से हत्या कर दी गई थी, जिसमें मेड़ता पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जिसमें नौ आरोपियों को मेड़ता पुलिस टीम व डीएसटी टीम ने गिरफ्तार किया। जिनको पुलिस रिमांड के बाद बुधवार को न्यायलय में पेश किया गया, जिसको लेकर मेड़ता बस स्टैंड से होते हुए आरोपी सोयल खान ,अमन हुसैन, शाहरुख खान, विवेक खींची, सचिन खींची, रामभजन मेघवाल, सुरेंद्र मेघवाल, रवि मेघवाल तथा कालू राम को पैदल मार्च निकालकर न्यायलय में पेश करने के लिए ले जाया गया। मलिंडा ने बताया कि इस तरह के आरोपियों को कोई भी नागरिक पनाह ना दें। वही मुलजिम प्रवर्ती एक लोगों की सूचना पुलिस को जरूर दें। मेड़ता थानाधिकारी धर्मेश दायमा ने बताया कि आरोपियों को पैदल मार्च निकालकर ले जाया गया जिसमें किसी भी आरोपियों को आगे हिम्मत ना हो इस तरह के काम करे। इस मौके पर पुलिस थाना स्टाफ के महेंद्र डूकिया, अशोक मेघवाल, सुरेश दास वैष्णव, अनीश, साहिराम राम, मोतीराम सहित थाने के कई अधिकारी व कांस्टेबल ने आरोपियों को न्यायलय में पेश किया।

# आमजन के बीच पारदर्षिता के साथ कार्य करें ताकि पुलिस का इकबाल बुलंद हो : दुष्यंत

■ मुख्य चौराहा स्थित पुलिस लाइन से एसपी कार्यालय तक निकाला भव्य विदाई जुलूस


डीआईजी रैंक पर पदौन्नत कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस कप्तान आईपीएस राजन दुष्यंत का स्थानान्तरण होने पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया।

**कोटपूतली**। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद पर पदौन्नत कोटपूतली-बहरोड़ जिले में विगत लगभग 10 माह से पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत आईपीएस राजन दुष्यंत का तबादला अजमेर के किषनगढ़ स्थित पुलिस प्रषिक्षण केन्द्र में प्राचार्य पद पर हो जाने के बाद बुधवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आईपीएस दुष्यंत को विदाई देने के लिये विभिन्न सामाजिक संगठनों व स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारिक संगठनों समेत आमजन का हुजुम उमड़ पड़ा। जहां लोगों ने आईपीएस दुष्यंत को उनके सराहनीय कार्यो के लिये आभार व्यक्त करते हुये भावभीनी विदाई दी। वहीं जिले की पुलिस टीम ने भी अपने कप्तान को शानदार विदाई देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बुधवार दोपहर मुख्य चौराहा स्थित जिला पुलिस लाईन में जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा दुष्यंत का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला पुलिस लाईन के अधिकारियों व जाप्ते समेत सभी पुलिस सर्किल के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें माला व साफा पहनाकर विदाई दी। वहीं पुष्प गुच्छ भी भेंट किये गये। दुष्यंत के पुलिस लाईन पहुंचने पर उन्हें पुलिस टुकड़ी द्वारा परम्परागत गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद उन्हें खुली जीप में सवार कर पुलिस लाईन से ढ़ोल नगाड़ों के साथ भव्य विदाई जुलूस निकाला गया। विदाई जुलूस का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ अभिनन्दन हुआ। अपने चेहेते पुलिस कप्तान को विदाई देने के लिये सड़कों पर आमजन का हुजुम उमड़ पड़ा। पुलिस लाईन से निकलते ही ब्राहम्ण समाज की ओर से तहसील अध्यक्ष नवरत्न शर्मा के नेतृत्व में विप्र बंधुओं द्वारा माला, साफा पहनाकर विदाई दी गई। वहीं अठासेन सर्किल पर वस्त्र व्यापार संघ के होषियार कसाना, जितेन्द्र जोषी, रजत जिंदल, रामसिंह पायला आदि के द्वारा माला व साफा पहनाया गया। वहीं आजाद चौक मोड़ पर भारत विकास परिषद की ओर से एड. बजरंग लाल शर्मा के नेतृत्व में अशोक सुरेलिया, ओमप्रकाष सारस्वत, एड.राजेष शर्मा आदि ने पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनायें दी। इसी प्रकार नगर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मैथलीशरण बंसल, आयरन व्यापार संघ के अध्यक्ष नवल खण्डेलवाल द्वारा भी माला व साफा पहनाया गया। स्वच्छता सेवा दल के सदस्यों ने समाजसेवी महेष मीणा व संयोजक प्रवीण बंसल के नेतृत्व में आईपीएस दुष्यंत का अभिनंदन किया। इस दौरान गिरवर शर्मा, दिनेष यादव समेत अन्य मौजूद रहें। कस्बा स्थित पुलिस थाने के सामने एसएचओ राजेष शर्मा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने भव्य आतिषबाजी की। वहीं अपने कप्तान को पुष्प गुच्छ भी भेंट किये। जिला अभिभाषक संघ द्वारा न्यायालय परिसर के समक्ष अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व उपाध्यक्ष रंजीत वर्मा, सुबेसिंह मोरोड़िया, कृष्ण शर्मा, अभिषेक अठावाल, समर यादव, किषन यादव समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने दुष्यंत को पुष्प गुच्छ भेंटकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित की। एसपी कार्यालय पहुंचने पर जिला पुलिस की ओर से विदाई समारोह का आयोजन हुआ। समारोह को सम्बोधित करते हुये दुष्यंत ने कहा कि वे तीन माह के कार्यकाल के लिये कोटपूतली आये थे। लेकिन पदौन्नित के साथ 10 माह का कार्यकाल कब गुजर गया, इसका पता ही नहीं चला। जिले की पुलिसिंग को चुस्त दुरूस्त करने में सभी अधिकारियों व पुलिसकर्मियों का सक्रिय सहयोग मिला। नवगठित जिले में पुलिस व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के लिये कार्य करना भी एक चुनौती रही। वहीं डीआईजी दुष्यंत ने पुलिसकर्मियों को ईमानदारी, कर्मठता व पारदर्षिता के साथ कार्य करने की सीख भी दी। उन्होंने कहा कि आमजन के बीच पुलिस पारदर्षिता के साथ कार्य करें तो उनका भरोसा पुलिस पर बढ़ता हैं एवं हमेषा जनता का सहयोग मिलता हैं। इसी सहयोग से नवगठित जिले से गुण्डागर्दी को दूर करने का प्रयास किया हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में ऐसी ही सक्रिय पुलिसिंग होगी। सभी पुलिसकर्मियों को शुभकामनायें देते हुये दुष्यंत ने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति थाने पर आता है तो वह पीड़ा का भाव लिये आता हैं। हमें चाहिये कि उसे दुत्कारने की बजाय सहृदयता के साथ पीड़ित की षिकायत सुनें। जिससे उसे राहत मिलें। हमारा काम केवल कानून की रक्षा ही नहीं बल्कि पीड़ित की षिकायत सुनना भी हैं। अगर 15 मिनट बैठकर परिवादी की षिकायत सुनेगें एवं एक गिलास पानी भी पिला देगें तो जनता के बीच पुलिस का इकबाल बुलंद होगा। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने एवं अपने बच्चों का ध्यान रखने, उनमें अनुषासन डालने की बात भी कही। दुष्यंत ने कहा कि पुलिस की कथनी व करनी में अन्तर नहीं होगा तो जनता का विष्वास बढ़ेगा।

## पदभार संभाला

**टोंक**। हाल में ही हुए आईपीएस स्थानान्तरण में जिला डीग से टोंक में नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने 23 जुलाई को जिला पुलिस अधीक्षक के पद पर पदभार ग्रहण कर लिया।

## श्रद्धालुओं ने ग्रहण की पंगत प्रसादी

**पावटा**। गंगोत्री व हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की सेवा में शक्ति कावड़ कांवड़ सेवा संघ पावटा अध्यक्ष सुनील शर्मा व आयोजक तहसील पावटा ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष व भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित शिविर में जनप्रतिनिधियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कांवड़ियों का अभिनंदन करते हुए शक्ति कावड़ कांवड़ सेवा संघ पावटा अध्यक्ष सुनील शर्मा व आयोजक तहसील पावटा ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष व भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा ने कहा कि कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और सेवा परंपरा का सशक्त स्वरूप है। यहां आकर यह देखना गर्व की बात है कि आयोजित शिविर में श्रद्धालु कांवड़ियों की तन-मन-धन से सेवा हो रही है। आयोजित शिविर में कावड़ियों के लिए भंडारे में अनेक स्वादिष्ट व्यंजन, ठहरने की उत्तम व्यवस्था, शीतल पेय की व्यवस्था की गई थी।

# मिट्टी पर सीमेंट, गिट्टी डालकर बना दिया सीसी रोड!


देवली में मिटटी के ऊपर ही सड़क बनाने का आरोप लगाया है।

देवली । एक और, तो राज्य सरकार शहरी विकासीकरण के तहत पालिका को विकास के नाम अच्छा खासा बजट देकर आमजन को राहत पहुंचाने के प्रयास कर रही है तो वही देवली पालिका के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर बना हुआ है। आमजन के विकास कार्यों के नाम पर सरकार से आए सरकारी धन को ठिकाने लगाने की नियत पर देवली पालिका के अधिकारी ठेकेदार के साथ मिलकर नियम विरुद्ध सीसी रोड का निर्माण करवाने से बाज नहीं आ रहे हैं।ऐसा ही एक मामला फिर से सामने यह आया कि देवली पालिका के अधिकारी सुरेश कुमार मीणा शहर में करोड़ों के, खर्चे पर जगह-जगह सीसी रोड का निर्माण करवा रहे हैं । तो वहीं कार्य से संबंधित ठेकेदार सीसी रोड के नियम कायदे कानून मापदंड को ताक में रखकर मनमानी तोर पर सीसी रोड का निर्माण कर रहा है। जहां सीसी रोड बनाए जाने के हेतु सबसे पहले बेस को मजबूत करने के लिए पीसीसी और डब्लू एम एम किया जाता है। इसके पश्चात 20 एम एम की गिट्टी काम मटेरियल बनाकर सीसी रोड का निर्माण किया जाता है ऐसे में अधिकारियों से मिली भगत करके ठेकेदार 40 एमएम की गिट्टी सीमेंट पीएससी या डब्लू एम एम किए बिना ही सीसी रोड बनाने के लिए सीधा 20 एमएम की गिट्टी डालकर रोड का निर्माण नियम के विरुद्ध करता दिखाई दिया है । ऐसे में रोड निर्माण में चल रहे ऐसे हालातो पर साफ तौर से बड़े भ्रष्टाचार की बू आ रही है। तो वहीं ऐसे बने हालातो से सरकारी धन का दुरुपयोग होना स्वाभाविक तौर पर दिखाई पड़ रहा है । सरकारी धन के दुरुपयोग में बनी मनमानी पर मिट्टी के ऊपर सीमेंट गिट्टी डालकर सीसी रोड का निर्माण यहां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है । ऐसे हालात और इस मामले की जानकारी पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा को बराबर पहुंच रही है। बावजूद उसके भ्रष्टाचार युक्त उक्त कार्य नीति पर अधिकारी द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां ठेकेदार की मनमानी का मामला यह भी सामने आया है कि देवली पालिका द्वारा शहर भर में सीसी रोड के निर्माण में ठेकेदार कहीं तो पूर्व में बने सीसी रोड को तोड़कर उक्त भ्रष्टाचार भरी नीति के तहत सीसी रोड बना रहा है तो कहीं पूर्व बने सीसी रोड को तोड़े बिना ही इस पर सीसी रोड का निर्माण कर इति श्री की जा रही है । ठेकेदार के द्वारा किए जा रहे ऐसे कार्यों की जानकारी कार्य से संबंधित सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता सहित अधिशासी अधिकारी को बखूबी प्राप्त है। बावजूद इसके उक्त अधिकारी सरकारी धन का हो रहा दुरुपयोग को रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहे हैं।ऐसे हालातो पर लोगों को आशंकाएं व्याप्त होती चली आ रही है कि कहीं ना कहीं मोटे कमीशन की बदनियति पर उक्त कार्य करवाए जा रहे है। जिसका खामियाजा सरकारी धन कोष को भुगतना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि शहर भर में चल रहे या हो चुके रोड निर्माण और भवन निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की परत दर परत चढ़ती चली जा रही है, जो जांच होने पर साफ तौर पर दिखाई दे सकती है। ऐसे में इस और जिला उच्च अधिकारी या स्थानीय प्रशासक रति भर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं ।,ऐसे में स्थानीय लोगों का यह भी मानना है कि कहीं ना कहीं पूरे कुएं में ही भांग गुटी हुई है। शायद इसीलिए रोड एवं भवन निर्माण के नियम नीति की धज्जियां उडाई जा रही है । इस संबंध में सुरेश कुमार मीणा अधिशासी अधिकारी नगरपालिका देवली का कहना है कि मैं मौके पर जाकर देखा हूं इसमें ठेकेदार ने डीएलसी इसी दर पर ली हुई है।

# सड़कों की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं : दिया कुमारी

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज सचिवालय में कोटा ज़ोन की सड़कों व भवनों की समीक्षा बैठक की। बैठक में साफ संदेश देते हुए कहा कि - निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों से दो टूक सवाल किया कि घटिया क्वालिटी की सड़कों के लिए ज़िम्मेदार अफसरों और ठेकेदारों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है?

उपमुख्यमंत्री ने खराब सड़कों को लेकर नाराज़गी जाहिर करते हुए कहा, "रोज़-रोज़ सड़क टूटने का सिस्टम अब बंद होना चाहिए। जब नई सड़क टूटती है, तो जनता का भरोसा टूटता है।" उन्होंने निर्देश दिए कि कोटा ज़ोन में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और गुणवत्ता से समझौता करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। इस दौरान पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि पिछले 1 से 1.5 साल में घटिया निर्माण के 45 से अधिक मामलों में चार्जशीट दी जा चुकी है। उपमुख्यमंत्री ने बजट 2024-25 की घोषणाओं को प्राथमिकता देते हुए कहा कि इनके कार्य जल्द से जल्द पूरे कराए जाएं। साथ ही 2025-26 की घोषणाओं की निविदा प्रक्रिया भी तुरंत पूरी कर काम शुरू किया जाए।

दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि बरसात के मौसम में अगर कहीं सड़क क्षितग्रस्त होती है, तो संबंधित अधिकारी फील्ड में एक्टिव रहकर उसे तुरंत दुरुस्त कराएं। उन्होंने कहा कि हर सप्ताह जोनवार समीक्षा बैठकें इसी उद्देश्य से आयोजित की जा रही हैं ताकि प्रगति की सटीक निगरानी हो सके।

बैठक में कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां जिलों में चल रही एनएचएआई, एनएच, आरएसआरडीसी, राजस्थान स्टेट हाईवे अथॉरिटी, पेचेबल-नॉन पेचेबल सड़कों और मिसिंग लिंक परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर एसीएस पीडब्ल्यूडी प्रवीण गुप्ता, पीडब्ल्यूडी सचिव डी.आर. मेघवाल, मुख्य अभियंता टी.सी. गुप्ता सहित मुख्यालय व जिलों के संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

## 'विधिक सहायता का मकसद, संविधान के मुताबिक न्याय देना'

**किशनगढ़ बास**। उपकारागृह किशनगढ़ बास में बुधवार को तालुका विधिक सेवा समिति किशनगढ़ बास के पी एल वी सूरजभान कछवाहा व पैनल अधिवक्ता मुकेश सैनी नें विधिक जागरूकता शिविर लगाकर जानकारी दीइस दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित बंदीगण को बंदियों के अधिकारों सहित विधिक सहायता का मकसद, संविधान के मुताबिक सभी को न्याय देना और समाज के गरीब, दलित और कमज़ोर वर्गों को भी समान न्याय मुहैया कराना आदि को लेकर जानकारी दी।

उन्होंने कहा जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्या को रखने के लिए पैसे नहीं होते, उन्हें बिना पैसे या बहुत कम पैसे में कानूनी सहायता मुहैया कराई जाती है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर व अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा प्रत्येक नागरिक जिसकी समस्त स्त्रोतों से आय प्रति वर्ष एक लाख रुपये हो, नि:शुल्क विधिक सेवा के पात्र हैं। संबंधित विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष/ प्राधिकरण के अध्यक्ष के अनुमोदन से किसी अन्य उपयुक्त मामले में भी मुफ्त विधिक सहायता प्रदान कर सकते हैं।

# महाविद्यालय पर अवैध वसूली का आरोप, तीन विद्यार्थियों को परीक्षा से रखा वंचित

**देवली**। निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र के ज्ञानदीप बीएड महाविद्यालय एक बार फिर विवादों में घिर गया है। महाविद्यालय प्रशासन की कथित हठधर्मिता के चलते बीएड द्वितीय वर्ष के तीन छात्रों को अंतिम लेसन की परीक्षा से वंचित कर दिया गया। छात्रों का आरोप है कि उनसे परीक्षा देने के नाम पर 1850 रुपये की अवैध मांग की गई थी।, जिसे उक्त तीन छात्रों ने देने से इनकार कर दिया छात्रों के इनकार करने के पर ज्ञानपीठ महाविद्यालय प्रशासन ने उन्हें परीक्षा में बैठने से रोक दिया गया। परीक्षा से वंचित रहे

विद्यार्थियों का कहना है कि महाविद्यालय प्रशासन ने यह राशि फाइनल लेशन के नाम पर मांगी थी जबकि एनसीटीई और शिक्षा निदेशालय के नियमों में इस प्रकार के किसी शुल्क का कोई उल्लेख नहीं है। छात्रों ने ज्ञानपीठ महाविद्यालय प्रशासन पर जबरन वसूली का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर भीलवाडा को 27 जून को एक लिखित शिकायत दी,। लेकिन जिला कलेक्टर भीलवाड़ा ने भी उक्त छात्रों के साथ हो रही मनमानी पर ध्यान नहीं दिया और छात्रों से प्राप्त लिखित शिकायत को रद्दी की टोकरी में डाल दिया । ऐसे हालातो की जानकारी मिलने पर जब जिला कलेक्टर भीलवाडा से फोन पर संपर्क किया तो भीलवाडा जिला कलेक्टर ने कई बार फोन करने के बाद भी मीडिया का फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा इसी प्रकार जहाजपुर उपखंड अधिकारी रामकेश मीणा को भी छात्रों ने फोन करके उक्त मामले की जानकारी से अवगत कराया ऐसे में उपखंड अधिकारी ने छात्रों को राहत पहुंचाने की बजाय छात्रों से का दल की 1850 रुपए विद्यालय में जमा कराकर परीक्षा मैं बैठ जाएं छात्रों ने यह जानकारी मीडिया को दी ऐसे में मीडिया ने उपखंड अधिकारी जहाजपुर को कई मर्तबा फोन किया परंतु जहाजपुर उपखंड अधिकारी ने मीडिया के फोन को रिसीव करना तक उचित नहीं समझा और उक्त मामले को जानते हुए भी खामोश बने रहे। ऐसे में छात्रों के द्वारा की गई शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिसके कारण तीन छात्र महाविद्यालय की . परीक्षा देने से वंचित रह गए और ज्ञानपीठ महाविद्यालय नियम विरुद्ध 1850 रुपए की राशि लेने की हटधर्मिता पर अड़ा रहा गौरतलब है कि आज के लगभग 2 साल पहले ज्ञानपीठ महाविद्यालय में ऐसे ही अवैध वसूली किए जाने का मामला समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था। ज्ञानपीठ महाविद्यालय के छात्र मेवालाल प्रजापत किसान पुत्र,कुंदन रेगर हमाल पुत्र ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय द्वारा पहले भी रिपोर्टिंग के समय 6000 रुपए की राशि दबाव बनाकर वसूली गई थी। , जिसकी उन्हें कोई रसीद भी नहीं दी गई। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कॉलेज में एनसीटीई के नियमानुसार सिर्फ एक ही शिक्षक कार्यरत है,।जबकि पढ़ाए जाने वाले विषयों की संख्या 9 है। साथ ही कक्षा में मात्र 11 छात्र ही नियमित रूप से उपस्थित रहते हैं। , ऐसे में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा 50 विद्यार्थियों की उपस्थिति कैसे दर्शाई जा रही है।यह गंभीर जांच का विषय है। इस मामले में जब स्कूल प्रशासक से संपर्क करना चाहा तो कई बार मोबाइल पर फोन करने के बावजूद स्कूल प्रशासन ने मीडिया का फोन रिसीव करना उचित तक नहीं समझा और मामले में कुछ भी कहने पर खामोशी बनाई रखी ।

**आम सूचना** लालचन्द भाटी पुत्र श्री गंगाराम भाटी, निवासी-हरीहर नगर, रामपुरा डाबडी, तहसील-रामपुरा डाबडी, जिला-जयपुर ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर की योजना श्री गिरधर विहार, सीकर रोड, जयपुर के भूखण्ड संख्या-11 क्षेत्रफल 125 वर्गगज के हस्तान्तरण हेतु मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड हक त्याग, शपथ पत्र, मूल दस्तावेज प्रस्तुत किया तथा उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण हेतु समिति को कहा गया है। यदि उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में सम्पर्क करें अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्ड का हस्तान्तरण कर दिया जायेगा, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नहीं होगा।
(हेमन्त कुमार पलोड़), एडवोकेट, मोबाईल नं. 9314511091

**खोया पाया**
गुरू जम्बेश्वर नगर-ए, विकास समिति का मूल प्रमाण पत्र एवं रजिस्ट्रीकरण विधान (नियमावली) गुम हो गई हे। यदि किसी को मिले तो सूचित करें- 9414454124

**नम्बर मिलाइए 9587884433**
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## शिव जी पर चढ़ाया जल

**पावटा**। हर साल की तरह इस साल भी श्रद्धालुओं में कांवड़ के प्रति अगाध भक्ति व श्रद्धा नजर आई। गंगोत्री व हरिद्वार से पैदल और डाक कांवड़ लेकर आए भोले भक्तों ने पावटा कस्बे के अलग-अलग मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम पावटा कमेटी वरिष्ठ सदस्य दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, कमेटी अध्यक्ष विकास शर्मा, मामराज भंडारी, गंगाराम मीणा, जम्मन राठी, सुशील गौड ने बताया कि शबुधवार को सुबह 9 बजे से जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों एवं कावडियों द्वारा बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम पावटा पर मंदिर महंत महाराज जयरामदास के सानिंध्य मे आचार्य पंडित संजय गौड व साहिल टीलावत द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराते हुए गंगाजल से बाबा भोले का जलाभिषेक किया गया। वही श्री राम डाक कावड़ गौ सेवा समिति द्वारा 51 घंटे में 24 कावड़ियों द्वारा 450 किलोमीटर का पैदल दौड़ सफर तय कर बुधवार सुबह 12 बजे के करीब हरिद्वार से पवित्र डाक कावड़ व बाबा भोले की शोभायात्रा सहित पावटा पहुंचे।

# तिजारा में मिलावट खोरी के खिलाफ अभियान शुरू


पावटा में कांवडियों का स्वागत सत्कार किया।

**खैरथल**। आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य-सुरक्षा विभाग ने जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देश पर मिलावट खोरी के विरुद्ध अभियान शुरू कर तिजारा में अनेक मिष्ठान भंडार के यहां से मिठाई के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाए और दुकानदारों को साफ सफाई रखना तथा शुद्धता से बनी मिठाई बेचने के लिए निर्देशित किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि अभियान के दौरान मेसर्स चिराग मिष्ठान भंडार से मलाई घेवर एवं कलाकंद, मेसर्स राजू स्वीट एंड पनीर भंडार से पनीर, मेसर्स बाबू लाल सैनी मिष्ठान भंडार से बर्फ़ी, मेसर्स पीयूष मिष्ठान भंडार से बर्फ़ी के खाद्य नमूने लेकर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला को भेजें निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने सभी मिठाई विक्रेताओं एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को साफ-सफाई बनाए रखने तथा मिलावटी खाद्य सामठी बेचने से परहेज करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत यादव ने कहा है कि त्योहारी सीजन में आमजन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करे।

## एसपी सुधीर चौधरी ने संभाला कार्यभार

**अलवर**। अलवर जिले को बुधवार को नया पुलिस अधीक्षक मिला। आईपीएस सुधीर चौधरी ने जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) का पदभार ग्रहण कर लिया।

पदभार ठाहण करते ही पुलिस लाइन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। इस दौरान जिले के तमाम थाना प्रभारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और स्टाफ मौजूद रहे। एसपी चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अपराध और अपराधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कानून से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस का व्यवहार आमजन के लिए संवेदनशील और अपराधियों के लिए कठोर रहेगा।

**आम सूचना**
मैं सुशीला देवी पुत्री आनंदीलाल रेगर रसीद नम्बर 61391-A प्लॉट नम्बर 159, 100 वर्ग गज बाबा आर एन गॉड गृह निर्माण सहकारी समिति की पिंकसिटी नगर योजना, बरखेड़ा शिवदासपुरा टोंक रोड जयपुर योजना के मूल कागजात कही खो गए हैं। मिले तो इन नम्बरों पर सूचित करें 6376354744

**आम सूचना** दिनांक-23.07.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रामधन टांक पुत्र श्री रामचन्द्र टांक निवासी 140, पदमावती कॉलोनी-ए, श्याम नगर, जयपुर ने अपने पुत्र दीपक टांक व पुत्रवधु दुर्गा मेवाड़ा को अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति व स्व. अर्जित एवं पुश्तैनी सम्पत्ति से बेदखल करते है, उक्त दोनों मेरे अभिभाष्य की कोई सेवा सुश्रुषा नहीं करते न इनके कहे अनुसार चलते है व लड़ाई झगड़ा करते है, जिसके चलते मेरे अभिभाष्य ने इन दोनों से सम्पूर्ण सामाजिक नातेदारी समाप्त कर दी है व आज के बाद इन दोनों से कोई भी व्यक्ति संबंध सरोकार रखेगा या किसी प्रकार से कोई संव्यवहार करेगा तो उसके लिए मेरे अभिभाष्य जिम्मेदार नहीं होंगे। सूचित रहे।
(सुरेश शर्मा) एडवोकेट, मो. 9887278175

**आम सूचना** दिनांक 23.07.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्या श्रीमती कविता मुसल धर्मपत्नी स्व. श्री कनई मुसल उर्फ कन्हैया लाल मुसल निवासिनी 14, अर्जुन कॉलोनी, आमेर रोड, जयपुर की एक अचल सम्पत्ति प्लाट नम्बर 46 (पश्चिमी हिस्सा), स्कीम नम्बर 2, अर्जुन कॉलोनी (माणिक्यपुरी), आमेर रोड, जयपुर से सम्बन्धित मूल दस्तावेज कही पर गिर गये हैं, जिसकी गुमशुदगी मेरी अभिभाष्या ने दिनांक 22.07.2025 को जरिये इन्फोर्मेशन रिपोर्ट एल. आर. नम्बर 2838208/2025 दर्ज करवा दी हैं। उक्त सम्पत्ति मेरी अभिभाष्या के विधिक उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित/ पंजीबद्ध हक त्याग पत्र दिनांकित 30.06.2025 के माध्यम से उसके हक व स्वामित्व में आई। मेरी अभिभाष्या ने अपनी उक्त सम्पत्ति प्लाट नम्बर 46 (पश्चिमी हिस्सा) कुल क्षेत्रफल 177.5 वर्गगज का बेचान/ विक्रय किसी दिगर व्यक्ति को करना तय किया है। इस बेचान/ विक्रय के सम्बन्ध मे यदि किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो आज से अन्दर मियाद 10 दिवस मे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज सहित अवगत कराये अन्यथा बाद निकली समयावधि कोई आपत्ति कानूनी रूप से स्वीकार्य नही होगी। सूचित रहे।
(नवीन खण्डेलवाल एडवोकेट), मो. -9782964118, 9314871118
04, शिवाजी चौक, इन्द्रपुरी कॉलोनी, ब्रह्मपुरी खुर्रा, जयपुर (राज.)- 302002

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
क्रमांक: DHC-II/681 **जाहिर आम सूचना** दिनांक: 23-07-2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 62/374, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 30.750 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री अब्दुल अजीज पुत्र श्री हाजी वजीर मोहम्मद को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 6111 दिनांक 30.03.1991 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 10.03.1992 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3057 दिनांक 30.12.2013 के द्वारा श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी श्री सुन्दर लाल के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्रीमती कौशल्या देवी की मृत्यु दिनांक 12.12.2024 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री सुरेश कुमार नारवानी पुत्र स्व. श्री सुन्दर लाल नारवानी ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वारिसान घोषणा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री सुरेश कुमार नारवानी पुत्र स्व. श्री सुन्दर लाल नारवानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबंधक वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/621 दिनांक-09.07.2025
**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 56/12 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 219.60 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री देवी सिंह पुत्र स्व. श्री इन्द्रजीत सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1238 दिनांक 29.06.1991 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 07.09.1991 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3054 दिनांक 09.12.1994 के द्वारा श्री देवी सिंह पुत्र स्व. श्री इन्द्रजीत सिंह के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 26.12.1994 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री देवी सिंह की मृत्यु दिनांक 14.09.2024 को हो जाने के कारण इनके पुत्रान श्री हरेन्द्र भारती, श्री विनिशा भारती एवं सुमेन्द्र सिंह भारती पुत्रान स्व. श्री देवी सिंह के द्वारा मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री हरेन्द्र भारती, श्री विनिशा भारती एवं सुमेन्द्र सिंह भारती पुत्रान स्व. श्री देवी सिंह के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक प्लाट नं. 148 दक्षिणी हिस्सा, आशादीप ग्रीन्स, श्यामपुरा बुहारिया, सांगानेर, जयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 101.85 वर्गगज है, यह कि प्लॉट नम्बर 148 कुल क्षेत्रफल 152.77 वर्गगज का पट्टा विलेख जेडीए जयपुर द्वारा दिनांक 21.03.2012 को जाविञी शर्मा के हित में जारी किया गया था, जाविञी शर्मा का स्वर्गवास 14.03.2020 को हो गया, जाविञी शर्मा के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारी में उनके पति ललताराम शर्मा एवं पुत्री अनिता गौड़, सुनीता शर्मा एवं पुत्र पवन शर्मा उक्त सम्पत्ति में अपने-अपने अविभाजित हिस्से के मालिक स्वामी व अधिकारी हुए, तत्पश्चात ललताराम शर्मा, अनिता गौड़, सुनीता शर्मा ने उक्त वर्णित सम्पत्ति में अपने-अपने अविभाजित हिस्से का हकत्याग जरिये हक त्याग पत्र दिनांक 02.09.2021 द्वारा पवन शर्मा के हक में त्याग कर दिया, तत्पश्चात पवन शर्मा ने उक्त वर्णित सम्पूर्ण प्लॉट को जरिये विक्रय पत्र दिनांक 10.10.2023 द्वारा मैसर्स गुप्ता बिल्डर्स जरिये प्रो. श्री पुरुषोत्तम को विक्रय कर दिया, तत्पश्चात मैसर्स गुप्ता बिल्डर्स जरिये प्रो. श्री पुरुषोत्तम ने सम्पूर्ण प्लॉट में से दक्षिणी हिस्सा, कुल क्षेत्रफल 101.85 वर्गगज को जरिये विक्रय पत्र दिनांक 15.05.2024 द्वारा काजल को विक्रय कर दिया। इस प्रकार काजल उक्त सम्पत्ति की एकमात्र रूप से मालिकन, स्वामीनी, अधिकारी, काबिजा हुई। अब श्रीमती माया देवी शर्मा उक्त सम्पत्ति को क्रय कर रही है जिस बाबत मेरे अभिभाष्य वितीय संस्था HDFC Bank Ltd. से ऋण ले रही है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, प्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।
दिनांक-22.07.2025 केदार राम, एडवोकेट
मोबाईल नं. 9460943434, 9799170016

**SUMMONS FOR SETITLEMENT OF ISSUES**
(O V,rr/5)
IN THE COURT OF SH. RAKESH KUMAR SHARMA, DJ-08, ROOM NO. 107, EXTENSION BLOCK
TIS HAZARI COURTS, DELHI
MCADJ/19/2020
PUNJAB NATIONAL BANK---PLAINTIFF
VS
SH.RAJINDER KUMAR SHARMA AND ORS...DEFENDANT
To
SH.RAJINDER KUMAR SHARMA (D-1) R/O 40, BAGHWALO KI DHANI, GOLYAWAS, MANSAROVAR, JAIPUR, RAJASTHAN-302020
Whereas Plintiff has instituted a suit against you for appeal you are hereby summoned to file a writeen statement within 30 days of the service of the present summons and to appear this court in person, or by a pleader duly instructed, and able to answer all material questions relting to suit, or who shall be accompanied by some person able to answer all such questions on the 16.09.2025 AT 10 O' clock, to answer the claim; and further you are hereby directed to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you bse your defence or claim for set-off or counterclaim, and where you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defense or claim for set off or counter-claim you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.
Take notice that, in default of your appearance on the day before mentioned, the suit will he heard and determained in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court on 19.07.2025
जिला न्यायाधीश-08
(केन्द्रीय जिला), कमरा नं. 152
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली-110054

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांकः जविप्रा/उपा. जोन-8 / 2025 / डी- 201 **विज्ञप्ति** दिनांक 17/7/25
आवेदक श्री मुकेश यादव पुत्र स्व. श्री पूरण मल यादव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर मित्र गृ.नि.स.स की योजना पंचवटी कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 47 क्षेत्रफल 185.75 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। मित्र गृ.नि.स.स की योजना पंचवटी कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 47 क्षेत्रफल 185.75 व.ग. की लीजडीड श्री अशोक खण्डेलवाल पुत्र श्री रमेश खण्डेलवाल के नाम जारी की गई। तत्पश्चात् इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान श्री पूरण मल यादव पुत्र स्व. श्री छोटूराम यादव को करने पर कार्यालय द्वारा इनके नाम हस्तान्तरण पत्रांक डी-3372 दिनांक 21.08.2013 के द्वारा जारी किया जा चुका है। आवेदक द्वारा अपलोड दस्तावेजात् अनुसार दिनांक 14.06.2023 को श्री पूरण मल यादव पुत्र स्व. श्री छोटूराम यादव की मृत्यु होने पर इनके विधिक वारिसान श्रीमती श्रवणी देवी एवं श्री धनराज यादव द्वारा दिनांक 23.04.2025 को आवेदक श्री मुकेश यादव पुत्र स्व. श्री पूरण मल यादव के पक्ष रजि. हकत्याग किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था/ हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद- मियाद आवेदक के पक्ष में लीजडीड/नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। उपायुक्त जोन-8 जविप्रा, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम हेमंत कुमार से बदलकर हेमंत जैन पुत्र स्व. श्री प्रेम चन्द जैन कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये, पता-फ्लैट नंबर-113, श्री विनायक होम्स-III, प्लाट नं. डी-9 से डी-12 जैतराम नगर, खेजडों का बास, मानसरोवर,जयपुर-302020

मैंने अपना नाम मुन्नी से बदलकर मुन्नी नफीसा रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम मुन्नी नफीसा पत्नी श्री मोहम्मद हुसैन निवासी मकान नं. बी-1, न्यू रामगढरोड, नियर करबला चौराहा, कृष्णा कॉलोनी, जयपुर के नाम से जाना जाये।

मैं नं. 15447710-एच रैंक-नायक कुलदीप निवासी गांव-मकान संख्या 193 बिरालसी, तहसील सदर, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश-247772 ने अपनी माताजी का नाम राजेश देवी से राजेश एवं जन्मतिथि 12.03.1972 से 01.01.1972 शपथ पत्र संख्या 028247 दिनांक 22.07.2025 कोर्ट-चिरावा के तहत बदल लिया है।

मैंने अपना नाम GAYTRI PATEL से बदलकर GAYATRI PATEL W/o Jignesh Patel निवासी 2343, एमएसबी रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर रख लिया है, भविष्य में मुझे के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैं आर्मी नं. 16035444-L, राइफलमैन अनिल सिंह चौहान यूनिट 17 राज रिफ (सवाईमान) है। मेरे सेना के दस्तावेजों में मेरे पिताजी का नाम धीर सिंह चौहान (Dheer Singh Chauhan) है जो कि गलत हे। मेरे पिताजी का सही नाम धीर सिंह (Dheer Singh) है जो की सही व सत्य है।

मैं आर्मी नं. 16035444-L, राइफलमैन अनिल सिंह चौहान यूनिट 17 राज रिफ (सवाईमान) है। मेरे सेना के दस्तावेजों में मेरी माताजी का नाम अनिता चौहान (Anita Chauhan) है जो कि गलत हे। मेरी माताजी का सही नाम अनिता देवी (Anita Devi) है जो की सही व सत्य है।

मैं आर्मी नं. 16032039-H, राइफलमैन हितेश कुमार सिंह चौहान यूनिट 17 राज रिफ (सवाईमान) है। मेरे सेना के दस्तावेजों में मेरी माताजी का नाम संध्या सिंह (Sandhya Singh) है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही नाम संध्या देवी (Sandhya Devi) है जो की सही व सत्य है।

मैं आर्मी नं. 16031679-A, राइफलमैन भवानी सिंह गौड यूनिट 17 राज रिफ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरे पिताजी का नाम राजेन्द्र सिंह गौड (Rajendra Singh Gour) है जो कि गलत हे। मेरे पिताजी का सही नाम राजेन्द्र सिंह (Rajendra Singh) है।

मैं आर्मी नं. 16034085-W, राइफलमैन शिवम सॉन्ग 17 RAJRIC सवाईमैन है मेरे पिताजी का नाम सैन्य दस्तावेज में धर्मेन्द्र सिंह (Darmendra Singh) है जो कि गलत हे। मेरे पिताजी का सही नाम धर्मेन्द्र (Dhanendra) है।

मैं आर्मी नंबर 16034085W राइफलमैन शिव सॉन्ग यूनिट 17 RAJRIF सवाईमैन है माताजी का नाम सैन्य दस्तावेज में मंजू सोम (Manju Soam) है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही नाम मंजू (Manju) है

मैं आर्मी नंबर 16033737X राइफलमैन विशाल राघव यूनिट 17 RAJRIF सवाईमैन है मेरे पिताजी का नाम सैन्य दस्तावेज में परमजीत सिंह राघव (Prem Jeet Singh Raghav) है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम परमजीत सिह (Prem Jeet Singh) है।

I, Seema Devi spouse of No 8037168F, Nk (Chef), Rakesh Kumar, resident of Village Beawar, Post Beawar, The: Sadulpur, Rajasthan, Pin -331301 have changed my name from SEEMA DEVI to SEEMA vide affidavit no. IN-RJ18538244177689X DATE 21/07/2025

I Manny Devi legally mother of army no 14829156X Ex Hav Chander bhan S/O Rajendar Kumar resident of village khidarsar post chandawa district jhunjhunu rajasthan that I have changed my name which is wrongly entered in my son service record from MANNY DEVI To MANI DEVI Vide affidavit dated 16 July 2025 before district sub magistrate Mandawa jhunjhunu

**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**
सार्वजनिक सूचना
क्रमांक/न.नि.भ./2025-26/7928-929 दिनांक : 23.07.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत श्री रमनलाल शर्मा पुत्र श्री जीतराम शर्मा, निवासी मानव भारतीय स्कूल के पास, तोप टीला, अनाह गेट, वार्ड नं. 18, भरतपुर द्वारा धारा 69-ए के अन्तर्गत ( पत्रावली संख्या 803 ) भरतपुर शहर के चारों ओर स्थित मिट्टी के कच्चा परकोटा का पट्टा चाहा गया था ।जिसमें विभागीय कार्यवाही उपरान्त आवेदक श्री रमन लाल शर्मा पुत्र श्री जीत राम शर्मा के पक्ष में धारा 69-ए का पट्टा क्रमांक 251 दिनांक 25.03.2025 भूखण्ड क्षेत्रफल 133.74 वर्गमीटर का जारी कर दिया गया ।परन्तु आवेदक द्वारा इस कर्यालय से पट्टा प्राप्त नहीं किया गया एवं आवेदक की मृत्यु दिनांक 30.03.2025 को हो गई है तदोपरान्त उनकी पत्नि श्रीमती निर्मला देवी पत्नि स्व. रमनलाल शर्मा द्वारा उक्त धारा 69-ए के पट्टे को अपने नाम जारी कराने हेतु प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत की है । उक्त के सम्बन्ध में यदि व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में इस कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने अविध पट्टा श्रीमती निर्मला देवी पत्नि स्व. श्री रमनलाल शर्मा के पक्ष में किये जाने की अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी ।सूचित हों ।
प्रभारी अधिकारी
नगर निगम, भरतपुर

## संक्षिप्त

### 350 अपात्र लोगों के नाम हटाए

**बौंली- बामनवास** । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से स्वैच्छा से नाम हटाने के अंतिम चरण में बौंली एवं मलारना डूंगर उपखंड मुख्यालय पर बैठक आयोजित कर स्वैच्छा से आवेदन कर 350 अपात्र लोगों के नाम हटाए गए एवं 30 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किया गया। जिला रसद अधिकारी राम भजन मीणा ने बताया कि अंतिम चरण में गिव अप अभियान के तहत पर्यवेक्षक के लिए नियुक्त उपभोक्ता मामले विभाग के उपायुक्त संजय झाला द्वारा अभियान की समीक्षा के तहत विभागीय अधिकारियों एवं राशन विक्रेताओं के साथ पंचायत समिति सभागार बौंली एवं तहसील कार्यालय मलारना डूंगर में बैठक आयोजित कर सतर्कता समिति के सदस्यों को अपात्र लोगों की पुष्टि करने के निर्देश दिए गए एवं पात्र व्यक्तियों से पात्रता की पालना संबंधी घोषणा पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया।

### 5 फीट लंबा कोबरा निकला

**टोंक।** जिला कारागृह टोंक में बीती रात को कोबरा सांप घूंस जाने से हडकम्प मच गया, जिसे सिविल डिफेंस की टीम ने निकाला। जिला कारागृह के बैरक नंबर तीन में मंगलवार रात को कोबरा घुसने से बंदियों में हड़कंप मच गया तथा बंदी डरकर एक ओर खडे हो गए। इसकी सूचना पर जेल प्रशासन ने सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया, जहां डिफेंस टीम ने पहुंचकर सांप को रेसक्यू किया।

### भारी बारिश की आशंका

**नसीराबाद** । नसीराबाद उपखंड प्रशासन ने क्षेत्रवासियों एवं किसान भाइयों से आगामी दिनों में संभावित भारी बारिश, तेज हवाओं एवं मेघगर्जन के मद्देनज़र सतर्कता बरतने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार मानसून सक्रिय है और क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा होने की संभावना जताई गई है, जिससे जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।प्रशासन ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से सावधानियों का पालन करने का अनुरोध किया है जिसमें तालाबों व एनीकट के पास न जाएं ।

# पीपलू मुख्यालय पर बिजली निगम के भवन का उद्‌घाटन

**टोंक।** पीपलू मुख्यालय पर पावर हाउस परिसर में बने बिजली निगम के बने नए भवन का का बुधवार को मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामसहाय वर्मा ने लोकार्पण भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस दौरान कार्यक्रम में आये आमजन व कार्यकर्ताओं द्वारा शिकायतों के बाद विधायक वर्मा ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिये तथा राज्य सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करने की नसीहत दी। इस मौके पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, पंचायत समिति पीपलू प्रधान रतनी देवी चंदेल, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी ने कहा कि बिजली निगम की कई शिकायतें मिलती है तथा मॉनिटरिंग का अभाव हो या नीचे के स्टॉफ उन पर ज्यादा हावी है। कई जगह 25 कनेक्शन के ट्रांसफॉर्मरों पर 80 से अधिक कनेक्शन है लेकिन उनकी परेशानी पर कोई ध्यान नहीं है, इन समस्याओं के निस्तारण हेतु निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया।

- कार्यकर्ताओं की शिकायतों के बाद विधायक वर्मा ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिये तथा राज्य सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करने की नसीहत दी।



मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामसहाय वर्मा ने लोकार्पण भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया।

## सार-समाचार

### बौंली में कांवड यात्रा निकाली



**बौंली- बामनवास** । श्रावण मास के पवित्र माह में बौंली नगर के शिव भक्त श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी धाम से पवित्र जल लाकर कांवड यात्रा निकालकर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किया। बुधवार को करीब दोपहर 12 बजे जागेश्वर महादेव मंदिर पर त्रिवेणी धाम से लाये गए जल का विधि विधान से पूजा अर्चना कर कांवडियों ने बौंली नगर में डीजे की धार्मिक धूनों के साथ कांवड लेकर चलते हुए गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर जाकर जलाभिषेक किया। कावड़ यात्रा श्री जागेश्वर संस्कृत महाविद्यालय के जागेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होकर मुख्य बस स्टैंड, नगर पालिका चौराहे से निवाई रोड होते हुए गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची एवं महापौर मंत्रोचार के साथ जलाभिषेक किया गया। इस दौरान बौंली भाजपा मंडल के पूर्व महामंत्री मुकेश गोयल व पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक मंडावरा के नेतृत्व में अनेको भाजपा कार्यकर्ताओं ने कावड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा पर स्वागत किया।यात्रा के दौरान कलाकारों ने भोलेनाथ, पार्वती व मातेश्वरी कालिका सहित अनेको झांकियां सजाकर नृत्य कर नगर वासियों का मनमोहन लिया। कावड़ यात्रा के दौरान महिलाएं व बालिकाएं भजन गाती साथ चल रही थी।

### ठगी करने का आरोपी पकड़ा

**गंगापुर सिटी** । वजीरपुर पुलिस ने फर्जी फाइनेंस कंपनी के माध्यम से महिलाओं से ठगी करने वाले गिरोह के एक गुर्गे को गिरफ्तार किया है। पकडा गया आरोपी उत्तम वर्मा (28) उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले का रहने वाला है। वह फिलहाल पांच दिन की पुलिस रिमांड पर है। वजीरपुर निवासी फरहान अहमद ने 8 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपियों ने हीरो होंडा एजेंसी के पास मन्ने साईं फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी खोली थी। उन्होंने महिलाओं को 5० हजार रुपए का लोन देने का वादा किया। शर्त थी कि दो साल में 60,240 रुपए चुकाने होंगे। प्रति माह 2,610रुपए की किस्त तय की गई थी। फरहान की पत्नी से दस्तावेज और आधार कार्ड लेकर बीमा के नाम पर 2,980 रुपए वसूले गए। कंपनी ने 8 जुलाई को खाते में पैसा डालने का वादा किया। जब फरहान पत्नी के साथ कंपनी पहुंचा तो दफ्तर बंद मिला। वहां कई अन्य पीडति भी मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। साइबर सेल की मदद से सीडीआर और गवाहों के बयान के आधार पर जांच की गई। शाहरुख खान, सहीश, मनीज समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश और ठगी की रकम की बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है।

### कोदूकोटा में पौधारोपण

**भीलवाड़ा।** अग्रवाल समाज भीलवाड़ा के पूर्वी जोन अग्रवाल महिला मंडल द्वारा कोटडी रोड, कोदूकोटा में पौधारोपण किया गया। समाजसेवी रामगोपाल अग्रवाल, किशन अग्रवाल एवं समाज संपत्ति ट्रस्ट के कार्यकारी महामंत्री ललित अग्रवाल के सानिध्य में विभिन्न प्रजातियों के 30 फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए गए। पूर्वी जोन महिला मंडल अध्यक्ष पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सोनू गोयल, कार्यकारिणी सदस्य श्वेता अग्रवाल, करिश्मा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, पूजा,मनीषा एवं निशा आदि द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

# किशनगढ़बास में 4:50 करोड़ की सड़कें मंजूर

**किशनगढ़बास बास।** विधायक दीपचन्द खैरिया की अनुशंसा पर सार्वजनिक निर्माण विभाग ने किशनगढ़बास बास विधानसभा क्षेत्र में लगभग साढ़े 4 करोड़ की डामरीकरण मिसिंग लिंक सड़के स्वीकृत की है। विधायक दीपचंद खैरिया ने क्षेत्र में सडकें स्वीकृत करने पर सार्वजनिक निर्माण विभाग की मंत्री उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया है

विधायक खैरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि मुख्य अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर द्वारा विधायक दीपचंद खेरिया की अनुशंसा पर लाडपुर से शेरपुर की ओर डामरी कारण सड़क लगभग 3 किलोमीटर लागत 1.20 लाख, मुख्य सड़क से नेपाल सिंह के घर के पास जोहड़ तक 1 किलोमीटर लागत 40 लाख, सम्पर्क सड़क से हल्लू का बास तक 500 मीटर लागत 20 लाख, हरियाणा सीमा के पास मनजीत के घर से बीलाहेडी की ओर श्यामलाल के घर तक 500 मीटर लागत 20 लाख, बघाना -मेवली अधूरी सड़क निर्माण कार्य डेढ़ किलोमीटर लागत 60 लाख रुपए, लल्लू के खेत से अधूरी सड़क चावंडी सीमा तक लम्बाई 1.30 लागत 55 लाख, जुहरु दिन की ढाणी से खैरथल फार्मेसी कॉलेज की ओर टहटडा रायपुर मेवान की सीमा 1 किलोमीटर लागत 40 लागत रुपए, बंबोरा तहनोली सडक मार्ग से सोमनाथ के मकान के पास से होती हुई बाघोर की ओर 1 किलोमीटर लागत 40 लाख रुपए की सड़कें स्वीकृति कर दी गयी है। इससे पूर्व में बजट घोषणा में लगभग दस करोड़ लागत की स्वीकृत सड़कों में आलमपुर -कान्हडका बोलनी सड़क नवीनीकरण , अहीरबासना से माँघा का माजरा , कोलगाँव, अर्चट माता मंदिर बम्बोरा, विवेकानंद आईटीआई खेड़ा से मंडा की ओर , गोठडा से गुरगचका की ओर सड़क मरम्मत आदि मुख्य हैं ,जिनका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के अधिकारियों को निर्देश दिये है । सड़क स्वीकृत कराने पर गाँव बम्बोरा के दर्जनों ठाामीणों ने विधायक कार्यालय पर पहुँच कर विधायक का आभार जताया है। आभार व्यक्त करने वालों में सरपँच फूलसिंह चौधरी, जीएसएस बाघोर चेयरमैन सोमनाथ चौधरी, घासीराम पंच, ईश्वर सिंह चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, याकत अली, शौकीन खान, वीरसिंह चौधरी, दीनदयाल बसवाल, जयप्रकाश जाट, यशवंत सिंह जाट आदि रहे।

## हलैना उप तहसील को यथावत रखने की मांग

**हलैना भरतपुर** (निस)। उप तहसील कस्वा हलैना को यथावत रखने की माँग को लेकर बुधवार को हलैना और आसपास के गाँवों से आये विभिन्न संगठनों से जुड़े नागरिकों ने आज नायव तहसीलदार को राज्य के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया । गणमान्य नागरिकों द्वारा दिये ज्ञापन में कहा है कि हलैना उप तहसील को अगर समाप्त किया गया तो क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी होगी जिसकी बजह से जनता में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ेगी जिसके कारण भाजपा को आगामी समय में होने बाले चुनावों में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा । ज्ञापन में कहा गया है कि हलैना उप तहसील राजस्व देने में बहुत आगे है । किसान नेता इन्दल सिंह जाट और पंचायत समिति सदस्य संजय गुप्ता ने कहा कि किसी भी लोकतंत्रिक तरिके से चुनी हुई सरकार का काम होता है सुबधाओं का विकास और विस्तार करना लेकिन मौजूदा सरकार को भरतपुर ही नही समूचे प्रदेश स्तर पर तहसीलों को समाप्त करने का फैसला निरस्त करना चाहिये , इससे जनता को भारी असुविधा हो जायेगी । गणमान्य नागरिकों ने कहा कि हलैना तहसील की माँग करीब तीस वर्ष पुरानी थी जिसे पिछली गहलौत सरकार ने पूरा किया था ।

# बीएलओ घर-घर जाकर भरवाएंगे गणना प्रारूप

**टोंक।** विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को कृषि प्रशिक्षण केंद्र टोंक में आयोजित हुआ। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) कल्पना अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो युक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 चलाया जा रहा है। निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता के लिए निर्वाचन कर्मियों को प्रशिक्षित करना आवश्यक है।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने बताया कि इनके द्वारा प्रशिक्षित बीएलओ मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर गणना प्रारूप भरवाने का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय राजस्थान द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों व जानकारियों से अपने आप को अपडेट रखने व सभी प्रकार के अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफ ए क्यू) की जानकारी रखने के लिए कहा।

- मास्टर ट्रेनर्स को दिया विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण
- निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता के लिए निर्वाचन कर्मियों को प्रशिक्षित करना आवश्यक है।
- लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है

प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में मालपुरा, निवाई, टोंक व देवली- उनियारा के 40 विधानसभा स्तरीय 10 जिला स्तरीय के मास्टर ट्रेनर्स व संबंधित इआरओ कार्यालय के अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता में अभिवृद्धिकरण का कार्य किया जा चुका है ताकि वे उनके विधानसभा में जाकर वहां के बीएलओ और सुपरवाइजर को उक्त कार्य हेतु प्रशिक्षित कर सके।

# ओडिशी नृत्य पर कार्यशाला

**हिन्डौन सिटी।** स्पिक मैके सोसायटी द्वारा चैप्टर हिन्डौन के अन्तर्गत ओडिशी नृत्य कार्यशाला प्रदर्शन के दूसरे दिन आज "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" संकल्पना के अंतर्गत ओड़िशी नृत्य की अंतराष्ट्रीय कलाकार गीतांजलि आचार्य ने ओडिशी नृत्य की प्रस्तुति दी और छात्राओं को गुर सिखाए।

कार्यक्रम के संयोजक स्पिक मैके चैप्टर हिन्डौन समन्वयक अनमोल शर्मा (बागरैनियां) ने बताया कि स्पिक मैके सोसायटी युवाओं में भारतीय शास्त्रीय नृत्य व संगीत, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक शैक्षिक युवा आन्दोलन है। इसी आंदोलन के तहत अर्द्ध शहरी व ठाामीण भारत के लाखों युवाओं तक पहुंचने के संकल्प के साथ आज आयोजित ओड़िशी नृत्य कार्यशाला प्रदर्शन के दूसरे दिन हिन्डौन सिटी ब्लॉक के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, करसौली एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, आलावाड़ा स्कूलों में ओड़िशी नृत्य कार्यशाला प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यशाला 21 जुलाई से 25 जुलाई तक हिन्डौन ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जायेगी कार्यशाला में अंतराष्ट्रीय कलाकार गीतांजलि आचार्य ने ओड़िशी नृत्य द्वारा गुरु प्रणाम, धरती मां प्रणाम, सभा प्रणाम आदि बारीकियों को समझाया। इसके साथ ही श्री कृष्ण भगवान की लीला का नृत्य नाटिका के माध्यम से भावमय प्रस्तुति दी। आलावाड़ा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजू रानी शर्मा ने कलाकार गीतांजलि आचार्य को स्मृति चिह्न व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए बताया कि भारत की धरोहर नृत्य व संगीत की कलाओं से प्रत्येक विद्यार्थियों को परिचित होना चाहिए। इस दौरान ओड़िशी नृत्य कलाकार द्वारा सिखाई जा रही विद्या की भी प्रशंसा की। आलावाडा के प्रहलाद शेखपुरा, नवल सिंह, प्रहलाद मीणा खेड़ी, आरती, लता, भोपाल आदि उपस्थित रहें। करसौली के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रधानचार्या सत्येन्द्र कुमार ने स्पिक मैके कलाकार एवं कार्डिनेटर का आभार प्रदर्शित किया।

## कोर्ट स्टाफ ने मिलकर पौधे रोपे

**आसींद** । स्थानीय सिविल न्यायालय परिसर में 23 जुलाई 2025 को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मियों तथा न्यायालय परिसर से जुड़े विभिन्न कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर न्यायालय परिसर में नीम, पीपल, गुलमोहर एवं अन्य छायादार तथा औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता, कनिष्ठ अधिवक्ता, न्यायालय लिपिक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने वृक्षों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया और एक स्वच्छ, हरा-भरा वातावरण बनाए रखने की अपील की।

# करौली में अपराध कंट्रोल के लिए एसपी की मौजूदगी में बैठक

**करौली।** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल की अध्यक्षता में अपराध नियंत्रण को लेकर कार्यालय के सभागार में जिला पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृताधिकारी,थानाधिकारी सहित आला अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित कि गई।

- एसपी ने बैठक लेकर अधिकारियो को निर्देश दिये की अपराध नियंत्रण हमारी पहली प्राथमिकता है

अपराध समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक लोके'ा सोनवाल ने जिले के सभी थानाधिकारियों एवं वृताधिकारीयो को निर्देशित करते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण हमारी पहली प्राथमिकता है इसमें कोई कोताई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी राजस्थान पुलिस प्राथमिकता 2025 के तहत अपराध संबंधी व प्रशासनिक प्राथमिकताओं के संबंध में प्रभावी ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, 2023 के पैण्डिंग प्रकरणों के निस्तारण के संबंध मे विशेष अभियान 15 जून से 31 जुलाई तक चलाया जा रहा है इसमें अधिक से अधिक पेंडिंग मुकदमों का निस्तारण करे और भारतीय नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में जारी मानक संचालन प्रक्रिया के मुताबिक कानून प्रक्रियाओं की अक्षरशः पालना करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस मुख्यालय द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 11 से 25 जुलाई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों यथा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। आसूचनाओं को सुदृढ कर उनके उचित विश्लेषण एवं क्रियान्वयन से संगठित अपराधों यथा अवैध मादक पदार्थ,अवैध हथियार, अवैध शराब तस्करी, अवैध खनन में लिप्त पेशेवर अपराधियों व माफियाओ की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को जब्त कर उन पर नकेल कसी जायेगी करौली से नशे का समूल नाश करने की दिशा में स्मैक की खरीद फरोख्त करने वाले तस्करों के संबंध में आसूचना एकत्रित कर कठोर कानूनी कार्यवाही करें। सार्वजनिक रूप से आमजन को परेशान करने वाले नशेड़ियों को भी बख्शा नहीं जाएगा।संध्याकालीन गश्त और रात्रि कालीन गश्त के दौरान सुपरविजन पुलिस अधिकारी पूर्ण सतर्कता के साथ संभाव्य आपराधिक स्थानो पर पुलिस जाब्ते की तैनाती कर पूर्ण निगरानी रखें।न्यायालय से फरार वारंटियों की धरपकड़ के संबंध में जिला स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।जिसमें सभी थानाधिकारी अधिक से अधिक वारंटियों दस्तयाबी सुनिश्चित करें। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए साइबर ठगो के जाल को तोड़ा जाएगा। इस संबंध में जिले की साइबर टीम,सोशल मीडिया टीम एवं थानाधिकारियो ने मिलकर कार्य योजना बनाई है।सड़क दुर्घटना के मामलों में ब्लैक पाइंट चिन्हित करते हुए दुर्घटना के कारणों का पता लगा कर उनके स्थाई निवारण खोजें। एआई बेस्ड नवीनतम तकनीकों का इस्तेमाल संज्ञेय अपराधों के निस्तारण में आवश्यक रूप से करें।साइबर फ्रॉड के मामलों में हेल्पलाइन नंबर 1930 व वेबसाइट से प्राप्त ऑनलाइन परिवादो का निस्तारण 15 दिवस में सुनिश्चित करें।



करौली पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये।

# खैरथल तिजारा में स्कूली बच्चों के लिए नवाचार स्वच्छ मुख व स्वास्थ्य अभियान शुरू

- केंद्रीय मंत्री व सांसद भूपेंद्र यादव व कलेक्टर की पहल पर हर माह 20 शिविर लगाकर स्कूली बच्चों की जांच करेगी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम।
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कलेक्टर ने ली चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीयों की बैठक एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम के संदर्भ में एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में आयोजित कि गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में सेहत अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों की बीपी, शुगर एवं सर्वाइकल कैंसर की जांच कर पोर्टल पर नियमित एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे जनस्वास्थ्य कार्यक्रम को और अधिक सुदृढ बनाया जा सके। कार्यक्रम की प्रगति पर संतोष जताते हुए जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले की प्रगति को और बेहतर बनाने हेतु समस्त चिकित्सा संस्थानों में प्रत्येक एएनएम व सीएचओ द्वारा प्रतिदिन 100 प्रविष्टियाँ समय पर दर्ज करवाई जाएं।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मरीजों को आवश्यकता अनुसार समस्त जांचें करवाकर अस्पताल में उपलब्ध सरकारी दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि मरीजों को राहत मिल सके। बैठक में सीएमएचओ डॉ अरविन्द गेट ने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं सांसद भूपेन्द्र यादव व जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में स्कूली बच्चों के मुख एवं दंत रोगों की स्क्रीनिंग के लिए नवाचार स्वच्छ मुख एवं स्वास्थ्य अभियान शुरू किया गया है। 22 जुलाई से प्रारंभ इस कार्यक्रम के तहत हर माह जिले में 20 शिविर लगाए जाएंगे, जिससे बच्चों को समय रहते परामर्श और उपचार दिया जाएगा। इस दौरान जिला कलेक्टर ने दिव्यांगजन के बचे हुए प्रमाण पत्रों को पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए, साथ ही शहरी क्षेत्रों में शेष सीबीएसी फॉर्म की एंट्री पूर्ण कर लक्ष्य के अनुसार प्रगति सुनिश्चित करने व परिवार कल्याण एवं आरसीएच गतिविधियों के तहत गर्भवती महिलाओं को 12 सप्ताह में पंजीकृत कर सभी आवश्यक जांचें समय पर कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिले में अनाधिकृत रूप से संचालित झोलाछाप क्लीनिकों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मां वाउचर योजना के तहत द्वितीय एवं तृतीय तिमाही की समस्त गर्भवती महिलाओं की सोनोठााफी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग से जुडी सभी योजनाओं के लक्ष्यों को तय समय में पूर्ण किया जाए। इसके अलावा जिला सचिवालय पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संदर्भ में एक दिवसीय जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला तीन सत्रों में संपन्न हुई, जिसमें विशेष पुनरीक्षण से संबंधित प्रक्रियाएं, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी एवं कार्यक्रम के विभिन्न चरणों की संभावित तिथियों की विस्तार से जानकारी दी गई।

# भाजपा के विधानसभा व मंडल प्रभारी नियुक्त

**सवाई माधोपुर।** भाजपा जिलाअध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कार्यक्रम प्रभारी, विधानसभा एवं मंडल प्रभारी नियुक्त किए। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित कर कार्यक्रम एवं अभियान का प्रभारी जगदीश अग्रवाल को, बूथ प्रबंधन का प्रभारी विनोद अटल को ,समन्वय प्रभारी हरिओम गर्ग को , साहित्य लेख एवं प्रचार का प्रभारी दीनदयाल अग्रवाल को,निर्वाचन एवं सदस्यता का प्रभारी बलवीर सिंह राजावत को, मन की बात का प्रभारी हेमंत शर्मा को नियुक्त किया।

- बूथ प्रबंधन का प्रभारी विनोद अटल को नियुक्त किया

विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति करते हुए खंडार विधानसभा के प्रभारी हरिओम गर्ग ,सवाई माधोपुर विधानसभा के प्रभारी विनोद अटल, बामनवास विधानसभा के प्रभारी बाबूलाल मीणा ,गंगापुर सिटी विधानसभा का प्रभारी जगदीश अठावाल को नियुक्त किया।

इसी प्रकार जिले के मंडल प्रभारियों में खंडार मंडल के हरफूल बैरवा ,छान मंडल के गंगा शंकर गौतम , कुस्तला मंडल के रामहरि जाट, चौथ का बरवाड़ा मंडल के दीनदयाल अठावाल, सवाई माधोपुर शहर मंडल के लालचंद गौतम, मलारना डूंगर मंडल के कमल मीणा ,सवाई माधोपुर ठाामीण मंडल के सुरेंद्र शर्मा, कुंडेरा मंडल के मीरा सैनी, सवाई माधोपुर बजरिया मंडल के मेघा वर्मा, बरनाला मंडल के हरिओम पटेल, मित्रपुरा मंडल के प्रेम देवी मीणा, तलवाड़ा मंडल के ज्योति दीक्षित, वजीरपुर मंडल के सरिता बंसल को मंडल का प्रभारी नियुक्त किया।




भाजपा जिलाअध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कार्यक्रम प्रभारी, विधानसभा एवं मंडल प्रभारी नियुक्त किए।



केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की जोड़ी ने टेस्ट बल्लेबाजी पर अपनी पकड़ बना ली है। जोड़ीदार के रूप में लगभग 500-600 रन बनाए हैं। - संजय मांजरेकर

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की तारीफ करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## बलजीत सिंह सेखों



भारतीय विश्वविद्यालय संघ ने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित कर दिया है और जर्मनी के राइन-रुहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों के लिए चुने गए खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में भाग लेने से चूकने केकुप्रबंधनकी जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया है। भारतीय बैडमिंटन टीम ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय विवाद पैदा हो गया जब ये बात सामने आई है कि 16 जुलाई को टीम मैनेजरों की बैठक के दौरान भारतीय अधिकारियों द्वारा सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने के कारण चुने गए।

**क्या आप जानते हैं ?...** इंग्लैडं में वनडे में क्रांति गौड़ सिर्फ दूसरी ऐसी भारतीय महिला तेज गेंदबाज बन गई हैं जो किसी मुकाबले में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने में कामयाब हुई हैं।

## खराब रोशनी के कारण पहले दिन का खेल समाप्त, जडेजा-शार्दुल क्रीज पर, भारत का स्कोर 264/4



मैनचेस्टर, 23 जुलाई। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला बुधवार से मैनचेस्टर में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर मेहमानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। शुरुआती दिन पहली पारी में भारत ने चार विकेट खोकर 264 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय रवींद्र जडेजा 19 और शार्दुल ठाकुर 19 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला बुधवार से मैनचेस्टर में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर मेहमानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। शुरुआती दिन पहली पारी में भारत ने चार विकेट खोकर 264 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय रवींद्र जडेजा 19 और शार्दुल ठाकुर 19 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने भारत को पहली पारी में अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले सत्र में इंग्लैंड के गेंदबाजों पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन दूसरे सत्र में इंग्लैंड ने वापसी की और भारत को पहला झटका दिया। क्रिस वोक्स ने केएल राहुल को जैक क्राउली के हाथों कैच कराया। वह 98 गेंदों में चार चौके की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आठ साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले लियाम डॉसन ने यशस्वी जायसवाल को हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। वह 107 गेंदों में 58 रन बनाकर आउट हुए। इस दौरान उन्होंने अपने टेस्ट करियर का 12वां पचासा 96 गेंदों में पूरा किया।

दूसरे सत्र में भारत ने तीन विकेट गंवाए। केएल और यशस्वी के अलावा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान शुभमन गिल भी आउट हो गए। उन्हें बेन स्टोक्स ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह सिर्फ 12 रन बना पाए। तीसरे सत्र में ऋषभ पंत और साई सुदर्शन ने मोर्चा संभाला। दोनों ने 72 रन जोड़े, लेकिन पंत चोटिल होकर मैदान से बाहर हो गए।

पहले दिन जायसवाल के अलावा साई सुदर्शन ने अर्धशतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का पहला पचासा है। उन्हें भी स्टोक्स ने ही अपना शिकार बनाया। वह ब्रायडन कार्स के हाथों कैच आउट हुए। सुदर्शन ने इस दौरान 151 गेंदों में सात चौकों की मदद से 61 रन बनाए। फिलहाल क्रीज पर रवींद्र जडेजा 37 गेंदों में 19 और शार्दुल ठाकुर 36 गेंदों में 19 रन बनाकर मौजूद हैं। खराब रोशनी के कारण पहले दिन का खेल जल्दी समाप्त हो गया।

### ऋषभ पंत चोट के कारण मैदान से बाहर, दर्द से कराहते नजर आए



मैनचेस्टर, 23 जुलाई। टेस्ट के शुरुआती दिन पंत गंभीर रूप से चोटिल हो गए। उनके दाहिने पैर में चोट लगी, जिसकी वजह से काफी सूजन है। पंत के पैर से खून भी निकलता दिखा। मैदान से बाहर जाने के लिए उन्हें एंबुलेंस का इस्तेमाल करना पड़ा। वह खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। भारतीय टीम को पहली पारी में तगड़ा झटका लगा है। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए। उनके पैर में चोट लगी, जिसके बाद वह दर्द से कराहते नजर आए। उल्लेखनीय है कि पंत को पिछले टेस्ट मैच में भी चोट लगी थी। उनकी अंगुली में चोट लगी थी, जिसके बाद उनकी जगह ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग करते देखा गया था।

## प्रथम अंडर-15 राजस्थान बॉयज क्लब फुटबॉल लीग, दूसरे दिन पांच मैच खेले गए

जयपुर, 23 जुलाई। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में विद्याधर स्थित फुटबॉल मैदान पर जारी अंडर - 15 राजस्थान बॉयज क्लब फुटबॉल



लीग 2025 में बुधवार को पांच लीग मैच खेले गए, संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि सुबह सात बजे पहला मैच जयपुर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और जयपुर फुट्सल के मध्य खेला गया, यह मुकाबला 1 - 1 की बराबरी पर रहा, जयपुर यूनाइटेड की तरफ से रूहान और जयपुर फुट्सल की तरफ से श्रेष्ठ ने गोल किया। दूसरा मुकाबला ब्रदर्स यूनाइटेड एफसी और राजस्थान यूनाइटेड एफसी के बीच खेला गया जिसमें ब्रदर्स यूनाइटेड एफसी ने 7 - 0 से जीत दर्ज की, ब्रदर्स की तरफ से सेजान, एलेक और प्रवीण ने 2 - 2 गोल और वीरेन ने 1 गोल किया। तीसरा जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी और राजस्थान फुटबॉल स्कूल के बीच खेला गया जिसमें राजस्थान फुटबॉल स्कूल ने 4 - 1 से जीत दर्ज की, विजेता टीम के लिए अभिषेक ने 2, युवराज एवं नील ने 1 - 1 गोल किया, जयपुर बॉयज की तरफ से एकमात्र गोल अरमान ने किया। चौथा मैच मेवाड़ एफसी और रॉयल फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया इस रोमांचक मुकाबले में मेवाड़ एफसी ने 3 - 1 से जीत दर्ज की, विजेता टीम की तरफ से जोरिंग ने 2 तथा हेंगूलाल ने 1 गोल किया। दिन अंतिम और पांचवां मुकाबला चैंपियन मेकर और रेड स्टोन सिटी एफसी के बीच खेला गया जिसमें रेड स्टोन सिटी एफसी ने 12 - 0 से जीत दर्ज की, विजेता टीम की तरफ से तुषार ने 4, नितिन ने 3, रमजान ने 2 तथा तन्मय, चमन और उदित ने 1 - 1 गोल किया।

## सिंधु और उन्नित हुड्डा प्री-क्वार्टर फाइनल में



चांगझोउ, 23 जुलाई,। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में रोमांचक जीत के साथ महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। विश्व नंबर 6 जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ, सिंधु (विश्व रैंकिंग 15) ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता का परिचय देते हुए तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की। दूसरा गेम हारने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की कर ली। सिंधु का प्री क्वार्टर फाइनल में 17 वर्षीय उन्नित हुड्डा से मुकाबला होगा जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी स्कॉटिश शटलर क्रिस्टी गिलमोर को केवल 36 मिनट में 21-11, 21-16 से हराया। पुरुष युगल में, विश्व की 12वें नंबर की जोड़ी, सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को सीधे गेमों में 21-13, 21-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस बीच, महिला युगल में, पांडा बहनों, रुतपर्णा और श्वेतपर्णा को हांगकांग-चीन की अनुभवी जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और उन्होंने अपना अभियान समाप्त किया।

## युगांडा रग्बी विश्वकप 2027 के लिए एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ की मेजबानी करेगा

कंपाला, 23 जुलाई। युगांडा रग्बी विश्व कप 2027 के लिए एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ मैच की मेजबानी करेगा। यह मुकाबला मंडेला नेशनल स्टेडियम में 26 जुलाई को नामीबिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच खेला जायेगा। अफ्रीकी क्वालीफायर में जिम्बाब्वे से हारने वाले नामीबिया के पास यूएई के खिलाफ इस निर्णायक मुकाबले में अपनी विश्वकप की उम्मीदों को जिंदा रखने का दूसरा मौका होगा। मेजबानी को लेकर रग्बी अफ्रीका के अध्यक्ष हर्बर्ट मेन्सा ने कहा, हमें खुशी है कि एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ भी युगांडा में होगा। युगांडा के लिए एक और बड़े मैच की मेजबानी करना एक शानदार अवसर है। हम इसे संभव बनाने के लिए सरकार और युगांडा रग्बी यूनियन के आभारी हैं। यूएई की टीम मंगलवार को युगांडा पहुंच गई है। नामीबिया पर जीत से यूएई नवंबर 2025 में होने वाले विश्व रग्बी रेपचेज टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर जायेगी और उसके पास ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2027 विश्वकप में जगह बनाने के लिए और मौका मिल जायेगा। रेपचेज चार टीमों का राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट होगा जिसमें एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ विजेता, यूरोप की पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम, दक्षिण अमेरिका की तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम और दक्षिण अमेरिका/प्रशांत प्ले-ऑफ की हारने वाली टीम शामिल होगी।

## अमन सिंह के अर्द्धशतक से जीती इंस्पायर क्रिकेट अकादमी

जयपुर, 23 जुलाई। सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे सोनी कप में बाउंड्री ब्रेकर्स क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 168/7 रन बनाए। जिसमें पुनीत मिश्रा ने 48 व अमन मीणा ने 45 रनों का योगदान दिया। इंस्पायर क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में सलीम व मोहम्मद सादीक को 2-2 विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंस्पायर क्रिकेट अकादमी ने 19.1 ओवर में 169/4 रन बना मैच अपने नाम कर लिया। जिसमें अमन सिंह शेखावत ने 74 रन व रजत सिंह ने 46 रनों (रिटायर्ड हर्ट) का योगदान दिया। बाउंड्री ब्रेकर्स क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में सचिन चौधरी व मिरान खान को 2-2 विकेट मिले। मैन ऑफ द मैच- अमन सिंह शेखावत रहा। दिन का दूसरा मैच सोनी क्रिकेट अकादमी व बाउंड्री ब्रेकर्स क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें सोनी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 111 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें मयंक कुमावत ने 47 रनों का योगदान दिया। बाउंड्री ब्रेकर्स क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में लखन गुर्जर ने 4 विकेट व अमन मीणा ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाउंड्री ब्रेकर्स क्रिकेट अकादमी ने 9.1 औवर में 112/3 रन बनाकर जीत दर्ज की। जिसमें पुनीत मिश्रा ने नाबाद 42 व कोसतुब बढ़ाना ने नाबाद 30 रनों का योगदान दिया। सोनी क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में आशीर्वाद यादव ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच- लखन गुर्जर रहा।



### लोकसभा में पेश हुआ खेल विधेयक

## पाक के खिलाफ मैच पर केंद्र सरकार लेगी आखिरी फैसला

नई दिल्ली, 23 जुलाई। बुधवार लोकसभा में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को पेश किया गया। इस विधेयक के अनुसार, केंद्र सरकार को असाधारण परिस्थितियों में भारतीय टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों की अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी पर उचित रोक लगाने का अधिकार होगा।

वहीं खेल विधेयक में राष्ट्रीय हित में निर्देश जारी करने और रोक लगाने की शक्ति संबंधी धारा भी शामिल की गई है जो भारतीय टीमों और खिलाड़ियों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी को स्पष्ट करता है। खिलाड़ियों की भागीदारी का मामलाअक्सरपाकिस्तान के संबंध में सामने आता है। विधेयक में है कि, केंद्र सरकार असाधारण परिस्थितियों में और राष्ट्रीय हित में, एक आदेश के द्वारा, संबंधित खेल की किसी राष्ट्रीय टीम की अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी या राष्ट्रीय खेलों की गतिविधियों में किसी व्यक्ति की भागीदारी पर उचत रोक लग सकती है। ये विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित होने और उसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ही अधिनियम बनेगा। किसी भारतीय टीम को किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति देने का प्रश्न अधिकतर तब उठता है जब उसमें पाकिस्तान शामिल हो

कई प्रतियोगिताओं में भाग लेने को लेकर सरकार की नीति पिछले कुछ सालों से बेहद स्पष्ट रही है। अगर कोई ऐसी प्रतियोगिता हो जिसमें कई देश भाग ले रहे हों तो उसमें भागीदारी पर कोई रोक नहीं है लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय आयोजनों का तो सवाल ही नहीं उठता।

## अब बीसीसीआई को कंट्रोल करेगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली, 23 जुलाई। बीसीसीआई भी अब राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का हिस्सा होगा। बीसीसीआई बेशक सरकार से वित्तीय मदद पर निर्भर नहीं है लेकिन उसे प्रस्तावित नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड से मान्यता लेनी होगी। बीसीसीआई भी अब राष्ट्रीय खेल विधेयक के दायरे में आएगा। 2028लॉस एंजिल्स ओलंपिक में टीम इंडिया के शामिल होने के बाद इसकी उम्मीद की जा रही थी। भारत में खेल इकोसिस्टम को बेहतर बनाने के लिए मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर एंड स्पोर्ट्स ने खेल विधेयक का मसौदा पेश किया। इसके लागू होने के साथ नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के रूप में बीसीसीआई के इसके दायरे में आने की उम्मीद है। बीसीसीआई अन्य सभी की तरह एक स्वायत्त निकाय रहेगा, लेकिन उनसे जुड़े विवादों का हल प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल पंचाट करेगा। इस विधेयक का मतलब किसी भी एनएसएफ पर सरकार का नियंत्रण नहीं है, बल्कि सरकार सुशासन सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएंगी। 2019 तक, बीसीसीआई को नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के रूप में मान्यता नहीं थी। ये 2020 में सूचना का अधिकारी अधिनियम के दायरे में आया। नए खेल विधेयक में बीसीसीआई को शामिल कनरे के बाद क्रिकेट बोर्ड खेल मंत्रालय के सभी नियमों और निर्देशों के दायरे में आ जाएगा। ये देखना होगा कि क्या आयु सीमा, हितों के टकराव संबंधी धाराओं सहित लोढ़ा समिति की सिफारिशें आगे भी लागू रहेंगी या नहीं।

## पाक को एफआईएच हॉकी का औपचारिक निमंत्रण मिला

लुसाने (स्विट्जरलैंड), 23 जुलाई। हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा पिछले महीने एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बावजूद अगले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पुरुष सत्र में भाग न लेने के अपने निर्णय की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को सूचना देने के बाद, एफआईएच ने नियमों के अनुसार, नेशंस कप उपविजेता, यानी पाकिस्तान को 2025-26 प्रो लीग संस्करण में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। पाकिस्तान हॉकी संघ को निमंत्रण स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय के बारे में एफआईएच को सूचित करने के लिए 12 अगस्त तक की समय सीमा दी गई है। 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में डच महिला और पुरुष दोनों टीमों को चैंपियन घोषित किया गया।


**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

**वर्ष 2026 हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की तिथियां**

वर्ष 2026 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले समस्त नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन-पत्र भरने एवं शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथियाँ निम्नानुसार हैं :-

| परीक्षा शुल्क | आवेदन पत्र भरने की आरम्भ तिथि | आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | बैंक में शुल्क जमा कराने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि | आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य परीक्षा शुल्क से | 24.07.2025 | 23.08.2025 | 30.08.2025 | 06.09.2025 |
| एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित | 25.08.2025 | 10.09.2025 | 15.09.2025 | 18.09.2025 |
| असाधारण परीक्षा शुल्क (केवल स्वयंपाठी हेतु) जिला मुख्यालयों पर | 11.09.2025 | 25.09.2025 | 04.10.2025 | सीधे बोर्ड कार्यालय में |

परीक्षा शुल्क नियमित परीक्षार्थियों के लिये 600/- तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये 650/- निर्धारित है। प्रायोगिक परीक्षा शुल्क रू. 100/- प्रति विषय पृथक से देय होगा एवं विशेष आवश्यकता वाले छात्र (CWSN) दृष्टिबाधित परीक्षार्थी/दिव्यांग परीक्षार्थी तथा युद्ध में वीरगति को प्राप्त अथवा अपाहिज सैनिकों के पुत्र/पुत्रियों/पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों को परीक्षा शुल्क से मुक्त रखा गया है किन्तु इन्हे टोकन शुल्क रूपये 50/- जमा कराना होगा तथा जिन विद्यालयों के उच्च माध्यमिक स्तर की सम्बद्वता संबंधी कार्यवाही लम्बित है वह विद्यालय अविलम्ब पूर्ण कर लेवे, अन्यथा उनके आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जावेगें। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु आवश्यक निर्देश बोर्ड की वेबसाईट https://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर देखे। अन्य जानकारी हेतु बोर्ड कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0145-2632866, 2632867, 2632868 पर अथवा ए.सी.पी. के दूरभाष नम्बर 0145-2627454 पर सम्पर्क करें। Email ID ddexamfirst@gmail.com

सचिव


## जयपुर की बेटी मान्या का अद्वितीय प्रयास

जयपुर, 23 जुलाई। रॉयल इक्वेस्ट्रियन क्लब, जयपुर की युवा घुड़सवार मान्या शक्तावत (16 वर्ष) अश्वारोहण खेल के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने जा रही हैं। 22 जुलाई की सुबह 4:20 बजे से शुरू हुई उनकी सवारी अब 45 घंटे तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। मान्या का लक्ष्य 40 घंटे के अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड को पार करना है। यह केवल व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि भारत के लिए गर्व का विषय है। लगातार घोड़े की पीठ पर घंटों बिताना न केवल शारीरिक सहनशक्ति, बल्कि मानसिक दृढ़ता का भी परीक्षण है। मान्या ने अब तक की सवारी में न केवल लंबी दूरी तय की है, बल्कि घोड़े के प्रति संवेदनशीलता, अनुशासन और खेल भावना का भी शानदार उदाहरण पेश किया है। प्रोग्राम कॉर्डिनेटर दुष्यन्त सिंह मेड़तिया की देख-रेख में यह पूरा अभियान सभी नियमानुसार और प्रमाणिक तरीके से संचालित हो रहा है।

## हरमनप्रीत का शतक, भारतीय महिला टीम ने जीती वनडे सीरीज

चेस्टर-ली-स्ट्रीट, 23 जुलाई। कप्तान हरमनप्रीत कौर (102) की शानदार शतकीय पारी के बाद क्रांति गौड़ (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में मंगलवार को इंग्लैंड को 13 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली है।

319 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की महिला टीम शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये। टैमी बोमॉन्ट (दो) एमी जोंस (चार) को क्रांति गौड ने आउट किया। इसके बाद एमा लैंब और नेट शिवर ब्रंट ने इंग्लैंड की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 162 रनों की साझेदारी हुई। जब तक ये दोनों खिलाड़ी बल्लेबाजी कर रही थी तो ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड आसानी से यह मुकाबला जीत लेगा, लेकिन 31वें ओवर में श्रीचरणी ने एमा लैंब 81 गेंदों में (68) को बोल्ड कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद 35वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने शतक की ओर बढ़ रही नेट शिवर ब्रंट 105 गेंदों में (98) को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने मोर्चा संभाला, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें पिच पर अधिक देर टिकने नहीं दिया। पांचवें विकेट के रूप में सोफिया डंकली (34) रन आउट हुई। ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स (44) को गौड़ ने राधा यादव के हाथों कैच आउट कराया। शार्लेट डीन (21), लॉरेन फाइलर (शून्य) और लॉरेन बेल (सात) को भी गौड़ ने आउट किया। भारत ने 49.5 ओवर में इंग्लैंड को 305 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 13 रनों से अपने नाम कर लिया। 84 गेंदों मे 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को 'प्लेयर ऑफ मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।

## अंडर-19 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन ट्रॉयल 26 को

जयपुर, 23 जुलाई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर की अंडर -19 चैलेंजर ट्रॉफी आयोजित करने के लिए चयन ट्रायल 26 जुलाई को प्रात: 9 बजे आयोजित की जाएगी। चयन ट्रायल में केवल जयपुर के ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 सितंबर 2006 या इसके बाद हुआ है। जो खिलाड़ी ट्रायल देना चाहते है उनको अपना रजिस्ट्रेशन के एल सैनी स्टेडियम पर 24 व 25 जुलाई को प्रात: 9 बजे से 5 बजे तक कराना होगा। खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन के लिये निम्नलिखित दस्तावेज लाने होंगे। कंप्यूटर से बना हुआ जन्म प्रमाण पत्र, स्वयं का व माता - पिता का आधार कार्ड की कॉपी, मूल निवास प्रमाण पत्र, पिछले 3 वर्ष की मार्कशीट।


RIICO

GROW WITH RAJASTHAN

RISING RAJASTHAN PARTNERSHIP CONCLAVE 11 & 12 DEC 2025 JAIPUR

IDEAS & IMPACT

**प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025**

राइज़िंग राजस्थान में MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर

**औद्योगिक भूखण्डों का डायरेक्ट अलॉटमेंट**

**चतुर्थ चरण**

ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक **25.07.2025** (प्रात: 10 बजे) से **07.08.2025** (सायं 6 बजे तक) आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डों का आवंटन आरक्षित मूल्य पर | ई-लॉटरी | 12 अगस्त, 2025

101 औद्योगिक क्षेत्र | 7,123 कुल औद्योगिक भूखण्ड | 6,313 अनारक्षित भूखण्ड | 42 लॉजिस्टिक भूखण्ड

**विभिन्न श्रेणियों / वर्गों के लिए आरक्षित भूखंड**

248 अनुसूचित जाति/जनजाति | 218 महिला वर्ग | 154 भूतपूर्व सैनिक | 126 बेंचमार्क दिव्यांगता | 64 सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक के आश्रित

**आवंटन की प्रक्रिया**

एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन

आवेदन हेतु स्कैन करें

**EMD** - भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाइन जमा।

**पात्रता** - निवेशक जिन्होंने **09/07/2025** तक राइजिंग राजस्थान में राज्य सरकार के साथ एमओयू किये हैं वे सभी इस योजना में भूखण्ड के लिए पात्र हैं।

**भूखण्ड की राशि का भुगतान**

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

या

RIICO की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

औद्योगिक क्षेत्रों में नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डों के आवंटन से संबंधित पॉलिसी riico.rajasthan.gov.in पर देखें।

इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिए https://riico.rajasthan.gov.in पर दिए गए **Direct Land Allotment** लिंक पर क्लिक करें अथवा **SSO Portal पर login के बाद RIICO** के आइकन पर क्लिक करके **Land Allotment** पर जाएं और **Direct Land Allotment Policy - 2025 (for RR MoU Holders)** पर क्लिक करें।


*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

**राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005**


हैल्पलाइन नंबर : 0141 4593250, 4593237 | वाट्सएप : +91 90013 06515 | ई-मेल : riico@riico.co.in

riico.rajasthan.gov.in · riicogis.rajasthan.gov.in/riicogiscitizen



राज.संवाद/सी/25/6783


## जूनियर राष्ट्रीय तैराकी 3 से अहमदाबाद में, राजस्थान का 17 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा



जयपुर, 23 जुलाई। अहमदाबाद के नारायणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 3 से 8 अगस्त तक आयोजित होने वाली 51वीं जूनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में राजस्थान का 17 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने बुधवार को यहां राजस्थान टीम की घोषणा की। टीम में बॉयज ग्रुप-1 में चार और ग्रुप-2 में 3 खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि गर्ल्स ग्रुप-1 में 6 और ग्रुप-2 में 4 खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगी। राजस्थान के खिलाड़ी कुल 20 स्पर्धाओं में पदक के लिए मुकाबला करेंगे। व्यास ने बताया कि भुवनेश्वर में हुई पिछली जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान के तैराकों ने एक स्वर्ण, चार रजत और पांच कास्य सहित कुल 10 पदक जीते थे। उन्होंने कहा कि पिछले साल के पदक विजेता सिरजन सिंह और दक्षिणा जोशी इस बार भी राजस्थान टीम में शामिल हैं। दक्षिणा ने एक स्वर्ण तथा सिरजन सिंह ने एक रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए थे। व्यास ने उम्मीद जताई कि राजस्थान के तैराक इस बार पूर्व की अपेक्षा अधिक पदक जीतकर लाएंगे।

**राजस्थान टीम : बॉयज ग्रुप-1 :** कृष्णादित्य सिंह (50 मी. बैकस्ट्रोक, 50 मी. बटरफ्लाई), साहिल गुप्ता (200 मी. बैकस्ट्रोक, 400 मी. आईएम, 200 मी. बटरफ्लाई), सिरजन देओल (50 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक, 200 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक), सौम्या खमेसरा (100 मी. फ्रीस्टाइल, 400 मी. फ्रीस्टाइल)। **गर्ल्स ग्रुप-1 :** हरिका अलग (100 मी. फ्रीस्टाइल), प्रणिति चौधरी (200, 400 व 800 मी. फ्रीस्टाइल, 200 व 400 मी. आईएम), दक्षिणा जोशी (100 व 300 मी. बटरफ्लाई, 200 मी. बैकस्ट्रोक), रतिका खाटा (50 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक, 50 मी. फ्रीस्टाइल), एनिका अग्रवाल (1500 मी. फ्रीस्टाइल), विधि सनाढ्य (200 मी. ब्रेस्ट्रस्ट्रोक)। **बॉयज ग्रुप-2 :** उज्जवल आचार्य (50 मी. बैकस्ट्रोक), रवि सेन (50 मी. बटरफ्लाई), आर्यवर्धन इंदा (400 मी. फ्रीस्टाइल)। **गर्ल्स ग्रुप-2 :** आद्या शर्मा (50 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक), कृष्णा (100 मी. फ्रीस्टाइल), मिष्ठी शर्मा (400 मी. फ्रीस्टाइल), सेरेना अग्रवाल (50 मी. बैकस्ट्रोक)।

## तेजस्वी गुट के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी

जयपुर, 23 जुलाई। राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ (अनिल व्यास) के महासचिव रामावतार सिंह जाखड़ ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि तथाकथित राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ के द्वारा जारी समाचार पूरी तरह से ग़लत एवं निराधार है। उन्होंने कहा कि तैराकी, जूडो, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, ट्रायथलॉन, स्क्वैश, फेंसिंग, रोइंग, ताईकवांडो, राइफल शूटिंग, कुश्ती, नेटबॉल, वेटलिफ्टिंग (अध्यक्ष) एवं बिलियर्ड एवं स्नूकर सहित सभी खेल संघ राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ के सदस्य है। इन सभी खेल संघों की फीस जमा है तथा सभी मानदंड पूरे करते है। राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ का मुक़दमा दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए किसी भी राज्य खेल संघ के ख़िलाफ़ की गई कार्यवाही पूर्ण रूप से ग़लत है। राजस्थान स्पोर्ट्स एक्ट 2005 के तहत रजिस्टर्ड खेल संघों को निलंबित या भंग करने का अधिकार किसी के पास नहीं है। राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने भी कहा कि जब तक दिल्ली उच्च न्यायालय विवाद का निस्तारण नहीं कर देता है तब तक राज्य ओलंपिक संघ में विवाद की स्थिति बनी रहेगी।

# 325 करोड़ रूपए की लागत से निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ फोर लेन सड़क बनेगी

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने निम्बाहेडा में 475 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण किया

■ मुख्यमंत्री ने मंडी परिसर में अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण व पौधारोपण किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चैक, स्वामित्व कार्ड, ट्राइसाइकिल एवं स्कूटी वितरित कीं।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा की कृषि उपज मंडी परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।*

चित्तौड़गढ़/जयपुर, 23 जुलाई। बुधवार को चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा के कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मेवाड़ शक्ति और भक्ति की भूमि है। यह वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, भक्त शिरोमणि मीरा बाई, स्वामीभक्त पन्नाधाय और भामाशाह जैसे दानवीरों की भूमि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए केन्द्र सरकार इस साल लगभग 10 हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। यह राशि 2014 से पहले की तुलना में15 गुना अधिक है।

शर्मा ने कहा कि हमने बजट में निंबाहेड़ा के समग्र विकास के लिए 519 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और इन घोषणाओं को तेजी से धरातल पर भी उतार रहे हैं। उन्होंने कहा कि 325 करोड़ रुपये की लागत से निंबाहेड़ा से मंगलवाड़ फोर लेन सड़क बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि निंबाहेड़ा में 25 करोड़ रुपये की लागत से सिगरी हनुमानजी पर कॉज़वे के स्थान पर पुल निर्माण, 20 करोड़ रुपये से निंबाहेड़ा में निंबोदा लघु सिंचाई परियोजना, छोटी सादड़ी सीएचसी का उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन सहित, विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने मंडी परिसर में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण तथा पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने परिसर में ही लगाई गई प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों एवं संस्थानों की स्टॉल्स का अवलोकन किया, साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चैक, स्वामित्व कार्ड, ट्राईसाइकिल एवं स्कूटी का वितरण किया।

समारोह में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, सांसद सीपी जोशी, विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित, अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## मंगलवार देर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अमेरिकी वित्तीय संरचना को खतरा उत्पन्न हो गया था। बॉन्ड बाज़ार के संकट ने अमेरिकी राष्ट्रपति को टैरिफ 90 दिनों तक टालने पर मजबूर किया।

उसी समय, अमेरिकी ट्रेज़री सचिव, स्कॉट बेसेंट, ने हस्तक्षेप कर अमेरिकी राष्ट्रपति को बाज़ार को शांत करने के लिए मनाया। उल्लेखनीय है कि जापान के पास 1.1 ट्रिलियन डॉलर अमेरिकी ट्रेज़री बॉन्ड हैं। यदि इनमें से किसी हिस्से की बिक्री की जाती तो यह पूरे वित्तीय बाज़ार को हिला सकती थी और एक बड़ा संकट उत्पन्न कर सकती थी।

यदि दो अर्थव्यवस्थाएं वास्तव में जुड़ी हुई हैं, तो वे अमेरिका और जापान की हैं, भले ही इस पर ज्यादा न कहा गया हो। जापान का अमेरिका को निर्यात 148 बिलियन डॉलर तक पहुंचता है और जापान अमेरिका के साथ बड़े व्यापार अधिशेष (सरप्लस) में है।

अब, जब जापान के साथ व्यापार समझौता हो गया है, भारत पर भी अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने का दबाव बढ़ेगा। अमेरिका और भारत वर्तमान वार्ताओं के दौर में व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत अमेरिका के अनुरोध पर हुई थी। हालांकि वार्ताएं आगे बढ़ी हैं, पर समझौता अभी अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है।

# मोदी 4 दिन की विदेश यात्रा पर रवाना

## चार दिन के इस प्रवास में प्रधानमंत्री मोदी ब्रिटेन एवं मालदीव जाएंगे

■ मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ बैठक करेंगे और किंग चार्ल्स से भी मिल सकते हैं।

नयी दिल्ली, 23 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को राजधानी से लंदन के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान वे दोनों देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

मोदी ने रवाना होने से पहले जारी बयान में कहा, भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी है, जिसमें हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

हम व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा, शिक्षा, अनुसंधान, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य जैसे व्यापक क्षेत्रों में एक दूसरे के साथ सहयोग करते हैं। इसमें दोनों देशों की जनता के बीच संपर्क का विस्तार भी शामिल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ब्रिटेन की यात्रा में प्रधानमंत्री केर स्टार्मर के साथ बैठक करेंगे, जिससे हमारी द्विपक्षीय आर्थिक भागीदारी को और विस्तार देने का मौका मिलेगा तथा दोनों देशों में समृद्धि और आर्थिक वृद्धि के अवसर बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रवास में महामहिम सम्राट चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात की भी प्रतीक्षा है।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को मालदीव पहुंचेंगे। उनकी माले यात्रा राष्ट्रपति डॉ मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान मोदी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस में भाग लेंगे। यह वर्ष भारत और मालदीव के बीच राजनैतिक संबंधों के 60 साल पूरे होने का भी अवसर है।

प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे राष्ट्रपति मुइज्जू और मालदीव के अन्य नेताओं के साथ मुलाकात की प्रतीक्षा है, ताकि हम अपनी व्यापक आर्थिक और सामुद्रिक सुरक्षा भागीदारी को आगे बढ़ा सकें और भारतीय हिन्द महासागर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए आपसी सहयोग बढ़ा सकें।

## अहमदाबाद में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

11 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ करना था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन में एटीसी के क्लिरेंस मिलने के बाद रवने पर रोल करना शुरू ही किया था। इस रोलिंग के बाद प्लेन टेकऑफ कर जाता है। लेकिन तभी फ्लाइट के इंजन में आग लग गई और पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मेडे की कॉल दी।

एयरलाइन ने ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया है और उन्हें रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराकर दूसरी फ्लाइट से रवाना करने या फुल रिफंड की पेशकश की है। इसके पहले सोमवार को गोवा से इंदौर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में भी लैंडिंग से पहले तकनीकी दिक्कत आई थी। हालांकि विमान सुरक्षित रूप से लैंड कर गया था।

## ऑपरेशन सिंदूर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे शुरू हुई। विपक्ष के सांसदों ने फिर हंगामा किया।

इसके बाद कार्यवाही को गुरुवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# मोदी जी पर कई क्षेत्रों से कई तरह के दबाव...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है, कई वर्षों से खाली है।

सरकार चर्चा और बहस के ज़रिए सहमति बनाने में विश्वास नहीं रखती। पिछली बार भी कांग्रेस ने वरिष्ठ पार्टी नेता मार्ग्रेट अल्वा को धनखड़ के खिलाफ उम्मीदवार बनाया था, लेकिन तब भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत था।

इस बार कांग्रेस 'इंडिया' गठबंधन के सभी दलों से सलाह-मशविरा करके एक उपयुक्त उम्मीदवार तलाशेगी।

संविधान के अनुसार, राज्यसभा का उपसभापति, उप-राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में अध्यक्ष के रूप में कार्य कर सकता है, इसलिए ऊपरी सदन (राज्यसभा) में कोई संकट नहीं होगा, हालांकि यह कहा गया है कि उप-राष्ट्रपति का चुनाव, पद रिक्त होने की स्थिति में, "जितनी जल्दी हो सके" कराया जाना चाहिए।

■ **उपराष्ट्रपति का चुनाव टलने की चर्चा इसलिए भी होती है, कि चुनाव अगर टल भी जाते हैं और उपराष्ट्रपति का पद खाली भी रहे कुछ समय के लिए तो कोई संवैधानिक संकट उत्पन्न नहीं होता। क्योंकि, राष्ट्रपति अगर किसी आपदा/विपदा में फंस जाते हैं तब उपराष्ट्रपति की जरूरत होती है, राष्ट्रपति की "ड्यूटी" निभाने के लिए। अगर, उपराष्ट्रपति का पद खाली है तो कार्य भार सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश वहन कर सकते हैं और वो भी नहीं हैं तो सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम जज यह भूमिका निभा सकते हैं।**

लेकिन यह "जितनी जल्दी हो सके" शायद उतना जल्दी न हो पाए, क्योंकि सरकार पर कई तरफ़ से दबाव है, खासकर आरएसएस की तरफ से, जो आज मोदी के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है, और दोनों के बीच सीधी टक्कर दिख रही है।

वैसे देखा जाए तो राज्यसभा के सभापति के रूप में कार्य करने के अलावा, उप-राष्ट्रपति की कोई खास भूमिका नहीं होती।

अगर भारत के राष्ट्रपति का निधन हो जाए या वे इस्तीफा दे दें, तो उप-राष्ट्रपति कार्यकारी राष्ट्रपति बनते हैं।

अगर उस समय उप-राष्ट्रपति का पद भी खाली हो, तो भारत के मुख्य न्यायाधीश कार्यकारी राष्ट्रपति बनते हैं।

अगर वे भी उपलब्ध न हों, तो सुप्रीम कोर्ट के सबसे वरिष्ठ जज को यह जिम्मेदारी दी जाती है।

इसलिए आदेश की श्रृंखला (चेन ऑफ कमांड) पूरी तरह स्पष्ट है और अगर उप-राष्ट्रपति का चुनाव कुछ समय टल जाए तथा "जितना जल्दी हो सके," उतना जल्दी चुनाव नहीं हो सके, तो भी कोई संवैधानिक संकट नहीं होगा।

मोदी के लिए यह एक कठिन निर्णय होगा, और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जगदीप धनखड़ के जाने के बाद, नये उपराष्ट्रपति का चुनाव नरेन्द्र मोदी के लिये आसान काम नहीं होगा।

## सुप्रीम कोर्ट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी।

सुनवाई के दौरान पुनर्परीक्षा की गुहार पर पीठ ने कहा, हम उस पर विचार करेंगे लेकिन काउंसलिंग पर रोक नहीं लग सकती।

हज़ारों लोग प्रभावित हो जाएंगे। हम इस पर शुक्रवार को विचार करेंगे, हम देखेंगे कि आपके लिए सबसे अच्छा क्या किया जा सकता है। हम सभी मामलों को शुक्रवार को सूचीबद्ध करेंगे।

## मोदी ने मानसून सत्र ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

विश्लेषक ने इस बात की पुष्टि करते हुये कहा, "सत्यपाल मलिक की तरह धनखड़ के पास जनाधार नहीं है। उन्हें जमीन से जुड़ा प्रभावशाली जाट नेता नहीं माना जाता, उनकी भूमिका मुख्यत: संस्थागत और प्रतीकात्मक रही है।" मानसून सत्र के दौरान यह निर्णय लेकर सरकार ने एक ओर संसद की कार्यवाही में न्यूनतम विघ्न सुनिश्चित किया, तो दूसरी ओर पार्टी के भीतर यह स्पष्ट संदेश भी दिया कि नेतृत्व के समक्ष पूर्ण समर्पण अनिवार्य है। साथ ही यह रणनीतिक भी था क्योंकि यदि कोई विरोध होता, तो वह संसद में चल रहे विपक्षी हंगामे के बीच दब जाता और मीडिया में अधिक स्थान नहीं पाता।

हालाँकि सरकार ने धनखड़ के इस्तीफे पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन यह कदम मोदी सरकार की उस रणनीति को दर्शाता है, जिसमें समय और सूझबूझ को खुली टकराव की राजनीति पर प्राथमिकता दी जाती है। यह घटनाक्रम इस सच्चाई को भी उजागर करता है कि आज की भारतीय राजनीति में संस्थागत भूमिकाएँ भी राजनीतिक वफादारी के बदलते समीकरणों पर निर्भर हैं।

## लंदन के दो ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है, तो उन्हें अंतिम संस्कार की योजना रद्द करनी पड़ी। एअर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मामला सामने आने के बाद हम ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908